RNI No. UPHIN/2021/82019

दैनिक
# सिद्धि सरकार

वर्ष - 03 | अंक - 246 | www.siddhisarkar.com | ललितपुर, रविवार, 28 अप्रैल 2024 | पृष्ठ : 12, मूल्य : 3/- रूपये

## नैनीताल में आग से अब तक लाखों की वन संपदा जलकर खाक

**सेना बुलाई गई, एयरफोर्स के एमआई-17 हेलिकॉप्टर से पानी का छिड़काव, नैनीताल हाईकोर्ट कॉलोनी तक लपटें पहुंचीं**



**देहरादून।** उत्तराखंड के नैनीताल के जंगलों में लगी आग बेकाबू हो गई है। चार दिन से लगी आग की लपटें नैनीताल में हाईकोर्ट कॉलोनी तक पहुंच गई हैं। वन विभाग के कर्मचारियों, फायर ब्रिगेड, पुलिस के साथ-साथ सेना के जवान भी आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं।

उत्तराखंड के जंगलों में फैली आग का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। नैनीताल के पास भवाली दुगई स्टेट से सटे जंगल से बर्मा टोप के जंगलों तक पहुंच गई है। इसके अलावा आग की लपटें नैनीताल में हाईकोर्ट कॉलोनी के पास भी पहुंच गई हैं। नैनीताल में लड़ियाकांटा इलाके के जंगल में भी आग फैली हुई है। तेज हवाओं के कारण आग पर काबू पाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। यहां फैल रही आग पर काबू पाने के लिए सेना की मदद ली।

### कुमाऊं के जंगल में 26 जगह लगी आग

कुमाऊं में जंगल धधक रहे है। आग की घटनाएं लगातार जारी हैं। बीते 24 घंटे में एक-दो नहीं बल्कि कुमाऊं के जंगलों में 26 जगहों पर आग लगी है। प्रदेश के 31 जगहों पर आग लगने की घटना हुई है, इसमें सर्वाधिक आग लगने की घटना कुमाऊं में 26 स्थानों पर हुई। गढ़वाल मंडल में कोई भी घटना नहीं हुआ है, जबकि वन्यजीव क्षेत्र में पांच स्थानों पर आग लगने की घटनाएं हुईं। इन घटनाओं में करीब 34 हेक्टेयर क्षेत्रफल में वनसंपदा को नुकसान पहुंचा है।

### चमोली के जंगलों में फिर भड़की आग

चमोली जिले के जंगलों में आग फिर धधक गई है। शुक्रवार को जिले के अलग-अलग पांच जगह पर वनाग्नि की घटनाएं सामने आई हैं। जिससे बड़ी मात्रा में वन संपदा नष्ट हो गई है। शुक्रवार को गोपेश्वर के पास कोठियालसैंण और ग्वीलों के जंगल में आग भड़क गई। चीड़ के जंगल में आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया। वहीं सुबह इंजीनियरिंग कॉलेज के नीचे के जंगल में भी आग लग गई। आग आईटीबीपी कैंपस में घोड़े के अस्तबल के पास तक पहुंच गई।

### नैनीताल के जंगलों में आग

सूचना पर फायर सर्विस गोपेश्वर की टीम ने मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग को बुझा दिया। वहीं दोपहर को देवखाल के जंगल में भी आग भड़क गई। देखते ही देखते आग जंगल के बड़े क्षेत्र में फैल गई है।

### भवाली में चारों ओर आग

वहीं पोखरी विकासखंड के विशाल ग्राम पंचायत की सिविल भूमि में चीड़ के जंगल में आग लग गई। वन सरपंच महिपाल सिंह ने वनाग्नि की सूचना केदारनाथ वन प्रभाग को दी। प्रभाग की नागनाथ रेंज के वन दरोगा आनंद सिंह रावत फायर वाचरों के साथ मौके पर पहुंचे, काफी मशक्कत के बाद वन कर्मियों ने आग को काबू कर लिया है।

### जंगल लगातार धधक रहे हैं।

दरअसल, इस साल बारिश और बर्फबारी न होने गर्मी अधिक होने लगी है। बढ़ते तापमान के बीच नैनीताल व आसपास के जंगलों में भीषण आग लगी हुई है। खड़ी पहाड़ियों में आग लगने के चलते वह विभाग व दमकल विभाग की टीम भी कई स्थानों पर आग पर काबू नहीं पा सकी है। जिसके चलते जंगल जलकर राख हो चुके हैं।

## एक अंकल जी दरबार लगाकर ज्ञान दे रहे हैं: प्रियंका

**कांग्रेस आएगी... मंगलसूत्र चुराएगी...किसी और को दे देगी, प्रधानमंत्री बकवास बातें करते हैं**



**वालसाड।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि उन्होंने कई प्रधानमंत्री देखे लेकिन वे लोगों के सामने झूठ नहीं बोलते थे। उन्होंने दावा किया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का शीर्ष नेतृत्व भले ही अभी इस बात से इनकार करने का दिखावा कर रहा हो, लेकिन अगर पार्टी सत्ता में वापस आई तो वह संविधान बदल देगी और लोगों को उनके अधिकारों से वंचित कर देगी। इस दौरान उन्होंने अपने पिता व दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का भी जिक्र किया।

शनिवार को पीएम मोदी के गृह राज्य गुजरात के वलसाड के धरमपुर गांव में एक रैली को संबोधित करते हुए, प्रियंका गांधी ने कहा कि वे अपने पिता को टुकड़ों में लाईं थीं। उन्होंने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, ÷मैंने कई प्रधानमंत्री देखे हैं। मैं ये नहीं कह रही हूं कि वे सिर्फ मेरे परिवार के सदस्य थे। हां, इंदिरा जी थीं, मर गईं देश के लिए। शहीद हो गईं देश के लिए। हां राजीव जी थे, टुकड़ों में घर लाई मैं उनको। शहीद हो गए इस देश के लिए। मनमोहन सिंह जी भी थे जो क्रांति लाए इस देश में... कांग्रेस पार्टी को न देखें तो (अटल बिहारी) वाजपेयी जी भी थे जो सभ्य इंसान थे कम से कम। मैं दावे के साथ कह सकती हूं कि ये देश का पहला प्रधानमंत्री होगा जो आपके सामने इस तरह से झूठ बोलता है। 21 मई, 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की एक चुनावी रैली के दौरान हत्या कर दी गई थी। आत्मघाती हमलावर ने खुद को भीड़ में उड़ा लिया था। इस हमले में 14 अन्य लोग भी मारे गए थे। लिट्टन उग्रवादी संगठन लिट्टन टाइगर्स ने इस हत्याकांड की जिम्मेदारी ली थी। उनका दावा था कि राजीव गांधी ने 1987 में श्रीलंका में तमिल विद्रोहियों के खिलाफ भारतीय सेना द्वारा किए गए सैन्य अभियान का समर्थन किया था।

प्रियंका ने आदिवासी बहुल वलसाड जिले के धरमपुर गांव में एसटी (अनुसूचित जनजाति)-सुरक्षित वलसाड लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अनंत पटेल के समर्थन में आयोजित एक रैली में कहा, ''भाजपा नेता और उम्मीदवार कह रहे हैं कि वे संविधान बदल देंगे लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इससे इनकार कर रहे हैं।

# इंडिया गठबंधन 5 साल में पांच पीएम बनाएगा: मोदी

**इनका एक ही एजेंडा- सरकार बनाओ, नोट कमाओ, इनकी सोच में तुष्टिकरण**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक बार फिर कहा- कांग्रेस की सरकार आई तो वो महिलाओं के सोने-चांदी की जांच करवाएगी और इसे अल्पसंख्यकों में बांट देगी। पीएम ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आई तो ये सीएए को खत्म कर देंगे। कश्मीर में धारा 370 को वापस लाएंगे। ये वो लोग हैं जिन्होंने अयोध्या में राम मंदिर बनने का विरोध किया। इतना ही नहीं तमिलनाडु में इनकी करीबी पार्टी डीएमके के नेता डेंगू और मलेरिया से तुलना कर सनातन धर्म को बदनाम कर रही है। महाराष्ट्र में इन्हें सम्मान के साथ बुलाया जाता है।

अब ये फॉर्मूला निकालने में लगे हैं कि एक साल एक पीएम। यानी, पांच साल में पांच प्रधानमंत्री। ये देश कभी सहन करने वाला नहीं है। इनका एक ही एजेंडा है- सरकार बनाओ, नोट कमाओ।

### बीजेपी और एनडीए 2.0 से आगे चल रहे हैं

पीएम बोले- कोल्हापुर, महाराष्ट्र का फुटबॉल हब है। फुटबॉल यहां के युवाओं में बहुत पॉपुलर है। इसलिए मैं फुटबॉल की भाषा में कहूं तो कल दूसरे चरण का मतदान पूरा होने के बाद



बीजेपी और एनडीए 2.0 से आगे चल रहे हैं। कांग्रेस और इंडी अलायंस ने देश विरोधी और नफरत की राजनीति के दो सेल्फ गोल कर लिए हैं इसलिए ये पक्का हो गया है कि फिर एक बार मोदी सरकार।

### कांग्रेस धारा 370 बहाल करना चाहती है

*प्रधानमंत्री ने कहा- जब कांग्रेस और उसके दोस्तों को एहसास हुआ कि वे एनडीए के विकास के ट्रैक रिकॉर्ड का मुकाबला नहीं कर सकते, तो उन्होंने अपनी रणनीति बदल दी। वे राष्ट्रविरोधी एजेंडे और तुष्टीकरण का इस्तेमाल कर रहे हैं। अब, कांग्रेस का एजेंडा है कि वे कश्मीर में धारा 370 को फिर से बहाल करेंगे। मोदी ने कहा- ये लोग कह रहे हैं कि इनकी सरकार बनी तो ये लोग ॠ रद्द कर देंगे। क्या ये देश इनको करने देगा। जिन लोगों के तीन अंकों में लोकसभा सीट जीतने के लाले पड़ हो। क्या ये इंडिया गठबंधन सरकार के दरवाजे तक पहुंच सकते हैं? अब ये फॉर्मूला निकालने में लगे हैं कि एक साल एक पीएम। यानी, पांच साल में पांच प्रधानमंत्री। ये देश कभी सहन करने वाला नहीं है।*

### कांग्रेस आपकी संपत्ति की जांच करवाएगी

प्रधानमंत्री ने कहा- कांग्रेस के शहजादे ने घोषणा की है कि आपकी संपत्ति और महिलाओं के गहने और सोने-चांदी की जांच करवाएंगे। आपकी कमाई को कांग्रेस उन लोगों में बांटेगी... जिसका इस पर पहला हक है, जैसा कि कांग्रेस वाले बताते हैं। तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस किसी भी हद तक गिर सकती है।

### कांग्रेस ने राम मंदिर बनाने का विरोध किया

प्रधानमंत्री ने कहा- अयोध्या में राम मंदिर का 500 साल पुराना सपना पूरा हुआ है। दशकों तक राम मंदिर को बनने से रोकने वाली कांग्रेस ने उसका भी बहिष्कार किया। कांग्रेस वालों ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को भी ठुकरा दिया। जबकि अयोध्या के अंसारी और उनका परिवार, जो जिंदगी भर राम मंदिर के विरूध अदालत में केस लड़ता रहा, लेकिन जब न्यायालय ने कहा कि ये राम मंदिर है। तो अंसारी खुद राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में मौजूद रहे।

## दक्षिण भारत में गहराया जल संकट, जलाशयों का स्तर घटकर सिर्फ 17 प्रतिशत बचा



**नई दिल्ली।** गर्मियां शुरू होने के साथ ही देश में जल संकट गहराना शुरू हो गया है। दक्षिण भारत में स्थिति ज्यादा खराब है। दक्षिण भारत के राज्य गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं और स्थिति ये है कि जल भंडारण जलाशयों की क्षमता घटकर केवल 17 प्रतिशत रह गई है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने यह जानकारी मिली। दक्षिण भारत के राज्यों में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु आते हैं। सीडब्ल्यूसी द्वारा भारत के विभिन्न क्षेत्रों के जलाशयों के भंडारण स्तर के संबंध में बृहस्पतिवार को जारी बुलेटिन में बताया गया कि दक्षिणी क्षेत्र में आयोग की निगरानी के तहत 42 जलाशय हैं जिनकी कुल भंडारण क्षमता 53.334 बीसीएम (अरब घन मीटर) है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, इन जलाशयों में मौजूदा कुल भंडारण 8.865 बीसीएम है, जो उनकी कुल क्षमता का केवल 17 प्रतिशत ही है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान भंडारण स्तर (29 प्रतिशत) और इसी अवधि के दस साल के औसत (23 प्रतिशत) की तुलना में काफी कम है।

## चोटिल हुईं बंगाल की सीएम, हेलीकॉप्टर में चढ़ते वक्त फिसला पैर



**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के दूसरे दिन ही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एक बार फिर चोटिल हो गईं। दुर्गापुर में हेलीकॉप्टर पर चढ़ते वक्त उनका पैर फिसल गया। उन्हें फिलहाल आसनसोल ले जाया गया है।

ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, इससे पहले भी ममता कई बार चोटिल हो चुकी हैं। हाल ही में ममता को उनके आवास पर चोट लगी थी। परिसर में टहलने के दौरान वह गिर गई थी, जिससे उनके सिर पर गंभीर चोट लगी थी। उन्हें तुरंत इलाज के लिए एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया था, जहां उन्हें टांके लगाए गए थे। इससे पहले 2021 में चुनाव प्रचार के दौरान नंदीग्राम में उन्हें कुछ लोगों ने धक्का दिया था, जिससे उनके पैर में चोट लगी थी। रेयापारा में एक मंदिर के बाहर हुई इस घटना को उन्होंने साजिश का हिस्सा बताया था।

# मणिपुर में सीआरपीएफ के 2 जवान शहीद

**कुकी उग्रवादियों ने सेंट्रल फोर्स की चौकी पर बम फेंका, 2 अन्य जवान जख्मी**

**इंफाल।** मणिपुर से फिर हिंसा की खबरें सामने आ रही हैं। नारानसेना इलाके में शनिवार को आधी रात से लेकर 2÷15 बजे तक कुकी उग्रवादियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) पर घात लगाकर लगातार हामले किए। इस हमले में दो जवानों की जान चली गई। मणिपुर पुलिस ने कहा कि ये जवान राज्य के बिष्णुपुर जिले के नारानसेना इलाके में तैनात सीआरपीएफ की 128वीं बटालियन के हैं।

इससे पहले मणिपुर के कांगपोकपी जिले में बीते बुधवार को एक शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण



(आईईडी) में विस्फोट होने से इंफाल-माओ राजमार्ग का पुल क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके कारण राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से रोक दी गयी। पुलिस ने कहा कि इंफाल-माओ राजमार्ग पर आवाजाही पूरी तरह से रोक दी गई और पुल के दोनों ओर लगभग 200 वाहन फंसे हुए हैं।

### लोगों की आवाजाही रोकने के लिए किया गया विस्फोट

मई 2023 में मणिपुर में संकट शुरू होने के बाद कांगपोकपी में हुआ विस्फोट वाहनों और लोगों की आवाजाही को रोकने के लिए बम विस्फोट की दूसरी घटना थी। इसके पहले 21 जून, 2023 को, संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने बिष्णुपुर जिले के क्वाटा में एक पुल पर आईईडी विस्फोट किया था, जिसमें तीन लोग घायल हो गए थे। इस घटना की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने की थी और मुख्य साजिशकर्ता की पहचान सेमिनलुन गंगटे के रूप में की गई थी, जिसने विस्फोट की घटना को अंजाम देने के लिए मोहम्मद नूर हुसैन नामक व्यक्ति के साथ काम किया था।

## भाजपा ने गूगल-यूट्यूब को दिए 102 करोड़ के विज्ञापन

**6 साल में पब्लिश पॉलिटिकल एडवरटाइजमेंट में भाजपा के 73 प्रतिश, सबसे ज्यादा 10.8 करोड़ कर्नाटक पर खर्च**

**नई दिल्ली।** भाजपा गूगल और यूट्यूब पर विज्ञापन के लिए 100 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च करने वाली पहली भारतीय पॉलिटिकल पार्टी बन गई है। गूगल की विज्ञापन ट्रांसपेरैंसी रिपोर्ट के मुताबिक, 31 मई 2018 से 25 अप्रैल 2024 तक भाजपा ने 102 करोड़ रुपए विज्ञापन के लिए खर्च किए हैं। पिछले पांच सालों में पब्लिशड गूगल विज्ञापन में भाजपा का हिस्सा करीब 26 प्रतिशत है। इस दौरान कुल 390 करोड़ रुपए के पॉलिटिकल विज्ञापन पब्लिश हुए हैं। इस दौरान कुल 2.17 लाख ऑनलाइन ऐड दिए गए हैं।




इनमें से कुल 1.61 लाख ऐड (73 प्रतिशत) राजनीतिक विज्ञापन कैटेगरी के तहत भाजपा के थे। भाजपा ने कर्नाटक में सबसे ज्यादा 10.8 करोड़ रुपए के ऐड दिए हैं। इसके बाद उत्तर प्रदेश के लिए पार्टी ने 10.3 करोड़, राजस्थान के लिए 8.5 करोड़ और दिल्ली के लिए 7.6 करोड़ रुपए के विज्ञापन दिए हैं।

## शिवराज सिंह चौहान को केंद्र सरकार में मिल सकता है बड़ा रोल, पीएम मोदी ने दिया हिंट



**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले और भाजपा के कद्दावर नेता शिवराज सिंह चौहान की राष्ट्रीय राजनीति में शानदार एंट्री होने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद ही इसका हिंट दिया है। एक रैली के दौरान उन्होंने कहा था कि वह शिवराज सिंह चौहान को दिल्ली यानी कि केंद्र में ले जाना चाहते हैं। पीएम के इस बयान के बाद कयासों का बाजार गर्म है। आपको बता दें कि शिवराज सिंह चौहान विदिशा से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। इस शहर को उनका गढ़ माना जाता है। यहां उनका मुकाबला कांग्रेस के प्रताप भानु शर्मा से है। 1980 और 1984 में आपातकाल के बाद इंदिरा गांधी की जीत और बाद में उनकी मृत्यु के कारण पैदा हुई सहानुभूति लहर के दम पर यह सीट जीती थी।

## पूर्व सांसद धनंजय सिंह को बड़ी राहत, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दी जमानत, बरकरार रहेगी सात साल की सजा



**प्रयागराज।** पूर्व सांसद और बाहुबली धनंजय सिंह को शनिवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। कोर्ट से उन्हें जमानत मिल गई है। हालांकि हाईकोर्ट ने सात साल की सजा को बरकरार रखा है। वो अभी चुनाव नहीं लड़ सकेंगे।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को जमानत दे दी। साथ ही सजा को रद्द करने की मांग कोर्ट ने खारिज कर दी है।

### अपहरण और जबरन वसूली मामले में सात साल की कैद की सजा

जौनपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट ने दो अप्रैल 2022 को धनंजय और सहयोगी पर आरोप तय किए थे। इसके बाद 130 तारीखों की सुनवाई के बाद पांच मार्च 2023 को धनंजय समेत दो को दोषी पाया गया। इसके बाद छह मार्च 2024 को सात साल की सजा और 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया था। गौरतलब है कि पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने जौनपुर की विशेष अदालत से मिली सात साल की सजा के खिलाफ पिछले महीने हाईकोर्ट में अपील दाखिल कर अंतिम फैसला आने तक सजा पर रोक लगाए जाने और जमानत पर जेल से रिहा किए जाने की मांग की थी।

**भाजपा के पन्ना प्रमुखों को ऑफर**

## 100 प्रतिशत वोटिंग कराने वाले को देंगे मोटरसाइकिल : गोपाल भार्गव

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में दूसरे चरण में कम मतदान से चुनाव आयोग से लेकर राजनीतिक दलों की चिंता बढ़ा दी है। इस बीच भाजपा के पूर्व मंत्री और विधायक गोपाल भार्गव ने पन्ना प्रमुखों को 100 प्रतिशत वोटिंग कराने पर बड़ा ऑफर दिया है। मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 6 सीटों पर शुक्रवार को मतदान पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में कम होने के आंकड़े सामने आ रहे है। वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए अलग-अलग ऑफिर दिए जा रहे हैं। इस बीच भाजपा के पूर्व मंत्री और विधायक गोपाल भार्गव ने एलान किया है कि उनके क्षेत्र के पन्ना प्रभारी अपने पन्ने के 100 प्रतिशत मतदान करा लेंगे, उनको पुरस्कार स्वरूप मोटरसाइकिल इनाम में देंगे।



## मानसून के बाद खाद्य पदार्थों की कीमतों में आएगी नरमी, वित्त मंत्रालय ने रिपोर्ट में किया दावा



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने हाल ही जारी अपनी मासिक आर्थिक समीक्षा में बताया है कि सरकार को मानसून के बाद खाद्य पदार्थों की कीमतों में कमी आने की उम्मीद है, क्यों कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने इस बार सामान्य से अधिक मानसून का अनुमान जताया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सामान्य से अधिक बारिश से फसलों का अधिक उत्पादन होगा। वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा, खाद्य कीमतों में और नरमी आने वाली है क्योंकि आईएमडी ने मानसून के मौसम के दौरान सामान्य से अधिक बारिश की भविष्यवाणी की है।

### मार्च महीने में खाद्य मुद्रास्फीति 8.5 प्रतिशत रही

भारत में खाद्य मुद्रास्फीति फरवरी के 8.7 प्रतिशत से घटकर मार्च में 8.5 प्रतिशत रह गई है। खाद्य मुद्रास्फीति का उच्च स्तर मुख्य रूप से सब्जियों और दालों की बढ़ी कीमतों के कारण है। सरकार ने कीमतों पर अंकुश लगाने के उपाय किए हैं। जमाखोरी रोकने के लिए स्टॉक सीमा तय करना, प्रमुख खाद्य पदार्थों के बफर को मजबूत करना और समय-समय पर उसे खुले बाजार को जारी करना शामिल है। सरकार ने आवश्यक खाद्य वस्तुओं के आयात को आसान बनाया है। इसके अलावे नामित खुदरा दुकानों के माध्यम से आपूर्ति को सुव्यवस्थित किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बुंदेलखंड में मतदान का प्रतिशत घटा सकती है गर्मी

ललितपुर। शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष डा. हेमन्त तिवारी ने बुंदेलखंड क्षेत्र में वोटरों और कर्मचारियों को गर्मी से बचाव की विशेष सुविधा देने की मांग की है। बताया कि वर्तमान में गतिमान लोकसभा चुनाव में गर्मी बढ़ने से प्रथम चरण में मतदान का प्रतिशत पिछ्ली बार से काफी कम रहा। आज दूसरे चरण में मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में टीकमगढ़, खजुराहो, सतना, पन्ना, रीवा सीटों पर मतदान हो रहा है। वहीं इसी प्रकार की भौगोलिक स्थिति वाले झांसी, महोबा, बांदा सीट पर मतदान को पांचवे चरण के मतदान में रखा गया है। बुंदेलखंड में पढ़ने वाली गर्मी से सभी लोग परिचित हैं। खासकर बांदा क्षेत्र तो देश में गर्मी में कीर्तिमान भी स्थापित कर चुका है। ऐसे में बुंदेलखंड क्षेत्र में मतदान को पांचवें चरण में रखा जाना कहीं ना कहीं यहां की भौगोलिक स्थिति से में ल नहीं खाता है। भीषण गर्मी में बुंदेलखंड में मतदान का संभवत यह पहला उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जनपद मतदान में शीर्षस्थ जनपदों में रहा है, लेकिन इस बार भीषण गर्मी में मतदान होने से मतदान प्रतिशत प्रभावित हो सकता है। उन्होंने निर्वाचन आयोग और जिलाधिकारी से मतदान कर्मियों और वोटरों को विशेष रूप से बुंदेलखंड क्षेत्र में गर्मी से बचाव के विशेष उपाय उपलब्ध कराने की मांग की है। जिससे इस बार भी जनपद मतदान प्रतिशत में प्रदेश में शीर्षस्थ जनपदों में शामिल हो सके।

### डीएम ने बूथों की व्यवस्थाओं को परखा

ललितपुर। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने शहर के दो सेक्टरों के 19 बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथों की व्यवस्थाओं को परखा। बूथों के भ्रमण के दौरान कई कमियां पाई गई। उन्होंने बूथों पर पाई कमियों को दूर करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। डीएम ने एसडीएम सदर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ शहर के बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीएलओ से मतदाताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही 85 साल से ऊपर की उम्र के मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं को उपलब्ध कराई जा रही होम मतदान की सुविधा के बारे में जाना। इस सुविधा के लिए जो फॉर्म वितरित किए गए हैं, उन्हें कितने मतदाताओं ने स्वीकार किया है। इसकी भी जानकारी प्राप्त की गई। इसके अतिरिक्त बूथों की अन्य सुविधाओं की भी जानकारी हांसिल की। भ्रमण के दौरान कुछ बूथों पर दो दरवाजे की कमी पाई गई। दो बूथों पर पानी की समस्या देखी गई। इस पर उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को कमियों को दूर करने के निर्देश दिए हैं।

### अतिरिक्त दहेज न मिलने पर दूंधमुंही बच्ची के साथ बहू को घर से निकाला

#### महिला की तहरीर पर ससुरालियों पर एफआईआर दर्ज

ललितपुर। थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम ऐरा निवासी वर्षा पुत्री स्व.चन्द्रभान ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुये बताया कि उसकी शादी ग्राम बमरौला निवासी अतुल कुमार पुत्र विजय सिंह पटेल के साथ 23 मई 2023 को पूरे हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार हुयी थी। बताया कि शादी के समय उसके पिता ने पांच लाख रुपये नकद के अलावा अन्य सामान दिया था। आरोप है कि शादी के बाद ससुरालियों में उसका पति अतुल कुमार, ससुर विजय सिंह, सास गीता, देवर अंशुल, चचिया सास विभा आये दिन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट करते थे। बताया कि इसी बीच उसे पुत्री हुयी थी। आरोप है कि बीती 29 मार्च 2024 को उसका भाई माधव अपने साथ ऐरा निवासी राजाराम पुत्र गोरेलाल के साथ उसकी खबर लेने बमरौला आये हुये थे। तब ससुरालियों ने उसके भाई से दो लाख रुपये की मांग की। यह भी आरोप लगाया कि ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज न मिलने के कारण उसके पति ने कट्टा की नोंक पर उसे नाबालिग पुत्री के साथ घर से बेदखल कर दिया। बताया कि इस मामले में उसने महिला हेल्प लाइन 1090 पर भी शिकायत दर्ज करायी थी, लेकिन कार्यवाही नहीं की गयी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ धारा 498ए, 504, 506 और दहेज उत्पीडऩ अधिनियम की धारा 3/4 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### क्षत्रिय महासभा ने दी श्रद्धांजलि

ललितपुर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की एक बैठक शोक सभा के रूप में कार्यालय में सम्पन्न हुई। सभा में संगठन के जिला कोषाध्यक्ष भरत सिंह चौहान के चाचा एवं सुरेन्द्र सिंह वीरेंद्र सिंह चौहान के पूजनीय पिताजी महीप सिंह चौहान कुमरौला वालों के आकस्मिक निधन एवं राघवेंद्र सिंह बैस शिक्षक पड़वां की पूजनीय माताजी मालती देवी एवं हरी सिंह बुन्देला आलापुर के पूजनीय पिताजी एवं पंकज बुन्देला पारौन की पूजनीय दादी के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। महासभा ने सभी को श्रद्धांजलि अर्पित कर ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करे। उनके परिवार को दुख सहने की सहनशक्ति प्रदान करे। शोक सभा मे प्रमुख रूप से विजेन्द्र सिंह, बृजेन्द्र सिंह परमार, भगवत सिंह बैस, सुरेन्द्र पाल सिंह बघेल, भूपेंद्र सिंह तोमर, बेवी राजा बुन्देला, राजेन्द्र सिंह, जयहिन्द सिंह परमार, राजेन्द्र सिंह राजावत, महिपाल सिंह, पप्पू राजा, धर्मेन्द्र सिंह, छत्रपाल सिंह परमार, भरत सिंह चौहान, धर्मेंद्र सिंह परमार, महिपाल सिंह परिहार, जगभान सिंह बुन्देला, कल्याण सिंह राजावत, हरपाल सिंह चंदेल, चंद्रपाल सिंह परमार, ध्रुव ससोदिया, ताहर राजा पवार (मीडिया प्रभारी), अजय प्रताप सिंह, यशपाल सिंह परिहार, टीटू राजा, नारायण सिंह सेंगर, देवेंद्र सिंह सिकरवार, संटू राजा,सुरेन्द्र सिंह परमार, अजित सिंह पवार, अरविन्द सिंह बुन्देला, गुडडे राजा, इंद्रपाल सिंह बुन्देला, बुद्ध सिंह बुन्देला, रामशरण सिंह, देवेंद्र सिंह, रवि राजा, जयहिंद सिंह परमार, अमित परमार, अखंण्ड प्रताप सिंह राजावत, रामप्रताप सिंह, अभिमन्यु सिंह, राहुल राजा, पुष्पेंद्र सिंह परमार, जयकरन सिंह तोमर, अजय राजा, प्रदीप राजा, अभय राजा, रविन्द्र राजा आदि उपस्थित रहे।

# व्यय प्रेक्षक ने जनपद आते ही निरीक्षण कर अधिकारियों के साथ की बैठक

## जनपद में शान्तिपूर्ण मतदान हेतु गंभीरतापूवर्क कार्य करने के निर्देश

ललितपुर। लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत व्यय प्रेक्षक बसंत कुमार (आईआरएस) ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा व्यय अनुवीक्षण एवं मीडिया मॉनीटरिंग कण्ट्रोल रुम का निरीक्षण किया। प्रेक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में लोक सभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने हेतु पूरी गंभीरता के साथ कार्य करें। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर फेक न्यूज, भ्रामक एवं भड़काऊ खबरों पर विशेष निगरानी की जरूरत है, साथ ही जनपद के वल्नरेवल बूथों की बारीक नजर रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि एमसीएमसी, सोशल मीडिया सेल के माध्यम से राजनैतिक गतिविधियों पर भी नजर रखें। अवैध शराब की बिक्री को प्रतिबंधित करें, उनके ठिकानों पर दबिश



दें, अवैध कैश जब्तिकरण की कार्यवाही करें। साथ ही क्षेत्र में एफएसटी, एसएसटी को सक्रिय रहने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। व्यय अनुवीक्षण एवं मीडिया मॉनीटरिंग कण्ट्रोल रुम में प्रेक्षक ने टीवी चैनल्स पर प्रसारित होने वाली खबरों की निगरानी करने के निर्देश दिये, उन्होंने शिकायत/जानकारी रजिस्टर का अवलोकन करते हुए प्रत्येक कॉल पर मधुर तरीके से सम्बंधित जानकारी दें, साथ ही निर्वाचन सम्बंधी सभी जानकारी अद्यतन रखें।

अपर जिलाधिकारी वि/रा अंकुर श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय, वरिष्ठ कोषाधिकारी मनोज सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर अभयनारायण राय, जिला आबकारी अधिकारी विजय सिद्धान्त, जिला खनन अधिकारी अमितोष वर्मा, डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर, अग्रणी बैंक प्रबंधक, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह, सहायक निदेशक सूचना सुरजीत सिंह एवं अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दो नाबालिग मासूमों से छेड़छाड़ के बाद दुष्कर्म

## महिला की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर



**ललितपुर।** कोचिंग पढ़ाने के बहाने दो नाबालिग मासूमों से अश्लीलता व दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आते ही शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। शनिवार को सुबह प्रकाश में आये इस प्रकरण के बाद पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी को हिरासत में ले लिया है। वहीं दूसरी ओर महिला की तहरीर पर युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के अलावा अन्य संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

शहर क्षेत्रांतर्गत एक मोहल्ले में रहने वाली महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी दो पुत्रियां जो कि नाबालिग हैं को पड़ौस में रहने वाला 24 वर्षीय अनिल राठौर पुत्र सुखवीर राठौर कोचिंग पढ़ाने के बहाने घर में बुलाता था। कोचिंग पढ़ाने को लेकर उसे भी कोई ऐतराज नहीं था। महिला ने आरोप लगाया कि नाबालिग पुत्रियों के साथ अनिल राठौर आये दिन छेड़छाड़ करता रहता था। जिसकी जानकारी उसे नहीं हुयी। लेकिन शनिवार को उसकी दोनों पुत्रियों ने उसे पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया।

आरोप है कि अनिल राठौर ने उसकी दोनों नाबालिग मासूम पुत्रियों के साथ छेड़छाड़ करते हुये दुष्कर्म किया है। इतना ही नहीं यह भी आरोप है कि उसकी पुत्रियों को यह बात किसी को न बताने की बात कहते हुये अनिल द्वारा जान से मारने की धमकी दी गयी। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के आदेश व अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार और क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय के संयुक्त निकट पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस ने पूरे प्रकरण की पड़ताल की।

इस दौरान कोतवाली पुलिस ने महिला की तहरीर पर अनिल राठौर पुत्र सुखवीर राठौर के खिलाफ धारा 376क, 376ख, 354, 506 भा.द.वि. व 5/6 और 9/10 पाक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू की। पुलिस ने प्रकरण की पड़ताल के दौरान अनिल राठौर को भी हिरासत में ले लिया है। इसके अलावा पुलिस ने घटना का शिकार नाबालिग मासूमों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए जिला महिला अस्पताल में भेजा है। इसके अलावा पुलिस के आलाधिकारियों ने मौका मुआयना भी किया। आरोपित अनिल राठौर को पकडऩे वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक जर्नादन यादव, निरीक्षक अरविन्द कुमार सिंह, उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार व कां.गनेश शामिल रहे।

# शादी में शामिल होने गये दम्पत्ति के घर में लगी आग

## सब कुछ जलकर हुआ राख, 20 लाख रुपये के नुकसान होना बताया



ललितपुर। थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम गनेशपुरा में रहने वाले सरमन पुत्र वंशी अहिरवार ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती 25 अप्रैल को वह अपने परिवार समेत घर के बाहर ट्रैक्टर रखकर ताला डालकर रिश्तेदारी में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया हुआ था।

बताया कि सुबह करीब 11.30 बजे उसके पास गांव वालों ने फोन करके सूचना दी कि उसके घर में भयंकर आग लगी हुयी है, जिस पर वह तत्काल घर वापस आया और देखा कि उसका घर व उसमें रखा गृहस्थी का सामान फ्रिज, इन्वर्टर, टी.वी., कपड़े इत्यादि के अलावा 8 बोरा चना, 10 बोरा गेंहू, 8 बोरा मटर के अलावा घर के बाहर खड़ा महेन्द्रा ट्रैक्टर जलकर खाक हो चुका था। ग्रामीणों की मदद से आग को बुझाया गया।

पीड़ित ने इस आगजनी में करीब 20 लाख रुपये का नुकसान बताया। उसने आग लगने का कारण सिलेण्डर या अज्ञात जाहिर किया है। बताया कि वह परिवार समेत भुखमरी की कगार पर आ खड़ा है। पीड़ित ने परिवार समेत मुख्यालय पहुंच कर जिला प्रशासन से आर्थिक मदद करने की गुहार लगायी है।

# एआरटीओ व ट्रैफिक पुलिस ने चलाया संयुक्त अभियान



ललितपुर। मुख्य सचिव उ.प्र. के शासनादेश 04 मई 2024 तक सड़क सुरक्षा पखबाड़ा मनाये जाने के निर्देश दिये गये है। जिसके क्रम में एआरटीओ मो. कय्यूम एवं यातायात उपनिरीक्षक आलोक कुमार तिवारी द्वारा इलाइट चौराहा पर संयुक्त अभियान चलाया गया। अभियान में वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। उसके उपरान्त प्रवर्तन कार्यवाही की गयी, जिसमें दो पहिया वाहन चलाते समय हेल्मेट का प्रयोग न करने के अभियोग में 35 चालान, चार पहिया वाहन का संचालन करते समय सीटबेल्ट का प्रयोग न करने के अभियोग 12 चालान, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने के विरूद्ध 8 चालान, रॉग साइड वाहन का संचालन किये जाने के अभियोग में 5 चालान एवं वाहन पर एच.एस.आर.पी. नम्बर प्लेट न लगे होने के अभियोग में 7 चालान करते हुये प्रवर्तन कार्यवाही की गयी।

# सात दिवसीय कार्यक्रम के आयोजन जारी

## पांचवें दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ भव्य आयोजन

**ललितपुर।** श्री रामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति के तत्वाधान में चल रहे हनुमान जयंती महोत्सव के 7 दिवसीय कार्यक्रम में 5 वें दिन तुवन मंदिर प्रांगण मंच पर स्कूली बच्चों द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम तुवन मंदिर के महंत रामलखन दास ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि रामेश्वर सड़ैया, मनमोहन जड़िया मौजूद रहे। स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति रामरतन विद्या मंदिर के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुई।

कीर्ति श्रीवास्तव द्वारा राधा केसे न नाचे, इंटर कॉलेज द्वारा रामजी की सेना चली, रोक डांस एकेडमी द्वारा, राम आए गै, शंकरजी का डमरू बाजे, गणेश वंदना शिवाय, रामरतन विद्या मंदिर द्वारा पुनर्विजई भव, ए गुजरने वाली हवा,मेरे राम आए हे, श्रीवास्तव द्वारा, सुंदर भजन, अयुस्मान एकेडमी द्वारा उमापति महादेव, संदीप श्रीवास्तव द्वारा राम जी की निकली सवारी, प्रशांति विद्या मंदिर द्वारा जय हो जय हो शंकरा,परिवर्तन शर्मा द्वारा आयो रे शुभ दिन आयो रे इन सभी के द्वारा भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी गई। समापन अवसर पर प्रमुख सहयोगी अखाड़ों श्री हनुमान दल



अखाड़ा, श्री भारत सेवा मंडल, श्री कंचन व्यामशाला, आजाद व्यामशाला, लवकुश व्यामशाला, कौशल किशोर व्यामशाला, दुश्मन फटकार व्यामशाला, रामराजा व्यायम मंदिर, हनुमानधारा व्यामशाला, विष्णुपुरा गुरुकुल व्यायामशाला, श्रीसंकट मोचन व्यामशाला रिशाला मंदिर, महाकाल अखाड़ा, वीरांगना लक्ष्मीबाई अखाड़ा, महाकाल संस्थान, बृजधाम अखाड़ा को मुख्य अतिथि व समिति पधाधिकारियो द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष पं.ब्रजेश चतुर्वेदी, रमेश कुमार रावत, श्यामकांत चौबे, राजेश दुबे, हरविंदर सिंह सलूजा, महामंत्री डा.प्रबल सक्सेना, अमित तिवारी, राकेश तामिया, शिव कुमार शर्मा, चंद्रशेखर राठौर, भरत रिछारिया, अवधेश कौशिक, धर्मेंद चौबे, मुन्नालाल त्यागी आदि उपस्थित थे। संचालन अनिल कुमार रावत ने किया। आभार मंत्री राकेश तामिया ने व्यक्त किया।

# जिओ लोकेशन की सहायता से आसानी से पोलिंग बूथ पहुंचेंगे मतदाता : डीएम

## जनपद की आधिकारिक वेबसाइट पर वेबपेज को हुआ लोकार्पण

### मतदाताओं को बूथ तक पहुँचने में नहीं होगी कोई असुविधा

### वेबपेज पर बीएलओ का नाम, मोबाइल नंबर व पोलिंग बूथ का जिओ-लोकेशन उपलब्ध है

### जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी ने की बैठक



ललितपुर। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने एवं शान्तिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराये जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा-निर्देश दिये गए, साथ ही मतदाताओं को मतदान बूथ तक पहुँचने कि सुविधा हेतु जनपद ललितपुर कि आधिकारिक वेबसाइट पर वेबपेज का लोकार्पण किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद ललितपुर के मतदाताओं को मतदान बूथ तक पहुँचने कि सुविधा को ध्यान में रखते में एन.आई.सी. द्वारा जनपद की आधिकारिक वेबसाइट पर एक वेबपेज विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से मतदाता को अपने बूथ को खोजने में आसानी होगी, इस वेबपेज पर मतदान बूथ पर नियुक्त बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) का नाम, मोबाइल नंबर तथा मतदान बूथ का जिओ-लोकेशन उपलब्ध है।

उक्त वेबपेज के माध्यम से मतदाता द्वारा बीएलओ से सीधे टेलीफोन पर संपर्क किया जा सकता है तथा मतदान बूथ तक पहुँचने का मार्ग भी गूगल मैप पर प्रदर्शित हो जाता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिये कि विगत निर्वाचन में जनपद ललितपुर में अच्छा मतदान हुआ था, इस बार भी जिला प्रशासन की ओर से पूरा प्रयास रहे कि लोकतांत्रित तरीके से अधिकाधिक मतदान हेतु मतदाताओं को जागरुक करें, खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रामों में गणमान्य व्यक्तियों जो राजनैतिक पृष्ठभूमि से न हों, का मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग लिया जाए। बीएलओ, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एवं लेखपालों को निर्देश दिये गए कि वोटर लिस्ट में शामिल प्रत्येक मतदाता के घर जाकर उन्हें मतदान हेतु आमंत्रित करें, कोई भी मतदाता वोट करने से न छूटे। अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि उक्त वेब-पेज का उपयोग जनपद में मतदान प्रतिशत बढाने में सहायक सिद्ध होगा तथा मतदाता को मतदान के प्रति आकृष्ट करने का कार्य करेगा।

उन्होंने क्षेत्रीय कर्मचारियों को निर्देश दिये कि मतदाताओं को घर-घर जाकर वोटर पर्ची एवं वोटर गाइड का वितरण करें, साथ ही उन्हें शत-प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करें। इस अवसर पर समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधकारी, जनपद के विभिन्न बूथों पर तैनात बूथ लेवल ऑफिसर्स, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अर्पित जैन, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह, समस्त खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदाता जागरूकता अभियान



**ललितपुर।** पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा ब्लॉक-महरौनी के ग्राम सिंदवाहा व जरया में आरसेटी द्वारा कृषि उद्यमी व डेयरी फॉर्मिंग के प्रशिक्षण के दौरान सभी 35-35 कुल 70 महिलाओं को आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु अलग-अलग जागरूकता कैम्प कर ग्रामों में रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया कि सभी व्यक्ति मतदान में भाग ले व अधिक से अधिक निर्वाचन कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। लोकसभा मतदान 2024 में 100 प्रतिशत मतदान कर अपने वोट का सद्उपयोग करें। लोकतन्त्र के इस महाकुम्भ में सहभागिता हेतु महिलाओं को प्रेरित करने के साथ ही उनके माध्यम से अन्य ग्रामवासियों को भी यह संदेश पहुचाना है कि मतदान मे अवश्य भाग लें और उस प्रतिनिधि को चुनें जो उनके हित मे कार्य करें।

# निर्भीक होकर अधिकाधिक मतदान करें : जिला निर्वाचन अधिकारी

## संवेदनशील बूथों पर पर्याप्त पुलिस बल एवं विशेष निगरानी के निर्देश

रिपोर्ट सोनम यादव

ललितपुर। जनपद में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अक्षय त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने तालबेहट क्षेत्र के वल्नरेबल मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया, साथ ही केन्द्रों में मौजूत भौतिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने नगर में भ्रमण कर मतदाताओं से वार्ता की और अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। जिलाधिकारी ने मतदाताओं से वार्ता कर कहा कि सभी मतदाता शान्तिपूर्ण ढंग से अधिक से अधिक मतदान करें, मतदाता किसी भी बहकावे न आकर निर्भीक होकर मतदान करें और किसी भी घटना की सूचना हेतु निर्वाचन टोलफ्री नम्बर 1950 पर तत्काल जानकारी दें। इस हेतु जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली हैं, किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। जनपद में रिकॉर्ड मतदान कराने में किसी भी स्तर पर कमी नहीं होनी चाहिए।



उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट लगातार भ्रमणशील रहकर मतदेय स्थलों की निगरानी करें, साथ ही क्रिटिकल एवं वल्नरेवल बूथों पर पुलिस बल तैनात रहे। पुलिस अधिकारी मतदान के दौरान अराजक तत्वों पर बारीक नजर बनाये रखें। लोक सभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण निष्पक्ष एवं पारदर्शिता से सम्पन्न कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, इसमें कोई भी कसर नहीं छोड़ी जायेगी।

भ्रमण के दौरान मर्दन सिंह इण्टर कॉलेज, डीसी रोड प्राथमिक विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय नया बाजार, कन्या प्राथमिक विद्यालय, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया गया, तथा व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में 20 मई को मतदान दिवस पर सम्भावित गर्मी के दृष्टिगत पर्याप्त पेयजल, बैठने हेतु छायादार स्थान, परिसर में टेण्ट, शौचालय, कक्षों में पर्याप्त प्रकाश व्यवथा, रैम्प आदि के साथ वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित करायें।

उन्होंने निर्देश दिये कि मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान हेतु जागरुक किया जाए, विभिन्न मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों में अधिक से अधिक मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। ग्राम पंयायत स्तर पर भी टोलियां बनाकर भ्रमण कराया जाए, साथ ही इसमें बच्चों, बुजुगो व महिलाओं का सहयोग लिया जाए।

निरीक्षण दौरान उप जिलाधिकारी तालबेहट सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# लरगन मंदिर में राधा-कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में श्रीमद भागवत का आयोजन, बल रूप कथा ब भक्ति गीतों पर जमकर नाची महिलाएं



सिद्धि सरकार को अरविन्द कुमार पटेल की रिपोर्ट

ब्लॉक महरौनी अंतर्गत ग्राम पंचायत लरगन में चल रही श्रीमद भागवत साप्ताहिक ज्ञानयज्ञ में मथुरा वृन्दावन से पधारे नन्दनी जी द्वारा कथा सुनाई जा रही है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने पहुंचे। इस दौरान श्री कृष्णजी की बाल लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को हमेशा धर्म के मार्ग पर चलकर समाज सेवा में लोगों को आगे आना चाहिए। मानव जब इस संसार में पैदा लेता है तो चार व्याधि उत्पन्न होते हैं। रोग, शोक, वृद्धापन और मौत मानव इन्हीं चार व्याधियों से धीर कर इस मायारूपी संसार से विदा लेता है। सांसारिक बंधन में जितना बंधोगे उतना ही पाप के नजदीक पहुंचेगा।

इसलिए सांसारिक बंधन से मुक्त होकर परमात्मा की शरण में जाओ तभी जीवन रूपी नैय्या पार होगी। आज के दौर में परेशानी और अविश्वास बढ़ता जा रहा है। इससे समाज में खींचतान, स्वार्थ, लोभ, दुख. पतन, विकृतियों का अम्बार लगा हुआ है। ऐसे में समाज को युग के अनुरूप दिशा चिंतन, व्यवहार, परमार्थ के लिए हृदय में परिवर्तन के लिए श्रीमद भागवत कथा पुराण का आयोजन समस्त ग्रामवासियों द्वारा किया जा रहा है अभिमान तथा सुखी रहने की इच्छा प्रक्रिया कहलाती है। इसे ना तो कर्तव्य का अभिमान है और ना ही सुखी रहने की इच्छा, बल्कि दूसरों को सुखी रखने की इच्छा को लीला कहते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने यही लीला की, जिससे समस्त गोकुलवासी सुखी और संपन्न थे। उन्होंने कहा कि माखन चोरी करने का आशय मन की चोरी से है इसी दौरान समस्त ग्रामवासियों द्वारा आयोजित भागवत कथा का श्रवण किया गया

# अपने जीवन में लोगों को रक्तदान जैसे पुण्य काम करते रहना चाहिए रक्तदान किए जाने से कई जिंदगियां को बचाया जा सकता है : दीपक राठौर





ललितपुर। रक्तदान श्रेष्ठदान व श्रेष्ठ कर्म है और प्रत्येक इंसान को इंसानियत की खातिर अपने जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इंसान द्वारा दान किया गया रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति के प्राणों की रक्षा करता है और इससे ज्यादा सुकून की बात किसी रक्तदाता के लिए नहीं हो सकती। इसी क्रम में जय अम्बे रक्तदान समिति ललितपुर (रजि.) द्वारा जिला चिकित्सालय में भर्ती महिला मरीज सुमित्रा पाल जो गंभीर बीमारी से ग्रसित है जिसका हीमोग्लोबिन बहुत ही कम था। जिसे डॉक्टर ने रक्त की कमी बताई।

महिला के परिवार वाले पहले अपने मरीज को ब्लड दे चुके थे और अब उनके परिवार में कोई भी ब्लड देने वाला नहीं था। सोशल मीडिया व्हाट्सएप के द्वारा जब इसकी जानकारी समिति की वरिष्ठ सदस्य कन्हैया लाल रजक को मिली तो उन्होंने तुरंत महिला मरीज के लिए ब्लड उपलब्ध कराया और अपने साथी सत्यम सिंघई जी से संपर्क किया और कहा कि जिला चिकित्सालय में भर्ती महिला मरीज को तुरंत ब्लड की आवश्यकता है तो सत्यम सिंघई जी ने अपने सारे काम छोड़कर तुरंत ब्लड बैंक पहुंचकर महिला मरीज सुमित्रा पाल के लिए तीसरी बार रक्तदान करके मानवता की मिसाल पेश की। इसी क्रम में जिला चिकित्सालय में भर्ती कु0भूमिका पुत्री सुरजिया निवासी डेम कॉलोनी तालबपुरा का हीमोग्लोबिन बहुत ही कम होने के कारण भूमिका के पिता ने स्वयं रक्त देकर अपनी पुत्री की रक्त की कमी की पूर्ति करने की कोशिश की मगर रक्त की पूर्ति नहीं होने के कारण डॉक्टर ने भूमिका को रक्त की और आवश्यकता है परिजनों का ब्लड ग्रुप मरीज की ब्लड ग्रुप से मैच नहीं होने पर परिजन काफी चिंतित थे और अन्य लोगों के द्वारा मरीज के परिजनों को जय अंबे रक्तदान समिति से संपर्क करने को कहा समिति से संपर्क होते ही समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर वरिष्ठ सक्रिय सदस्य कन्हैया लाल रजक ने तत्काल ब्लड बैंक पहुंचकर कु0भूमिका को ब्लड उपलब्ध कराया गया भूमिका के परिजनों ने समिति के अध्यक्ष दीपक राठौड़ एवं वरिष्ठ सदस्य समाजसेवी कन्हैयालाल का आभार प्रकट किया।

तथा सत्यम सिंघई ने रक्तदान करने के बाद कहा कि किसी जरूरतमंद के लिए रक्तदान करना बड़ा ही सौभाग्य की बात है क्योंकि हमारे द्वारा किए गए रक्तदान से किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है इसलिए जब मौका मिले तो रक्तदान आवश्यक करें। और कहा की रक्तदान करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है हमारे शरीर में नया खून बनता है। मरीज के परिजनों ने रक्तदाता सत्यम सिंघई और समस्त जय अम्बे रक्तदान समिति का हदय से आभार एवं साधुवाद व्यक्त किया और कहा की आज आपकी समिति की वजह से हमारे मरीज को ब्लड उपलब्ध हो सका है जिसके हम सदा आपके आभारी रहेंगे और कहा कि जब भी आपको हमारी जरूरत पड़ेगी तो हम भी आपकी समिति की तरफ से रक्तदान अवश्य करेंगे।

# राष्ट्रीय आय एवं योग्यता छात्रवृत्ति परिक्षा में जखौरा के 3 छात्र उत्तीर्ण



महरौनी,ललितपुर। महरौनी तहसील अन्तर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय नवीन जखौरा के तीन छात्रों ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता अर्जित कर विद्यालय और गांव का मान बढ़ाया। अरविंद पुत्र राकेश, अर्जुन पुत्र महेश और अंकित पुत्र रामकिशोर ने छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता प्राप्त की जिसपर विद्यालय परिवार और ग्रामवासियों ने हर्ष व्यक्त कर उज्जवल भविष्य की कामना की । इस मौके पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक अभिषेक जैन , सहायक अध्यापक अंजना जैन, अनुदेशक अभिषेक गोस्वामी एवं पूजा रावत उपस्थित रहे।

# पहलवान गुरूदीन महाविद्यालय में विश्व बौद्धिक संपदा दिवस के पर संगोष्ठी का आयोजित

रिपोर्ट सोनम यादव

**ललितपुर।** राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद नैक द्वारा मूल्यांकित संस्थान पहलवान गुरूदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय ने विश्व बौद्धिक संपदा दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ0 सौरभ यादव, प्रशिक्षण महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. महेश कुमार झा, उपप्राचार्य डॉ. रामलाल रैकवार, कृषि विभागाध्यक्ष असि0प्रो0 भजनलाल साहू एवं कार्यक्रम संयोजक असि0प्रो0 डॉली बानो ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व द्वीपप्रज्ज्वलन कर किया। डायरेक्टर डॉ0 सौरभ यादव ने कहा कि विश्व बौद्धिक संपदा दिवस के लिए 26 अप्रैल को इसलिए चुना गया था क्योंकि यह उस तिथि से मेल खाता है जिस दिन 1970 में विश्व बौद्धिक संपदा संगठन



की स्थापना के लिए कन्वेंशन लागू हुआ था इस इस दिवस का उद्देश्य बौद्धिक संपदा संरक्षण के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना, विश्व में बौद्धिक संपदा संरक्षण के प्रभाव का विस्तार करना, बौद्धिक संपदा संरक्षण कानूनों और विनियमों को प्रचारित और लोकप्रिय बनाने का आग्रह करना, सार्वजनिक कानूनी जागरूकता बढ़ाना है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 महेश कुमार झा ने कहा कि वर्ष 2022 में विश्व में लगभग 600 विश्व बौद्धिक संपदा दिवस कार्यक्रम दर्ज किए गए थे उन्होंने बताया कि विश्व बौद्धिक संपदा दिवस 2024 का आधिकारिक विषय % आईपी और एसडीजी~ नवाचार और रचनात्मकता के साथ हमारे सामान्य भविष्य का निर्माण % है, साथ ही बताया कि किसी भी देश की प्रगति का सूचक विकास दर को माना जाता है। ठीक उसी तरह संबंधित देश का समग्र समृद्धि का सूचक वहां की बौद्धिक संपदा होती है।।संगोष्ठी के कार्यक्रम में प्रशिक्षण महाविद्यालय के समस्त प्रवक्तागण व छात्र/छात्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन असि0प्रो0 उत्कर्ष जैन ने किया।

# पुरानी रंजिश के चलते मारपीट

*ललितपुर। थाना बार क्षेत्रांतर्गत ग्राम टोढ़ी निवासी वीरपाल यादव पुत्र जगभान सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते रोज गांव के वीरभान पुत्र बल्देव व उसके पुत्रगण गोलू व अमित ने एकराय होकर पुरानी रंजिश के चलते उसके भाई को घर के सामने मारपीट कर दी। आरोप है कि गालियां देते हुये उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।*

# अंजनी मेला में जवाबी कीर्तन ने बांधा समां

महरौनी (ललितपुर) क्षेत्र महरौनी अंतर्गत ग्राम कुम्हैडी में ग्रामीण क्षेत्रों व मां अंजनी धर्मार्थ ट्रस्ट कमेटी के सदस्यों द्वारा आयोजित अंजनी मेले में भजन संध्या कार्यक्रम में राखी आजाद और अजय विजय संकीर्तन मंडल उरई, जालौन, के बीच जवाबी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

दोनों पार्टियों ने सर्वप्रथम अपने ज्ञान गुरु और मां सरस्वती की वंदना कर मंच पर उपस्थित मुख्य कलाकारों ने माता अंजनी के जयकारे लगाते हुए श्रोताओं के समक्ष फिल्मी सदाबहार गीतों की तर्ज पर जबाबी कार्यक्रम में प्राचीन पौराणिक कथाओं के माध्यम से एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के पहले चरण में मुख्य कलाकार अजय विजय ने दूसरी पार्टी के सामने ऊंचे पर्वत पे मां ने डेरा डाला है, रखती नजर मां सब पे नजरिया निराला है। माता अंजनी की आराधना करते हुये, हे मां अपने श्री चरणों का बालक बना दिया तूने, ज्ञान गुण हीन को गायक बना दिया तूने आदि गीतों में भगवान और भक्त की जन्म जयंती का गायन करते हुए भगवान राम के जैसा मर्यादा को



सर्वोपरि,रघुकुल रीति के कर्तव्यों का नष्ठा पूर्वक निर्वहन करने का अदम्य साहस,आज्ञाकारी पुत्र वह हैं हम सबके प्रभू श्री राम, भक्ति करके भक्ति मांगने वाले भक्त हनुमान के जैसी भक्ति और शक्ति की प्रतिभा सच्चे भक्त को प्राप्त होती है ।

राखी आजाद संकीर्तन पार्टी ने जवाब में भक्त और भगवान की लीलाओं का गायन करते हुए कहा कि त्रेता युग में भक्त हनुमान ने लंका में रक्षसों के बीच विभीषण को राम नाम का जाप करते हुये देखकर मन में विचार करने लगे कि, एक हंस बगलों के मध्य में लगा रहे अनुमान , खुद करते पहचान पवन पुत्र सोच रहे श्रीमान, संत सदा करते हैं जगत में हर मुश्किल आसान, रामायुद्ध की बात है अंतिम तुलसी द्वार की शान, एक यही साधु है

है सच्चा बाकी सब शैतान , श्रोताओं ने जवाब सुनकर तालियां कलाकारों का उत्साहवर्धन किया । मंच का संचलन जयराम सिंह निरंजन ने किया, कार्यक्रम में प्रमुख रुप से मुकेश श्रीवास्तव, पत्रकार दिनेश विदुआ,धनीराम टिकरिया, संतोष निरंजन नेता, रामशरण दीक्षित,संतोष पटेल, संजय मिश्रा, अनुभव श्रीवास्तव,धर्मेन्द्र राजा,ब्रजेश खरे, लखन चौधरी, रामचरन चौरसिया, मुन्ना पटेल, संतराम सेन, मुन्ना कुशवाहा, दीना साहू, पूरन कुशवाहा घसीटे कुशवाहा ,राकेश साहू ,ग्या पंचाल, मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र नायक, नीशू दुबे आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज, आरोपी गिरफ्तार



रिपोर्ट सोनम यादव

*ललितपुर। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक झांसी, परिक्षेत्र झांसी के निर्देश के क्रम में पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा थाना कोतवाली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 313/2024 धारा 376क,376ख /354/506 भा0द0वि0 व 5/6 ,9/10 पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त अनिल राठौर पुत्र सुखवीर राठौर उम्र करीब 24 वर्ष नि0 मुहल्ला रामनगर रूपा कालौनी थ को गिरफ्तार किया गया तथा ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अभियोग चिन्हित कर सघन पैरवी कराकर माननीय न्यायालय के माध्यम से अभियुक्त उपरोक्त को जल्द से जल्द कठोरतम सजा करायी जायेगी।*

*घटना का संक्षिप्त विवरण- वादिया ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि अभियुक्त अनिल राठौर पुत्र सुखवीर राठौर उम्र करीब 24 वर्ष नि0 मुहल्ला रामनगर रूपा कालौनी थाना कोतवाली ललितपुर द्वारा वादिया की पुत्रियों के साथ बहला फुसलाकर अश्लील हरकतें करना व दुष्कर्म करना व किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में सूचना दी। घटना की सूचना के आधार पर तत्काल थाना कोतवाली में मु0अ0सं0 313/2024 धारा 376क,376ख /354/506 भा0द0वि0 व 5/6 ,9/10 पाक्सो एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया तत्काल नियमानुसार महिला का0 के साथ पीडिताओ को चिकित्सीय उपचार के लिये महिला चिकित्सालय ललितपुर भेजा गया, सूचना पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है । घटना की गंभीरता व संवेदनशीलता को देखते हुए तत्परता दिखाते हुए कोतवाली पुलिस द्वारा तत्काल अभियुक्त अनिल राठौर उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।*

# लोकसभा निर्वाचन के दौरान शाम 6 बजे तक करीब 53त्नमतदान

देवरी कला। सागर देवरी विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा निर्वाचन के दौरान शाम 6 बजे तक करीब 53त्नमतदान का अनुमान लगाया जा रहा है।लोकसभा निर्वाचन के दौरान सुबह 7 बजे से शुरू हुए मतदान में7 बजे से 11 बजे तक लोगों ने मतदान किया एवं दोपहर में तेज धूप और गर्मी के कारण मतदान का प्रतिशत कम रहा इसके बाद दोपहर3ः00 बजे के बाद मतदान प्रतिशत बड़ा और शाम के समय लोगों ने घरों से निकलकर मतदान किया। जहां मतदान प्रतिशत में कमी का मुख्य कारणमतदाताओं ने गर्मी का मौसम एवं शादी विवाह का सीजन होना बताया मतदाताओं ने बताया कि वर्तमान में बहुत अधिक गर्मी पड़ने के कारण लोग घरों से नहीं निकले वही कुछ मतदाता शादी विवाह में व्यस्त होने के कारण मतदान नहीं कर सके देवरी नगर के शिक्षा सदन स्कूल में तीन पोलिंग बूथ बनाए गए जिसमें महाकाली वार्ड पटेल वार्ड, और सुभाष वार्ड जिसे पिंक बूथ बनाया गया जहां,सभी अधिकारी कर्मचारी महिलाएं रही इस दौरान तीनों बूथों पर सर्वाधिक सुभाष वार्ड में मतदान हुआ जहा 1086 कुल मतदाताओं में से 688 मतदाताओं ने मतदान किया ।इसी तरह मतदान केंद्रों पर जायदा भीड़ भाड़ देखने को नहीं मिली, इस तरह नगरीय क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र से कुछ जायदा रहा।क्षेत्र के ग्राम महाराजपुर में मतदान केंद्र 247 पर वृद्धों में 80 साल के बुजुर्ग प्रेमनारायण राजौरिया एवं मदनमोहन भारद्वाज उम्र 74 साल को ट्राई साइकिल से मतदान कराया गया। निर्वाचन आयोग द्वारा विकलांग और बुजुर्गों को घर-घर जाकर मतदान के पूर्व मतदान की व्यवस्था की गई थी लेकिनव ह व्यवस्था महज औपचारिक व्यवस्था रही जहां देवरी नगर के प्रत्येक वार्ड से महज एक-एक व्यक्ति को ही उनके घर पर मतदान कराया गया जहां देवरी नगर के लिए घर-घर जाकर मतदान करने के लिए एक पीठासीन अधिकारी ही नियुक्त किया जबकि महाकाली वार्ड में बीएलओ द्वारा चिन्हित कर ऐसे विकलांग और वृद्धों में 7 लोगों की सूची दी थी,इसी तरह सुभाष वार्ड में बीएलओ द्वारा14 लोगों की सूची दी गई थी,जहां एक-एक व्यक्ति को ही उनके घर जाकर मतदान कराया गया इस तरह निर्वाचन आयोग की यह व्यवस्था महज औपचारिक रही,वही इस मामले में सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं अनुविभाग अधिकारी मुनव्वर खान ने बताया की क्षेत्र में 165 लोगों को चिन्हित किया गया था जिसमें155 लोगों ने मतदान किया चार लोगो की मृत्यु हो चुकी हैं और पांच लोग अन्य कारणो से मतदान नहीं कर सके।

# लोकसभा संसदीय क्षेत्र 17 होशंगाबाद के आठ विधानसभा क्षेत्रों में 1247298 मतदाताओं ने किया मतदान

संवाददाता - अजय सिंह राजपूत

**687674 पुरुष और 559594 महिला तथा 30 अन्य मतदाताओं ने अपने मताधिकार का किया उपयोग**

**जिले में कुल 650505 मतदाताओं ने दर्ज कराई लोकतंत्र के महोत्सव में अपनी भागीदारी**

**354373 पुरुष और 296108 महिला तथा 24 अन्य मतदाताओं ने किया मतदान**

नर्मदापुरम/ लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 के तहत संपूर्ण संसदीय क्षेत्र एवं जिलेभर में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान सम्पन्न हुआ। संसदीय क्षेत्र की बात करें तो पूरे क्षेत्र में 1247298 मतदाताओं ने मतदान किया जिसमें 687674 पुरुष मतदाता एवं 559594 महिला मतदाताओं तथा 30 थर्ड जेंडर मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं लोकसभा संसदीय क्षेत्र 17 होशंगाबाद अंतर्गत आने वाली जिले की चारों विधानसभा में कुल 650505 मतदाताओं ने मतदान किया। इस दौरान 354373 पुरुष मतदाओं और 296108 महिला मतदाताओं सहित 24 थर्ड जेंडर मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया।

लोकसभा संसदीय क्षेत्र की नरसिंहपुर विधानसभा में कुल 156808 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 85555 पुरुष तथा 71251 महिला मतदाता एवं 2 अन्य मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया। तेंदूखेड़ा विधानसभा में कुल 133255 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 73897 पुरुष तथा 59358 महिला मतदाता एवं 0 अन्य मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया। गाडरवारा विधानसभा में कुल 145617 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 81548 पुरुष तथा 64067 महिला मतदाता एवं 2 अन्य मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया। उदयपुरा विधानसभा में कुल 161113 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 92301 पुरुष तथा 68810 महिला मतदाता एवं 2 अन्य मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया। वही नर्मदापुरम जिले की बात करें तो सिवनीमालवा विधानसभा में कुल 172715 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 93593 पुरुष तथा 79116 महिला मतदाता एवं 6 अन्य मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया। होशंगाबाद विधानसभा में 139690 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 74727 पुरुषों और 64956 महिला मतदाताओं तथा 7 अन्य मतदाताओं ने मतदान किया। सोहागपुर विधानसभा में 167117 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 92859 पुरुषों और 74252 महिला तथा 6 अन्य मतदाताओं ने मतदान किया। पिपरिया विधानसभा में 170983 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 93194 पुरुषों और 77784 महिला मतदाताओं तथा 5 अन्य मतदाताओं ने मतदान किया। संसदीय क्षेत्र 17 होशंगाबाद की आठों विधानसभाओं में कुल 71.73 प्रतिशत पुरुषों ने,एवं 62.39 प्रतिशत महिलाओं ने तथा 56.6 प्रतिशत थर्ड जेंडर मतदाताओं ने मतदान किया।

# हैंडपंपों के सूखे हलक, कैसे मिले शीतल जल

## डेढ़ माह में दर्ज हुई पेयजल कंट्रोल रूम में 16 शिकायतें, चार पेंडिंग



हमीरपुर। भीषण गर्मी व लू ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। जिले में पेयजल संकट भी गहराता जा है। दशकों पुरानी एकल पेयजल योजना जवाब दे रही हैं। जल जीवन मिशन का कार्य कछुआ गति से चल रहा है। ऐसे में पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पंचायती राज विभाग में कंट्रोल रूम बनाया गया है। डेढ़ माह से संचालित कंट्रोल रूम में अब तक 16 शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। जिनमें चार शिकायतों का निस्तारण होना शेष है। जबकि 12 शिकायतों का निस्तारण कराए जाने का दावा विभाग द्वारा किया जा रहा है।

जिले के सातों ब्लॉकों में कुल 20685 हैंडपंप संचालित हैं। पंचायती राज विभाग के मुताबिक 152 हैंडपंपों का रिबोर कराया जा रहा है। वहीं नौ हैंडपंपों का मरम्मतीकरण का कार्य होना शेष है। विभाग के मुताबिक पिछले अप्रैल माह में कुल 255 हैंडपंपों का रिबोर होना था। जिनमें 103 हैंडपंपों का रिबोर कराया जा चुका है। जबकि 173 हैंडपंपों का मरम्मतीकरण कराया जाना था। जिनमें 164 का मरम्मतीकरण कराया जा चुका है। इनमें कुरारा विकासखंड में 2505, सुमेरपुर 4100, मौदहा 3385, मुस्करा 3250, राठ 2279, गोहांड 2425 व सरीला में 2741 हैंडपंप लगे हैं। हालांकि शासन की गाइड लाइन के मुताबिक सात दिन में रिबोर व तीन दिन में मरम्मतीकरण कराए जाने के निर्देश हैं। पेयजल समस्या से निपटने के लिए डीएम के निर्देश पर जिला पंचायतीराज विभाग कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। पिछले एक मार्च से संचालित कंट्रोल रूम में अब तक 16 शिकायतें दर्ज हुई हैं। जिनमें ज्यादातर हैंडपंपों की हैं। इनमें कुरारा ब्लॉक के पारा, चकोठी, शंकरपुर रघवा, मुस्करा के गहरौली, राठ, गिरवर, पहरा, मौदहा के खंडेह व हिमौली, गोहांड के स्यावरी व सुमेरपुर के पचखुरा बुजुर्ग, पचखुरा खुर्द, पत्योरा व हेलापुर गांव से शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। इनमें तीन हैंडपंपों व पाइप लाइन की शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका है।

### एक सप्ताह पूर्व दर्ज शिकायत का नहीं हुआ निस्तारण

सुमेरपुर क्षेत्र के पचखुरा बुजुर्ग गांव निवासी लल्लू सिंह ने बताया कि उनके दरवाजे के सामने मंदिर के पास लगा हैंडपंप चार माह से ठप है। जिसकी शिकायत कंट्रोल रूम में एक सप्ताह पूर्व दर्ज कराई थी। कर्मी आए और देखकर चले गए। अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। जिससे पेयजल की किल्लत उठानी पड़ रही है।

### हैंडपंप मरम्मत में देने पड़ते रुपये

हेलापुर निवासी सुनीता पत्नी श्यामबाबू ने बताया कि पड़ोस में लगा हैंडपंप पिछले दस दिनों में तीन बार खराब हो चुका है। बताया कि मरम्मतीकरण का पैसा उन्हें चंदा कर देना पड़ता है। कहा कि 16 अप्रैल को हैंडपंप की मरम्मत कराई गई। जिसमें मिस्त्री को चंदा करके 200 रुपये दिए गए। इसके बाद 20 अप्रैल को फिर से खराब हो गया। जिसपर 100 रुपये दिए गए। एक दिन चला और फिर खराब हो गया। जिसकी शिकायत कंट्रोल रूम में दर्ज कराई।

कुरारा क्षेत्र के भैंसापाली गांव के मजरा छोटी पाली में 1300 की आबादी के बीच 10 हैंडपंप संचालित हैं। इनमें चार हैंडपंप कई महीनों से ठप पड़े हैं। कृपाल के दरवाजे लगा हैंडपंप छह माह से खराब है। वहीं राम प्रसाद, चुनुबाद, शिवपाल के दरवाजे लगे हैंडपंप भी कई माह से खराब पड़े हैं। जिससे ग्रामीणों को दूसरे मोहल्ले में लगे हैंडपंपों से पानी भरकर लाना पड़ रहा है।
वहीं चकोठी गांव में 29 हैंडपंपों में तीन हैंडपंप रिबोर के लिए खराब पड़े हैं। जिनका रिबोर नहीं कराया गया है। एडीओ पंचायत धर्मेंद्र पाल ने बताया कि क्षेत्र में कुल 2505 हैंडपंप संचालित हैं। जिसमे 42 हैंडपंप स्थाई रूप से रिबोर के लिए पड़े हुए हैं। वहीं 28 हैंडपंपों का मरम्मतीकरण होना है। जिनको सही कराया जा रहा है।

### इन्होंने कहा..

सभी ब्लॉकों से आई रिपोर्ट के मुताबिक कुल 152 हैंडपंपों का रिबोर कराया जाना शेष है। वहीं नौ हैंडपंपों का मरम्मतीकरण होना है। जिनपर कार्य चल रहा है। कहा कि कुरारा ब्लॉक में इतनी संख्या कैसे बढ़ गई, जबकि प्रतिदिन रिपोर्ट सभी ब्लॉकों से ली जाती है। कहा कि जानकारी की जाएगी।

जीतेंद्र मिश्रा, डीपीआरओ

### व्यय प्रेक्षक ने बूथों का निरीक्षण कर दिए निर्देश

हमीरपुर लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत व्यय प्रेक्षक पुरूषोत्तम के (आई0डी0ए0एस0) ने शनिवार को राजकीय बालिका इण्टर कालेज, रहमानिया इण्टर कालेज में बने बूथों का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यालय के राठ तिराहा में चुनाव ड्यूटी पर तैनात स्थैतिक निगरानी टीम, बांदा हमीरपुर पुलिस चेक बैरियर तिराहा, हमीरपुर-महोबा पुलिस बैरियर मौदहा का भी निरीक्षण किया। गांधी इण्टर कालेज, मौदहा, प्राथमिक विद्यालय टेढ़ा, जूनियर हाईस्कूल टेढ़ा, पुलिस बैरियर सुमेरपुर एवं उड़नदस्ता टीम का पारा रैपुरा में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक ने निर्देष दिये कि चेकिंग के दौरान जिन गाड़ियों की चेकिंग की जा रही है उनका फोटो ग्रुप में शेयर किया जाये। जो स्थैतिक निगरानी टीमें चेकिंग में लगी हैं वह आपस में समन्वय बनाये रखें तथा उड़नदस्ता टीमें भी एक दूसरे के सम्पर्क में रहें।कहा कि चेकिंग के दौरान ध्यान रखा जाये कि लोगों को अनावष्यक परेशानी न हो। यदि चेकिंग के दौरान धनराषि या अन्य कोई वस्तु प्राप्त होती है जिसका विवरण सही तरीके से उपलब्ध न कराया जा सके तो सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित कर नियमानुसार कार्यवाही की जाये। व्यय प्रेक्षक ने निरीक्षण के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को सौंपे गये दयित्वों को सजगता के साथ निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।जिससे 20 मई को होने वाले मतदान को निष्पक्ष एवं पारदर्षी तरीके से सम्पन्न कराया जा सके। व्यय प्रेक्षक के निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी न्यायिक डा नागेन्द्र नाथ यादव, उप जिलाधिकारी सदर, उप जिलाधिकारी मौदहा, प्रभारी निरीक्षक मौदहा एवं सुमेरपुर तथा अपर मुख्य अधिकारी सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

### टायर फटने से पिकअप अनियंत्रित होकर पलटी, तीन घायल

राठ। पनवाड़ी मार्ग स्थित एक पेट्रोल पंप के पास टायर फटने से पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में पिकअप में सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है।
जनपद महोबा के पनवाड़ी थाना अंतर्गत टोला पातार गांव निवासी 35 वर्षीय मनमोहन पुत्र मन्सू ने बताया कि वह पिकअप से गल्ला मंडी में गेहूं बेचने के लिए आ रहे थे। तभी पनवाड़ी मार्ग स्थित एक पेट्रोल पंप के पास टायर फटने से पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे पिकअप में सवार मनमोहन, 38 वर्षीय अनिल कुमार पुत्र हरीराम, 32 वर्षीय प्रेमनारायण पुत्र तुलसीदास घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले गए। वहीं क्षेत्र के पथनौड़ी गांव निवासी 30 वर्षीय आरती पत्नी दीपू मार्ग दुर्घटना में गिरकर घायल हो गए। घायल को इलाज के लिए सीएचसी ले गए।

### छेड़छाड़ से आहत नाबालिक मां के साथ पहुंची थाने

राठ। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव एक युवक नाबालिक के साथ आए दिन छेड़छाड़ व छींटाकशी करता था। जिस पर परदेश में काम कर रहे अपनी मां को बुलाकर पीड़िता ने राठ कोतवाली पहुंचे घटना की शिकायत की है। कोतवाली क्षेत्र की एक गांव निवासी महिला ने बताया कि वह गुजरात में रहकर मजदूरी करती है। जबकि उसकी नाबालिक पुत्री अपनी दादी के यहां गांव में रहती है। उसकी पुत्री के साथ गांव का ही जयप्रकाश पुत्र हीरा आए दिन छेड़छाड़ व छींटाकशी करता है। जिसकी सूचना पर उसने गांव आकर अपनी पुत्री के साथ राठ कोतवाली पहुंच घटना की शिकायत की है।

### पांच अभियुक्तों के विरुद्ध की गई जिलाबदर की कार्रवाई

राठ। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर राठ, मझगवां, जलालपुर से छह आरोपितों के विरुद्ध न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट/अपर जिला मजिस्ट्रेट हमीरपुर द्वारा जिलाबदर की कार्रवाई की गई है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि एसपी डॉ दीक्षा शर्मा के निर्देश पर शिशुपाल यादव उर्फ गिल्ला यादव पुत्र हरी सिंह यादव निवासी लुधियातपुरा के विरुद्ध जनपद हमीरपुर की सीमा से छह माह के लिए जिलाबदर किया गया है। वहीं मझगवां पुलिस ने राकी राजपूत उर्फ रकी पुत्र नितबरन राजपूत निवासी नौरंगा, राम सिंह पुत्र लाल सिंह निवासी जराखर और जलालपुर थाने से सीताराम पुत्र राम सिंह उर्फ भगवन सिंह निवासी पुरैनी को छह माह के लिए जिलाबदर किया गया है।

## हाई स्कूल की परीक्षा में फेल होने से डिप्रेशन में आए छात्र ने आग लगाकर दी जान

राठ। कोतवाली क्षेत्र के मसगवां गांव में हाई स्कूल की परीक्षा में रिजल्ट आने के बाद फेल होने से डिप्रेशन में आए एक छात्र ने अपने घर में खुद को आग लगाकर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया। घटना की जानकारी लगते ही मृतक छात्र के परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार राठ कोतवाली क्षेत्र के मसगवां गांव का निवासी अमरचंद्र अहिरवार राठ में पीआरडी का जवान है। तथा अमरचंद का 17 वर्षीय पुत्र साहित्य अमगांव के एक विद्यालय में दसवीं कक्षा का छात्र था। अमरचंद ने बताया कि उसके पुत्र ने इस बार दसवीं कक्षा की परीक्षा दी थी। बताया कि यूपी बोर्ड ने 20 अप्रैल को रिजल्ट जारी किया था जिसमें उसका बेटा साहित्य फेल हो गया था। बताया कि दसवीं कक्षा में फेल होने की वजह से उसका पुत्र साहित्य डिप्रेशन में आ गया था। अमरचंद ने बताया कि बीती 22 अप्रैल को वह ड्यूटी पर गया हुआ था तथा उसकी पत्नी प्रेमवती बकरी चराने के लिए खेत पर गई थी तथा घर में उसका बेटा साहित्य अकेला था। बताया कि शाम को अचानक उसके घर से धुआं निकलने लगा। जिसके बाद मौके पर मौजूद आसपास के लोगों ने पड़ोसियों की छतों से अंदर दाखिल हुए। तब उसका पुत्र साहित्य कमरे में बंद था और बचाने की गुहार लगा रहा था। बताया कि पड़ोसियों के पहुंचने के बाद उसके पुत्र साहित्य ने कमरे की कुंडी खोली जिसके बाद लोगों ने पानी डालकर आग बुझा दी तथा साहित्य को राठ कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से उरई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया तथा उरई मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने भी उसके पुत्र साहित्य को झांसी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। बताया कि झांसी मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान उसके पुत्र साहित्य की मौत हो गई। मृतक छात्र के पिता अमरचंद ने बताया कि दसवीं की परीक्षा में फेल होने से दुखी होकर उसके पुत्र ने आग लगाकर जान दी है। वहीं अचानक हुई घटना से मृतक छात्रा के परिवार में कोहराममचा हुआ है। मृतक अपने माता-पिता का एकलौता पुत्र था तथा उसकी बड़ी बहन सुमन जीएनएम कर रही है। जबकि छोटी बहन 6 वर्षीय गुनगुन अभी पढ़ रही है। इकलौते पुत्र की मौत से माता-पिता सहित अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो

### नदेहरा में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली



सुमेरपुर। क्षेत्र के ग्राम नदेहरा में स्वीप के अंतर्गत रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया।वहीं चन्दपुरवा, छानी बुजुर्ग, छानी खुर्द,धनपुरा व खड़ेहीजार में।मनरेगा कार्य स्थलों पर डिप्टी कलक्टर ने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मजदूरों को वोट डालने की शपथ दिलाई।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय के निर्देशन पर शनिवार को नदेहरा गांव में मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ डिप्टी कलक्टर/ प्रभारी बीडीओ शांतुन कुमार सिनसिनवार ने किया। ई-रिक्शा में माइक लगाकर प्रचार प्रसार किया गया। इसके बाद चन्दपुरवा बुजुर्ग,छानी बुजुर्ग,छानी खुर्द, धनपुरा व खड़ेहीजार में मनरेगा कार्य स्थलों में पहुंचकर मजदूरों को जागरूक करते हुए मतदान के लिए शपथ दिलाई। वहीं मवई जार में परिषदीय विद्यालय में रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और हाथों में मतदान से संबंधित स्लोगन लिखकर जागरूक किया।उन्होंने रैली के साथ भ्रमणकर बुजुर्ग मतदाताओ को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया और मतदान का प्रतिशत बढाने के लिए लोगों को जागरूक किया। रैली में शामिल महिलाओं व पुरुषों ने मतदान बढ़ाने के लिए नारे लिखी तख्तियां लेकर भ्रमण कर जागरूक किया। इसके साथ वोट हमारा है अनमोल,कभी न लेंगे इसका मोल,जागो जागो हे मतदाता, तुम भारत के भाग्य विधाता। वोट डालने जाना है,बीस मई को जाना है।

सारे काम छोड़ दो,सबसे पहले वोट दो। अपना कर्तव्य निभाएंगे, पहले मतदान कराएंगे।आओं मिलकर अलख जगाएं,शत प्रतिशत मतदान कराएं के नारे लगाए। डिप्टी कलक्टर ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने लिए मतदान जरूरी है।इस मौके पर एडीओ आइएसबी जगदंबा प्रसाद,एपीओ मनरेगा विकास चन्द्र,सचिव सोनाली सचान, सहित एएनएम,ग्रामीण व आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं समूह की महिलाएं शामिल रही।

## सुमेरपुर मौदहा की सीमा से हो रहा अवैध खनन

### गढ़ा के ग्रामीणों ने किया विरोध



सुमेरपुर। सुमेरपुर एवं मौदहा विकासखंड क्षेत्र की सीमा में बहने वाली केन नदी में रात के अंधेरे में ट्रैक्टरों से होने वाले अवैध खनन पर ग्रामीणों ने जोरदार विरोध दर्ज कराते हुए प्रशासन से अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि सिसोलर पुलिस की भूमिका संदिग्ध है।

सुमेरपुर एवं मौदहा विकासखंड की सीमा पर ग्राम पंचायत गढ़ा आबाद है। इसी पंचायत के नीचे से केन नदी गुजरती है। इसी नदी से रात के अंधेरे में ट्रैक्टरों द्वारा अवैध खनन करके बालू सुमेरपुर सहित बांदा जनपद के जसपुरा कस्बे में सप्लाई की जाती है। बीती रात अवैध खनन करके बालू ला रहे ट्रैक्टरों को ग्रामीणों ने रोक लिया और विरोध जताते हुए कहा कि यहां से किसी दशा में ट्रैक्टर नहीं गुजरेंगे। ग्रामीणों ने अवैध खनन के वीडियो भी सोशल मीडिया में शेयर किए हैं जिसकी पुष्टि अखबार नहीं करता है। वीडियो में ग्रामीण खुलेआम अवैध खनन की बात को चिल्ला चिल्लाकर कह रहे हैं।

वहीं अवैध खनन करने वाले ग्रामीणों को धमका रहे हैं कि वह इसी तरह खनन जारी रखेंगे तुम कुछ भी नहीं कर सकते हो। ग्रामीण ने सिसोलर पुलिस को सूचित किया था। जिस पर बाद में एचएसओ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से कहा कि खनन विभाग को सूचित करें।

## सरकारी नलकूप न चलने से भटक रहे पशु

कुरारा।विकास खंड क्षेत्र के रघवा गांव में सरकारी नलकूप न चलने से पशुओ को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। तालाब में पानी भरने का कार्य भी नही किया जा रहा है। क्षेत्र के रघवा गांव में तीन राजकीय नलकूप स्थित है। जो की चालू हालत में है। लेकिन नलकूप चालक के न आने से नलकूप नहीं चल पा रहे हैं।ग्रामीणों ने बताया कि गांव के तालाब में पानी भरने का कार्य शुरू नहीं किया गया है। जिससे पशु ओ को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में पशुओं को पेयजल की किल्लत हो रही है। ग्रामीणों ने तालाब भराए जाने की मांग की है।

## तकनीक के इस दौर में बदल रहे शिक्षा के तौर-तरीके

### यूपी बोर्ड बदल रहा पढ़ाई का तरीका, दीक्षा पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं किताबें

**हमीरपुर।** तकनीक के इस दौर में शिक्षा के भी तौर-तरीके बदल रहे हैं। अब यूपी बोर्ड में भी पढ़ाई लिखाई के लिए सीबीएसई की तर्ज पर तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने पाठ्यक्रम की किताबें आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड़ कर दी हैं। वेबसाइड को डाउनलोड़ करके विद्यार्थी पढ़ाई कर सकेंगे। साथ ही यह किताबें दीक्षा पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं।

जिले में माध्यमिक शिक्षा परिषद के करीब 160 विद्यालय संचालित हैं। विभाग इन विद्यालयों के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। इस क्रम में माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर पाठ्यक्रम के अनुसार एनसीईआरटी की किताबें अपलोड कर दी गई हैं। विद्यार्थी आसानी से इन किताबों को पढ़ सकते हैं। जरूरत पड़ने पर विद्यार्थी किताबों को डाउनलोड भी कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त यह किताबें दीक्षा पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं। विद्यार्थी किसी भी स्थान पर बैठे-बैठे आसानी से इन किताबों को पढ़ सकते हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक केके ओझा का कहना है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर पाठ्यक्रम के अनुसार एनसीईआरटी की किताबें अपलोड की गई हैं। विद्यार्थी आसानी से इन किताबों को पढ़ सकते हैं। जरूरत पड़ने पर इन किताबों को डाउनलोड़ भी किया जा सकता है।

## रैली निकालकर अधिक से अधिक मतदान के लिए किया प्रेरित



सरीला।क्षेत्र के पहरा, भैंसाय में नायब तहसीलदार एवं छिबौली व इछौरा गांव में खण्ड विकास अधिकारी ने स्कूली बच्चों व ग्रामीणों के साथ मतदाता जागरूक रैली निकालकर लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया।

शनिवार को पहरा व भैंसाय गाँव मे नायब तहसीलदार राममोहन कुशवाहा ने रैली निकालते हुए कहा कि मतदान महादान है। इसमें हर मतदाता को वढ़ चढ़ कर भागीदारी निभानी चाहिये। रैली में मतदान जागरूकता के स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर चल रहे स्कूली बच्चों ने गांव की गली और सड़कों से रैली निकाली तथा लोगों को अधिक से अधिक मतदान के करने के लिये जागरूक किया। उधर खंड विकास अधिकारी दिव्या त्रिपाठी ने छिबौली व इछौरा गांव में ग्राम पंचायत स्तरीय कर्मचारी आंगनवाड़ी, आशा, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व ग्रामीणों के साथ मतदाता जागरूक रैली निकाली। गांव भ्रमण के बाद मौजूद लोगों को मतदान की शपथ दिलाई। इस मौके पर स्वास्थ्य, बाल विकास विभाग सहित सचिव व ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे।

## बाइक के पीछे बैठी महिला की गिरकर हुई मौत

### मासूम बच्ची का इलाज कराकर गांव लौट रहा था पति

राठ। मासूम बेटी का इलाज कराकर वापस गांव लौट रहे बाइक सवार युवक की पत्नी बाइक से सड़क पर गिर गई। मौके पर मौजूद आसपास लोग महिला को लेकर गोहांड सीएचसी पहुंचे। जहां पर चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। महिला की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ था।

चिकासी थाने के इस्लामपुर गांव निवासी परमेश्वरी दयाल केवट उर्फ लल्ला की सात माह की पुत्री वर्षा का खांसी जुकाम का इलाज कराने के लिए 25 वर्षीय पत्नी सुमन के साथ बाइक से गोहांड आया था। मासूम का इलाज कराने के बाद दंपति बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। गोहांड कैमोखर रोड़ पर कांशीराम कालोनी के पास बाइक के पीछे बैठी सुमन का अचानक संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर सिर के बल जा गिरी। जिससे महिला के सिर पर गंभीर चोटें आ गई। मौके पर मौजूद आसपास के लोग महिला को लेकर सीएचसी गोहांड पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने सुमन को मृत घोषित कर दिया। लल्ला ने बताया कि वह खेती किसानी कर अपने परिवार का गुजर बसर करता है। महिला की मौत पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था।

## चुनाव प्रेक्षक ने सीमा बैरियर बूथ आदि का किया निरीक्षण

### हाईवे के बैरियर में वाहनों की करें सघन तलाशी




हमीरपुर। चुनाव प्रेक्षक ने शनिवार को हमीरपुर बांदा की सीमा पर बनाए गए बैरियर के साथ उद्योग नगरी में चेकिंग के लिए बनाए गए बैरियर का निरीक्षण करके अधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

शनिवार को दोपहर चुनाव प्रेक्षक पुरुषोत्तम के ने हमीरपुर बांदा सीमा में इसौली गांव के समीप बनाए गए बैरियर का निरीक्षण किया और अधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने सीमा की पंचायत टेढा के बूथो का निरीक्षण करके मतदान के पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने फैक्ट्री एरिया में पुलिस चौकी के सामने चेकिंग के लिए हाईवे पर बनाए गए। बैरियर का निरीक्षण करके यहां से गुजरने वाले सभी वाहनों की सघन तलाशी लेने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक, थानाध्यक्ष राकेश कुमार, फैक्ट्री एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज राहुल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### धूप व लू के थपेड़ों से जनजीवन प्रभावित

मौदहा।अधिक गर्मी बढ़ते तापमान धूप व लू के थपेड़ों से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा है तो वही नौनिहालों को ऐसी गर्मी में स्कूल से आने-जाने में बुरा हाल है जिससे उनके अभिभावक अशहज महसूस कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार भीषण गर्मी बड़ते तापमान से जहां आम जनमानस अस्त व्यस्त हो रहा है। और सड़कों में सन्नाटा पसरा रहता है वही परषदीय एवं अर्ध सरकारी विद्यालयों के नन्हे मुन्ने छात्र छात्राएं दोपहर 1:00 बजे के बाद स्कूल छोड़ते ही 10 किलो का बस्ता पीठ पर लाद कर लूं के थपेड़े खाते हुए रास्ते में कहीं छांव में खड़े होते हैं तो कहीं सर में बस्ता रखकर धूप से बचने का प्रयास करते हैं उनकी यह दास्तान देखकर अभिभावक अपने आप को बच्चों के प्रति असहज महसूस कर रहे हैं। नौनिहाल बच्चों को दोपहर में लू लगने की खतरा ज्यादा बढ़ जाता हैं इस गर्मी बढ़ते तापमान में विद्यालय का समय बदलने के लिए प्रधानाचार्य से अभिभावकों ने गुहार लगाते हुए बच्चों को लूप से बचने का प्रयास किया है वही अभिभावक सुरेंद्र ने बताया की मेरी दो बच्चिया परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत सुबह जाते वक्त तो तापमान ठीक रहता है लेकिन वापस दोपहर 1:00 बजे के समय तेज धूप लू के थपेड़े खाने से बीमार होने की आसार बढ़ जाते हैं जिसका असर बच्चों के स्वास्थ्य पर सीधा पड़ेगा और अध्ययन का कार्य भी प्रभावित होगा इसी प्रकार दूसरे अभिभावक रवि धुरिया ने बताया मेरी बिटिया परिषदीय विद्यालय की छात्रा दोपहर 1:00 बजे छुट्टी होने के बाद चिल्लाती धूप में वापस घर आते समय बहुत ही थकान महसूस करती है और स्कूल अगले दिन स्कूल न जाने के लिए अपने माता-पिता से धूप के बारे बताती है इसलिए अभिभावक बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति चिंतित दिखाई देते हैं और शासन से स्कूल का समय बदलने की जोरदार मांग कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एनएसएस स्वयंसेवकों ने किया सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक

**सिद्धि सरकार से तहसील संवाददाता आयुष त्रिपाठी**

गुरसरांय। जे.एन.मोदी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम द्वितीय तृतीय के स्वयंसेवकों एवं रोड सेफ्टी क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत स्वयं सेवक छात्राओं ने मोंठ रोड पर लोगों को



यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया तथा आते जाते वाहनों को रोककर बताया कि हॉर्न ब्रेक इत्यादि की जांच कर हेलमेट लगाकर ही वाहन चलाएं चार पहिए के वाहनों के ड्राइवर को सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ पुष्पेंद्र सिंह चौहान के निर्देशन में हुए इस जागरूकता कार्यक्रम में बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार सड़क पर बढ़ते वाहनों को देखते हुए 22 अप्रैल से 4 मई तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाने हेतु निर्देशित किया गया है। कार्यक्रम में अनूप कुमार अवस्थी,रश्मि गुप्ता,श्वेता अवस्थी, टोली नायक पलक रायकवार,इशिका पाल,आरती कुशवाहा,रानू शुक्ला, साहीन बानो,लक्ष्मी कुशवाहा,छाया वर्मा सहित महाविद्यालय के रोड सेफ्टी क्लब के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

### गुरसरांय पुलिस ने बिना नंबर प्लेट के वाहनों की चेकिंग की



गुरसरांय। अपराध पर अंकुश लगाने के लिए आज शनिवार देर शाम थानाध्यक्ष गुरसरांय इंस्पेक्टर संतोष कुमार अवस्थी के नेतृत्व में गुरसरांय पुलिस ने पैदल गश्त किया एवं बिना नंबर प्लेट वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया। इसके साथ ही पुलिस ने रात के समय सड़क पर दौड़ने वाले वाहनों और अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से शनिवार को पैदल गश्त किया। इस दौरान थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर संतोष कुमार अवस्थी ने बताया कि पुलिस ने लोगों से बातचीत की और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। असामाजिक तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर माहौल खराब करने का प्रयास किया तो कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### डुग्गी पीटकर किया गया ग्राम वासियों को मतदान हेतु जागरूक

झांसी। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी अविनाश कुमार के कुशल मार्गदर्शन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु विभिन्न उपाय अपनाए जा




रहे हैं जिसके चलते आज प्राचीन परंपरा को पुनर्जीवित करते हुए बबीना विकासखंड के ग्राम रक्सा में डुग्गी पीट कर, ग्राम वासियों को साथ लेकर निगरानी समिति की सदस्य सुश्री प्रगति शर्मा द्वारा रक्सा की गलियों में घूम कर ग्रामीण जनों को एक-एक वोट का महत्व बताते हुए, इन नारों के साथ कि ,÷चुनाव का पर्व देश का गर्व ÷ ÷हम सबने यह ठाना है मतदान करने जाना है ÷कहते हुए शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की, इससे पूर्व ग्राम रक्सा के युवा मतदाताओं को प्रगति शर्मा द्वारा मतदान हेतु शपथ भी दिलाई गई। उक्त अवसर पर सड़क सुरक्षा समिति की सदस्य दीपशिखा शर्मा , सुशांत दीक्षित ,संजय सिंह गौर ,गोविंद रामू डुग्गी वाला ,शिशिर , रवि आदि ग्राम वासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### जीआरपी झाँसी द्वारा ट्रेनों में चोरी करने वाले 02 शातिर मोबाइल चोर धर दबोचे

#### गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 02 एन्ड्रायड मोबाइल फोन बरामद ( अनुमानित कीमत 28हजार 500 रुपये )




झांसी। पुलिस अधीक्षक रेलवे, झाँसी विपुल कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में चोरी/लूट/जहर खुरानी की घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु निरन्तर चल रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे, झाँसी नईम खाँन मंसूरी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक पंकज पाण्डेय जीआरपी झाँसी टीम द्वारा आज दिनांक 27.04.2024 को रेलवे स्टेशन वीरागंना लक्ष्मीबाई झाँसी से 02 शातिर मोबाइल चोर 1.विकास रायकवार पुत्र मुलायम निवासी ताज कम्पाउण्ड नन्दनपुरा थाना सीपरी बाजार जनपद झाँसी 2.कृष्ण कुमार पुत्र सुनील मण्डल निवासी ग्राम रोहरी थाना मंशी जिला खगरिया बिहार हाल पता भल्ला झुग्गी एस ब्लाक थाना सुल्तानपुरी दिल्ली को गिरफ्तार कर कब्जे से दो मोबाइल फोन बरामद किए गए ।

# सहारा से जनता की पाई-पाई दिलवाई जाएगीः प्रदीप

*झांसी! शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आज पत्रकार बन्धुओं के समक्ष पूर्व केन्द्रीय मंत्री और झांसी ललितपुर लोक सभा के इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य ने सालों से परेशान सहारा फाइनेंस के इन्वेस्टर्स, दरबदर अपने ही पैसे के लिए भटकने को मजबूर लोगों से उनको उनका पाई-पाई दिलवाने का वादा किया। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने सहारा ग्रुप की दो कम्पनियों एक सहारा फाइनेंस कॉरपोरेशन और दूसरी सहारा हाउसिंग कॉरपोरेशन को आदेश दिया कि जनता का पैसा मय ब्याज के वापस किया जाए। इसके बाद सहारा कम्पनी द्वारा 36000 करोड़ में 24000 करोड़ रूपये से अधिक की रकम सेवी के पास जमा करा दी गयी थी। माननीय उच्चतम*




*न्यायालय के आदेशों के बाद सेवी को रकम प्राप्ति के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि पैसा धीरे-धीरे जनता को बांटा जाएगा। जिसके लिए उन्होंने एक पोर्टल बनाया लेकिन जब सहारा इन्वेस्टर्स ने पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया तो नब्बे प्रतिशत से ज्यादा निवेशकों के डाटा को मिसमेच बताया गया और उन्हें पैसे का भुगतान नहीं किया गया। जिन लोगों के रजिस्ट्रेशन नहीं हैं उनके पैसे को वर्तमान सरकार सरकारी खजाने में जमा कराने की ओर अग्रसर है। बुन्देलखण्ड के लाखों निवेशकों की परेशानी को देखते हुए आज इंडिया गठबंधन के झांसी ललितपुर लोक सभा के प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य ने हुंकार भरी और सभी को भरोसा दिलाया और वादा किया सभी निवेशकों को उनके एक - एक रूपये का हिसाब कराया जायेगा उन्होंने निवेशकों को सहारा से उनका पाई-पाई दिलवाने का वादा किया।*

*इस मौके पर पूर्व शहर अध्यक्ष नरेश चन्द्र बिल्हाटिया, इम्तियाज़ हुसैन, शहर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, मुकेश अग्रवाल, विवेक बाजपेयी, अखिलेश गुरूदेव, अफज़ाल हुसैन, अनिल बटटा, नीता अग्रवाल, जगमोहन मिश्रा, मनीराम कुशवाहा, सरला भदौरिया, भरत राय, अनिल रिछारिया, मज़हर अली, अजय जैन, शफीक अहमद मुन्ना, मेवा लाल भण्डारिया, इमरान खान, शहनवाज हुसैन, राजकुमार फौजी, हरिओम श्रीवास, ऋषभ भास्कर, प्रताप रायकवार, राजकुमार सेन, विजय यादव, इशरत अली, साबिर हुसैन, पवन राज, जुबैर खान, प्रशान्त वर्मा और अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

## गरौठा,जालौन,भोगनीपुर संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं की पूरी तरह छाई मायूसी, चौंका सकती है प्रत्याशियों को




**सिद्धि सरकार से तहसील संवाददाता आयुष त्रिपाठी**

गुरसरांय। भीषण गर्मी के बीच लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी राजनीतिक दलों में जरा भी गर्मी नही दिख रही हैं इससे लगता हैं कि इंडिया गठबंधन,भाजपा,बसपा प्रत्याशियों से लेकर राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक पूरी तरह ठंडे पड़े हुए है। उधर गरौठा,जालौन,भोगनीपुर संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं की पूरी तरह खामोशी लग रहा है कि इस बार आम और खास मतदाता भी अपना मिजाज ठण्डा रखे हुए है।और कही नतीजा दिलचस्प सामने न आ जाये,इसको भी किसी भी प्रकार से खारिज करने की गुंजाइश नही है।क्योंकि इस संसदीय क्षेत्र में देखा जाए तो विकास से लेकर आम जन कल्याण के लिए कोई भी काम नही दिख रहे है।जिससे युवाओं को जहाँ रोजगार न मिलने से जबरदस्त रोष है तो दूसरी ओर किसान,मजदूर आम लोगों के लिए विकास कल्याणकारी योजनाओं के रास्ते सिर्फ और सिर्फ सूने नजर आ रहे हैं जिसके चलते आम मतदाता मे मायूसी छाई हुई है और गुरसरांय-गरौठा समेत पूरे क्षेत्र के कई मतदाता नोटा का भी उपयोग करने का मन बना रहे है। इस प्रकार भौगोलिक दृष्टि से काफी लंबे चौड़े इस संसदीय क्षेत्र में इस बार कुछ नतीजे अपने में चौकाने वाले भी हो सकते हैं हालांकि अभी प्रत्याशियों ने नामांकन नहीं किया है और हर राजनीतिक पार्टी की क्या चक्रव्यूह रचना होती है इसको लेकर भी सभी राजनीतिक दलों की मुट्ठी बंद है फिलहाल पूरे संसदीय क्षेत्र में मतदाताओं में अभी तक जितने भी चुनाव हुए हैं पहली बार इतनी मायूसी देखी जा रही हैं।

## कन्या मण्डल के स्वस्ति वाचन से शुरू हुआ लॉर्ड महाकालेश्वर स्कूल में प्याऊ

**झाँसी।** लगातार बढ़ रही गर्मी में राहगीरों को अधिकांशतः स्वच्छ और शीतल जल की आवश्यकता होती है। कई बार शरीर में जल के अभाव के कारण डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है वहीं अशुद्ध जल पीने से शरीर में बीमारियां भी उत्पन्न हो जाती हैं इन सभी कारणों को देखते हुए सनशाइन क्लब झाँसी के तत्वावधान में डॉ0 कृष्ण मोहन अग्रवाल की अध्यक्षता, संस्थापक अशोक अग्रवाल काका के सानिध्य, समाजसेवी डॉ0 सन्दीप सरावगी के मुख्य आतिथ्य व पूर्व अध्यक्ष विशाल गुप्ता के संयोजन में आज सनशाइन क्लब द्वारा द्वितीय प्याऊ का शुभारंभ कन्या मण्डल के स्वस्ति वाचन के साथ शीतल जल के मटकों का पूजन कर हुआ। समाजसेवी डॉक्टर संदीप सरावगी द्वारा कार्यक्रमों में आए हुए अतिथियों व अन्य आगंतुकों को मतदान के लिए भी जागरूक किया गया। डॉ0 संदीप ने कहा सशक्त और स्थाई सरकार बनाने के लिए हमें अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए यह अधिकार के




साथ हमारा कर्तव्य भी है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष विनोदअग्रवाल, अजय अग्रवाल कार्ड पैलेस, अखिलेश बिलगइयां, अजय राय, गोपाल साहू, शिवकुमार सरावगी, अशोक लोहिया, अजीत राय अध्यक्ष क्षत्रिय कलचुरी कलवार महासंघ, विकास नगरिया सभासद, संजीव गुप्ता सभासद वार्ड नंबर 59, दीपक नामदेव, परी पटेल, काजल कुशवाहा आदि उपस्थित रहे। अंत में सभी के प्रति आभार संयोजक विशाल गुप्ता ने व्यक्त किया।

## भाजपा प्रत्याशी अनुराग शर्मा ने फल एवं सब्जी मंडी, झांसी में किया जनसंपर्क

### प्रत्येक वर्ग मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनने के लिए प्रतिबद्धः अनुराग शर्मा



झांसी। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर तमाम सियासी दलों का चुनावी प्रचार चरम पर है. ऐसे में तमाम राजनीतिक पार्टियां चुनावी प्रचार में जी जान से जुटी हुई हैं. इसी क्रम में झांसी लोकसभा के भाजपा के प्रत्याशी अनुराग शर्मा के द्वारा भी लगातार लोकसभा क्षेत्र के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में आज भाजपा प्रत्याशी अनुराग शर्मा ने झांसी महानगर की फल एवं सब्जी मंडी के व्यापारियों एवं आम जनमानस के बीच जनसंपर्क किया, इस दौरान लोगों का अपार स्नेह उनको प्रति दिखाई दिया, प्रत्येक व्यक्ति चुनाव के लिए बहुत उत्साहित है, और मोदी की गारंटी पर प्रत्येक जन को विश्वास होता चला जा रहा है..

इस अवसर पर उनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम , ब्लाक प्रमुख राजकन्तेश वर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप पुरी, पूर्व जिला अध्यक्ष मुकेश मिश्रा , पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष सोनी , संजय वाल्मीकि, बृजमोहन मिश्रा, देवदास कुशवाहा ,अवतार खटीक पार्षद, धीरज मिश्रा, आमिर राईन, के0के दुबे, रिंकू वर्मा, एवम अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## कन्या मण्डल के स्वस्ति वाचन से शुरू हुआ लॉर्ड महाकालेश्वर स्कूल में प्याऊ




**झाँसी।** लगातार बढ़ रही गर्मी में राहगीरों को अधिकांशतः स्वच्छ और शीतल जल की आवश्यकता होती है। कई बार शरीर में जल के अभाव के कारण डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है वहीं अशुद्ध जल पीने से शरीर में बीमारियां भी उत्पन्न हो जाती हैं इन सभी कारणों को देखते हुए सनशाइन क्लब झाँसी के तत्वावधान में डॉ0 कृष्ण मोहन अग्रवाल की अध्यक्षता, संस्थापक अशोक अग्रवाल काका के सानिध्य, समाजसेवी डॉ0 सन्दीप सरावगी के मुख्य आतिथ्य व पूर्व अध्यक्ष विशाल गुप्ता के संयोजन में आज सनशाइन क्लब द्वारा द्वितीय प्याऊ का शुभारंभ कन्या मण्डल के स्वस्ति वाचन के साथ शीतल जल के मटकों का पूजन कर हुआ। समाजसेवी डॉक्टर संदीप सरावगी द्वारा कार्यक्रमों में आए हुए अतिथियों व अन्य आगंतुकों को मतदान के लिए भी जागरूक किया गया। डॉ0 संदीप ने कहा सशक्त और स्थाई सरकार बनाने के लिए हमें अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए यह अधिकार के साथ हमारा कर्तव्य भी है।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष विनोदअग्रवाल, अजय अग्रवाल कार्ड पैलेस, अखिलेश बिलगइयां, अजय राय, गोपाल साहू, शिवकुमार सरावगी, अशोक लोहिया, अजीत राय अध्यक्ष क्षत्रिय कलचुरी कलवार महासंघ, विकास नगरिया सभासद, संजीव गुप्ता सभासद वार्ड नंबर 59, दीपक नामदेव, परी पटेल, काजल कुशवाहा आदि उपस्थित रहे। अंत में सभी के प्रति आभार संयोजक विशाल गुप्ता ने व्यक्त किया।

### हज यात्रा 2024 पर जाने वाल हज यात्रियों का प्रशिक्षण / टीकाकरण

*झांसी। हज 2024 की हज यात्रा पर जाने वाले समस्त हज यात्रियों का प्रशिक्षण/टीकाकरण विद्यालय ( हाफिज सिददीकी नेशनल इण्टर कॉलेज, इलाइट चौराहा झॉसी ) में दिनांक. 30.04.2024 समय प्रातः 9:00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक किया जाएगा । तथा दिनांक 30.04.2024 समय प्रातः 9.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक हाफिज सिद्दीकी इंटर कॉलेज में होने वाले प्रशिक्षण / टीकाकरण की समुचित व्यवस्था रहेगी*

### युवक को दो किलो गांजे सहित पकड़ कर भेजा जेल

मऊरानीपुर ।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मऊरानीपुर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ पर भारी छापे मारी कर ग्राम केलुआ निवासी हरनारायण पटेरिया उर्फ ढालू महाराज को उस समय गिरफ्तार कर लिया जकब बह कोडार नदी के आगे घटोरिया बब्बा के चबूतरे के पास ग्राम बीरा से पकड़ कर तलासी की उनके पास से दो किलो ग्राम गांजा व एक तराजू व पचास ग्राम बाट सहित माल बरामद कर धारा8/20, एन डी पी एस एक्ट के तहत कार्यवाही अमल मे लायी गिरफ्तार करने बाली टीम मे उपनिरीक्षक विजय सिंह , मोहित कुमार ,बैभव



कुमार, हेड कांस्टेबल अजय भदौरिया , आशीष कुमार शामिल रहे बताया गया अवैध व्यपार करने बाले की जानकारी मुखबर के द्वारा प्राप्त हुई थी गिरफ्तार कर युबक को पुलिस ने गांजे सहित न्यायालय मे पेश कर दिया

## व्यय प्रेक्षक भारत निर्वाचन आयोग की अध्यक्षता में नोडल अधिकारियों एवं निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण लेखा टीम के साथ बैठक आयोजित

**** उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने दी जनपद में अब तक की गई कार्यवाही की बिंदुवार जानकारी**

झांसी। आज व्यय प्रेक्षक, भारत निर्वाचन आयोग वाघे प्रसाद्रो अन्नासाहेब द्वारा जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन को शान्ति और स्वच्छता के साथ सम्पन्न कराए जाने हेतु सहायक व्यय प्रेक्षकों, नोडल अधिकारी एवं अनुवीक्षण लेखा टीम के साथ बैठक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मा0 व्यय प्रेक्षक द्वारा निर्देश देते हुए कहा कि समस्त बैंक जहां उम्मीदवारों द्वारा बैंक खाता खोला जाता है, उन्हें तत्काल प्रभाव से चैक बुक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नोडल अधिकारी एवं लेखा टीम के सदस्यों को निर्देशित करते हुए कहा कि उम्मीदवारों के खातों के ट्रांजेक्शन की प्रत्येक दिवस रिपोर्ट तैयार करें, ताकि उनके द्वारा किए गए व्यय की सटीक जानकारी प्राप्त हो सके।

मा0 व्यय प्रेक्षक ने एमसीएमसी टीम को निर्देश दिये कि पेड न्यूज एवं सोशल मीडिया के संबंध में जानकारी लें, यदि पेड न्यूज से



संबंधित कोई शिकायत प्राप्त होती है तो तत्काल कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एमसीएमसी प्रमाणन के बिना इलेक्ट्रोनिक मीडिया एवं प्रिंट मीडिया में प्रचार प्रसार किया जाता है, तो तत्काल कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

मा0 व्यय प्रेक्षक ने कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में प्रवर्तन दल में तैनात टीमों के सदस्यों को निर्देश देते हुए कहा कि वह निरंतर अपने क्षेत्र में क्रियाशील रहें। उन्होंने निगरानी टीम, आयकर विभाग, जीएसटी विभाग सहित समस्त निगरानी टीम के सदस्यों को भ्रमण शील रहते हुए सतत निगरानी किए जाने एवं की गई समस्त कार्यवाही से अवगत कराए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने समस्त नोडल अधिकारी एवं टीम के सदस्यों को निर्देश दिए कि सभी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए आदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करते हुए आयोग की मंशानुसार निर्वाचन व्यय प्रक्रिया पूर्ण कराएं।

बैठक की अंत में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार सिंह ने लोकसभा निर्वाचन में प्रवर्तन दल एवं लेखा टीम द्वारा की गई अब तक की कार्रवाई से अवगत कराया गया साथ ही उन्होंने माननीय प्रेषक को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप द्वारा दिए गए सभी दिशा निर्देशों का व्यय अनुवीक्षण टीम के सभी सदस्य द्वारा अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन ए के सिंह, अपर जिला अधिकारी नमामी गंगे अशोक कुमार सिंह, मुख्य कोषाधिकारी अनिल कुमार मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) गोपीनाथ, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सहित लेखा टीम के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

### गरीब परिवार की बेटी के विवाह में मददगार बने रामू राय



**बबीना(झांसी)** ।मानवता की सेवा से बढ़कर कोई अन्य पुनीत कार्य नही होता इसी पंक्ति को चरितार्थ किया बड़ोरा निवासी रामू राय ने ।हर मां बाप का सपना होता है की उसकी बेटी की डोली धूम धाम से उठे लेकिन परिस्थितियों के कारण संभव नही हो पता ।ऐसा ही एक मामला आदिवासी परिवार की बिटिया की शादी के समय देखने को मिला ।मुकुंदी आदिवासी निवासी बड़ोरा की बिटिया की शादी में रामू राय ने अपनी बेटी की तरह की दान दहेज में दो पहिया मोटर साइकिल,एलसीडी सहित गृहस्थी का पूरा समान,भोजन,टेंट लाइट सहित शादी का पूरा खर्च तो उठाया ही साथ ही उक्त बिटिया का पत्नी सहित कन्यादान,तिलक से लेकर बिदाई तक एक पिता की तरह पूरी रस्मे और फर्ज अदा किया ।उनके द्वारा किए गए इस नेक कार्य की प्रशंशा पूरे क्षेत्र में हो रही हे ।इस मौके पर रितेश राय, संजू राय, कमलेश राय,आशीष राय, विनय राय,नितेश राय,कुलदीप राय,बच्ची राय,सुंदर राय,मयंक राय,अमन राय, मयंक राय,खेमराज वकील,जयपाल मुखिया,हरभजन राजपूत,प्रदुम राय,संतोष यादव,हरीराम,राजेश राजपूत,रामकुमार साहू,राम सिंह किराना वाले,भोला यादव रामनरेश राय, ऋषभ राय आदि लोग मौजूद रहे ।सभी का आभार व्यक्त रामू राय ने किया।

संपादकीय

# पुस्तक पढ़ने की आदत को विकसित करने की आवश्यकता



मोबाइल फोन के आने से हमारी पुस्तक पढ़ने की आदत लगभग खत्म सी होती जा रही है एक समय होता था जब हम यात्रा करते समय बस, ट्रेन में पूरा का पूरा उपन्यास ही पढ़ लिया करते थे इस आदत का सबसे अच्छा फायदा ये होता था पढ़ने कि हम सम सामयिक दुनिया से तो जुड़े ही रहते थे साथ ही साथ अनेक ज्ञानवर्धक तथ्य हमें याद रहते थे हम अपनी जानकारी को दूसरों लोगों के साथ साझा कर सकते थे हम सभी बचपन से यह सुनते आए हैं कि पुस्तकें मनुष्य की सबसे अच्छी दोस्त होती हैं। पुस्तकें पढ़ना न केवल अच्छी आदत है बल्कि इसके जरिए हम अपनी रचनात्मक सोच को एक नई दिशा प्रदान कर सकते हैं। नए विचारों के लिए भी किताबें पढ़ना सबसे बेहतर तरीका माना जाता है। किताबों को पढ़ने के इतने सारे फायदों के बाद भी हम नियमित रूप से पढ़ने का समय नहीं निकाल पाते हैं। फिर से पुस्तक पढ़ने की आदत डालने के लिए हमें हर रोज 15 मिनट पुस्तक पढ़ने का प्रयास करना चाहिए यह कोई भी समय हो सकता है। जैसे सुबह उठने के बाद, सोने से पहले, दोपहर के खाने के समय या फिर यात्रा के दौरान। लेकिन यह 15 मिनट नियमित होने चाहिए। इतना समय पुस्तकों के लिए देंगे तो धीरे-धीरे यह हमारी आदत में सम्मिलित हो जाएगा और हम पुन: पुस्तक पढ़ने लगेंगे पुस्तक पढ़ने से न केवल हमें लाभ होगा अपितु अनेक लेखकों का पुनर्जन्म भी हो जाएगा क्योंकि लेखकों को जब पाठक नहीं मिलते तो उनका लेखन बंद हो जाता है इसलिए लिए हम पुन: अपनी पढ़ने की आदत को विकसित करें और अपने ज्ञान को समृद्ध करें।

अजीत सक्सेना ( उप संपादक )

## आज का राशिफल

**मेष:** आज आपका दिन जिम्मेदारियों से भरा रहने वाला है। आज ऑफिस में दोस्त आपके प्रोजेक्ट से काफी आश्चर्यचकित होंगे। आज बेटे के आगे बढ़ने से आपको काफी खुशी होगी।

**वृष:** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज कार्य क्षेत्र में आपको सफलता मिलती रहेगी। आपको निरंतर मेहनत करने की अवश्यकता है। आज आपके कुछ दोस्त आपसे मिलने घर आ सकते हैं।

**मिथुन:** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपके दांपत्य जीवन में सुख सौहार्द्र बढ़ेगा। आज पारिवारिक खुशियों में बढ़ोतरी होगी।

**कर्क:** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आमदनी के बढ़ते आपकी जिम्मेदारियां भी बढ़ेगी। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आप उनका भरपूर फायदा उठाएंगे।

**सिंह:** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। प्रॉपर्टी डीलर्स को आज कोई बड़ी डील हाथ लगेगी, जिससे भविष्य में आपको अधिक लाभ होगा। आज घर का माहौल बदलने के लिए आप पार्टी कर सकते हैं।

**कन्या:** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। माता-पिता आपका मनोबल बढ़ाएंगे, साथ ही आपके निर्णय में उनका भरपूर सपोर्ट मिलेगा। अगर आपका कोई कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है तो जल्द पूरा हो जायेगा।

**तुला:** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। भाई-बहनों में आपसी मेलजोल बढ़ेगा। इस राशि के प्रतियोगी परिक्षा के छात्रों को कामयाबी तक पहुंचने में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक :** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। दोस्तों से अपने मन की बात कहेंगे, जिससे आपका मन हल्का होगा। बिना किसी अनुभावी की राय लिए आपको बिजनेस शुरू नहीं करना चाहिए।

**धनु:** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज बड़ों का सम्मान करेंगे। लम्बे समय से स्वास्थ्य सम्बंधित समस्या से परेशान लोगों को काफी हद तक आराम मिलेगा।

**मकर:** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज अपने शरीर को थोड़ा आराम देना चाहिए, अनावश्यक सोच-विचार करने से बचना चाहिए। आज भाई आपसे किसी जरुरी मसले पर आपकी राय लेंगे।

**कुंभ:** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। छोटी-छोटी बातों में आज आपको उलझने से बचना चाहिए। सरकारी विभाग से जुड़े लोगों को सम्मानित किया जाएगा साथ ही आपका पद भी बढ़ने की उम्मीद है।

**मीन:** आज आपका दिन कार्यक्षेत्र में सफलता दिलाने वाला है। आय में वृद्धि के अनेकों मार्ग मिलेंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति पहले से और मजबूत बनेगी। आज किसी मेहमान का आगमन हो सकता है।

## प्रचार के लिए स्वतंत्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अलीगढ़ में भाषण बांसवाड़ा का विस्तार है। ये दोनों भाषण एक दिन के अंतराल पर हैं। दोनों की पिच एक है। कांग्रेस पर हमले के बहाने, बहुसंख्यकों में उसके शासन का डर बैठाना। यह कहना कि 'उनकी गाढ़ी कमाई से अर्जित संपत्तियां, यहां तक कि 'स्त्रीधन कहे जाने वाले महिलाओं गहने-मंगलसूत्र-तक माओवादी की तरह छीन लिये जाएंगे।' राष्ट्रीय संसाधन पर अल्पसंख्यकों, वे जो 'घुसपैठिए' हैं, वे 'जिनके ज्यादा बच्चे' हैं, का पहला हक होने' की वकालत की याद दिला कर बहुसंख्यकों में उनके प्रति हिकारत पैदा कराना। प्रधानमंत्री अपने पक्ष में प्रचार के लिए स्वतंत्र हैं। पर वे कांग्रेसी मैनिफेस्टो या 2006 में तात्कालिक प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के भाषण को तोड़-मरोड़ कर पेश करने के लिए नहीं। वे भूल जाते हैं कि ऐसे भाषण विभाजनकारी कोटि में आते हैं। चुनाव में होने के बावजूद एक प्रधानमंत्री के रूप में इसकी उन्हें इजाजत नहीं है। कांग्रेस चुनाव आयोग से मिल कर उनके एवं पार्टी के विरुद्ध 17 शिकायतें की हैं। प्रधानमंत्री के भाषण से लगता है, कांग्रेस जैसे सत्ता में आ रही है। ऐसा पहले चरण के मतदान में गिरावट से उन्हें लगा है। हालांकि कम वोट भाजपा का निरस्तीकरण नहीं है। पर यह आरएसएस कार्यकर्ताओं के अनुत्साह को दर्शाता है। दूसरी बात, कांग्रेस ने अपने मैनिफेस्टो में मोदी-राज में बढ़ी आर्थिक विषमताओं के आलोक में एक आयोग बैठाने की बात की है। सरप्लस भूमि-वितरण की बात की है। इसमें गलत क्या है? स्वयं प्रधानमंत्री एवं उनकी पार्टी और अन्य सारे दल इस तरह के कार्यक्रमों के साथ आने का वादा करते हैं। मनमोहन सिंह ने 'देश के आर्थिक संसाधनों को हाशिए पर पड़े तमाम समुदायों को देने' की बात कही थी। यह प्रधानमंत्री भी जानते हैं कि देश के मुसलमान 'घुसपैठिए' नहीं हैं। वे भी अन्य के जैसे देश के नागरिक हैं, राष्ट्रवादी हैं। उनकी जनसांख्यिकी दर हिन्दू जितनी है। बेशक, लोगों के कल्याण और उनकी पहचान को जोड़ने पर राजनीतिक और चुनावी बहस हो सकती है, लेकिन मोदी के भाषण इस पर व्यापक संदेश भेजने के उनके स्वयं के प्रयासों के विरुद्ध हैं, जो लाभार्थियों में जाति-समुदाय के आधार पर भेदभाव नहीं करता। वे खुद भारत की विविधता एक 'बहुरत्नधारी वसुंधरा' मानते हैं, लेकिन पूरे समुदाय को एक विरोधी के रूप में पेश करके, प्रधानमंत्री उस बहस को व्यापक करने की संभावनाओं को सिकोड़ देते हैं।

# चुनाव में सभी दलों की निगाहें युवाओं पर टिकी

-संजय गोस्वामी



अगर लोकतंत्र के महायज्ञ की बात करें तो समारोह की घोषणा 28 मार्च को माननीय मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा शुरू हो गया मुख्य चुनाव आयुक्त ने 2024 के लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की, जो 19 अप्रैल से 22 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सात चरणों में होगा। उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल में सभी सात तारीखों पर मतदान होगा, जबकि जम्मू और कश्मीर में पांच चरणों में मतदान होगा, सात जिलों में मतदान की प्रक्रिया 19 अप्रैल को खत्म हो गई और 1 जून तक सभी सात जिलों में मतदान पूरा हो जाएगा। पूरे देश में वोटों की गिनती 4 जून को होगी। 4 जून दोपहर तक नई सरकार की तस्वीर लगभग साफ हो जाएगी। सत्ता की चाभी विशेषकर महत्वाकांक्षी युवा मतदाताओं के हाथ में लगती दिख रही है। सभी प्रमुख राजनीतिक दल युवाओं को लुभाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। दरअसल, युवा मतदाताओं की मुखरता नतीजों में झलक रही है। लोकसभा के पिछले दो चुनावों में वह युवा मतदाताओं यानी श्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के साथ रहे हैं। हालाँकि, जिन देशों में क्षेत्रीय दल और सरकारें सत्ता में रही हैं, उनमें युवाओं ने क्षेत्रीय दलों को प्राथमिकता दी है। इसका कारण यह नहीं है कि युवा भाजपा के समान ही हैं, बल्कि युवा, राष्ट्रवाद और राजनीतिक दलों का स्तर भी अलग-अलग स्तर पर देखा गया है। युवा और महिला मतदाताओं ने वोट देने की पहल की है और इसमें कोई संदेह नहीं है, 2009 और 2014 के चुनावों में महिलाएं और युवा भाजपा के लिए मजबूत मतदाता पाए गए हैं। हमारा लोकतंत्र दुनिया का सबसे जटिल लोकतंत्र है। मतदाताओं की बहुसंख्यक आबादी, विविधताएं और भौगोलिक, सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक परिस्थितियां बेहद गंभीर हैं, खासकर चुनाव आयोग और चुनाव आयोग के लिए। लेकिन हमें गर्व है कि हमारा चुनाव आयोग और चुनाव प्रणाली दुनिया के देशों में सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। दुनिया, उसके देश और हमारी सरकार व चाहतों पर नज़र रहती है। पहले चुनावों ने देश में पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है और दुनिया भर के लोग हमारे चुनावों और मतदान के साथ-साथ मतगणना में भी रुचि रखते हैं। वे देखने और समझने आते हैं। पूरी दुनिया, देशों की नज़र हमारे सपनों पर रहती है। यहां खास बात यह है कि चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल और मतदाता अनुकूल बनाने के लिए लगातार प्रयास किये हैं। प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ निष्पक्ष एवं पारदर्शी व्यवस्था भी होनी चाहिए, इसलिए प्रतिस्पर्धा आयोग द्वारा बंद व्यवस्था की आलोचना की गई है। मतदाता मतदान आसान, सुलभ हो गया है और राजनीतिक दलों या अन्य बाहरी प्रभावों पर मतदाताओं की निर्भरता समाप्त हो गई है। जबकि दुनिया के अन्य देशों में लोकतंत्र समान है, हमारे इंडिया में कुल मतदाताओं की तुलना में 18 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के मतदाता अधिक हैं। इसके अलावा 26 से 35 वर्ष तक के मतदाता भी युवा और युवा वर्ग की श्रेणी में आते हैं। हमारे देश में विश्व के सबसे अधिक मतदाता संख्या वाले देशों की कुल संख्या से भी अधिक मतदाता हैं। इस साल 18वीं विधानसभा के लिए होने वाले मतदान में 98.6 फीसदी मतदाता हिस्सा लेंगे, जबकि यूरोपीय संघ में 40 फीसदी, इंडोनेशिया में 20.4 फीसदी, अमेरिका में 16 फीसदी और पाकिस्तान में 12.8 फीसदी मतदाता होंगे। वह एक बिगड़ैल वोटर हैं। जो धर्म के नाम पर चुनाव का नतीजा तय करती है खैर, यह अलग बात थी, लेकिन लोकसभा में पहले दो मुकाबलों के नतीजों से यह साफ हो गया कि युवाओं ने जिस पर भरोसा जताया, वही सरवेरा बन गया। दिलचस्प बात यह है कि युवाओं और महिलाओं में यह विश्वास ही नई सरकार की कुंजी है, खासकर भारत सरकार को मजबूत करने में युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी। रहा है। चुनाव आयोग द्वारा जारी नतीजों के मुताबिक, 18वीं लोकसभा के चुनाव में 543 सीटों के लिए 96.8त्न पंजीकृत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें से 82 लाख नए पंजीकृत मतदाता हैं, 47.15 लाख महिला मतदाता हैं और 49.7 नए पंजीकृत मतदाता हैं। जहां 17वीं लोकसभा चुनाव में लगभग 1.5 प्रतिशत नए मतदाता या पहली बार मतदाता थे, वहीं 18वीं लोकसभा चुनाव में 1.82 प्रतिशत नए मतदाता या पहली बार मतदाता थे। वे क्या उपयोग करेंगे? दूसरे, पिछले लोकसभा चुनाव में युवाओं को दो श्रेणियों यानी 18 से 25 साल और 26 से 35 साल में बांटकर वोटिंग प्रतिशत का आकलन और विश्लेषण किया गया था। बात यह है कि युवाओं में, समाज के दोनों वर्गों में भाजपा और कांग्रेस की तुलना में मतदान का अंतर बहुत अधिक था। 2019 के लोकसभा चुनाव में 18 से 25 साल के 44 फीसदी युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को वोट दिया, जबकि 26 से 35 साल के 46 फीसदी युवाओं ने बीजेपी पर भरोसा जताया। दिलचस्प बात यह है कि दोनों आयु वर्ग में 26-26 फीसदी मतदाताओं ने ब्रिटिश प्रेस पर भरोसा जताया, जबकि 28 से 30 फीसदी युवाओं ने दूसरी पार्टियों पर भरोसा जताया। लेकिन अलगयुवा युवाओं के बीच कांग्रेस और बीजेपी के बीच विश्वास को लेकर कोई बड़ी बात नहीं है और यहां बताया गया है कि वे बीजेपी और नरेंद्र मोदी को क्यों पसंद करते हैं? क्योंकि वो मजबूत चेहरा के रूप में श्री नरेंद्र मोदीजी और उप्र के मुख्य मंत्री योगीजी उभरे हैं। 2019 में वोट बंटवारे से यह भी स्पष्ट हो गया कि विपक्षी दलों में बिना पेंदी के लोटा जैसा है और सभी पार्टियों के मन में प्रधानमंत्री का सपना है । चाहे युवा हों, महिलाएं हों या नए मतदाता हों, तीनों ही श्रेणियों में बीजेपी को कांग्रेस के मुकाबले बहुत ज्यादा समर्थन मिला है।क्योंकि कांग्रेस परिवारवाद से ऊपर नहीं उठ रही है और जिस तरह श्री राहुल गाँधी की भाषा पब्लिक के सामने आई है वो नहीं चाहती है देश और भी संकट में जाए इससे यह स्पष्ट होता है कि 2024 का चुनाव युवाओ और महिलाओ के कारण दिशा तय करेंगी इस शताब्दी के पूर्वार्ध में अनुमानित जनसंख्या वृद्धि चुनौतीपूर्ण है।

# महंगाई से हटकर मंगलसूत्र तक

- मुस्ताअली बोहरा



लोकसभा 2024 का चुनाव अब आम जनता की बुनियादी जरूरतों और सरकार की जवाबदेही से हटकर बेमानी बयानों और आरोप-प्रत्यारोपों पर आ गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान की एक जनसभा में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए अपने भाषण में मंगलसूत्र का जिक्र किया था। इसके बाद से भाजपा, कांग्रेस, सपा और अन्य राजनीतिक दलों ने मंगलसूत्र को आधार बनाते हुए टीका टिप्पणी शुरू कर दी है। मोदी जी ने अपने भाषणों में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि नौकरीपेशा लोगों के कमाए हुए धन और जमीन-मकान का भी सर्वे कराया जाएगा। यदि आपके पास दो घर हैं, तो एक घर छीन लिया जाएगा और उसे ज्यादा बच्चों वालों में बांट दिया जाएगा। कांग्रेस की यह नक्सलवादी सोच उसके चुनाव घोषणा-पत्र में साफ दिखती है। क्या आप ऐसी सरकार बनने देंगे? देश के आर्थिक संसाधनों पर शहरी नक्सलियों का कब्जा होगा। आखिर मोदी जी ने ये किस आधार पर कहा है कि हिंदू माताओं-बहनों के 'मंगलसूत्र' तक बांट दिए जाएंगे? मोदी जी ने डॉ. मनमोहन सिंह के 9 दिसंबर, 2006 को राष्ट्रीय विकास परिषद की बैठक में दिए गए बयान की व्याख्या की है लेकिन ऐसा कुछ है नहीं जो मोदी जी ने कहा। तब तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह ने नई योजनाओं के संदर्भ में दलित, आदिवासी, ओबीसी, महिलाओं और बच्चों के साथ ही मुस्लिम अल्पसंख्यकों की भी बात कही थी। ये सभी जानते हैं कि संसाधनों पर किसी एक तबके या समुदाय का पहला हक नहीं हो सकता। यही वजह है कि तब मनमोहन सिंह के बयान की भी तीखी आलोचना की गई थी। एक बड़े मतदाता वर्ग को लुभाने के लिए दूसरे समुदाय को टारगेट करना, मोदी जी के सबका साथ-सबका विकास के दावे को झुठलाते नजर आते हैं। कांग्रेस के चुनाव घोषणा-पत्र में ऐसा कोई भी वायदा नहीं है, जैसा प्रधानमंत्री ने बताया है। 'मंगलसूत्र' छीनने और बांटने की भी घोषणा नहीं की गई है। ये जरूर है कि जातीय जनगणना, जातियों-उपजातियों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों का पता लगाने, मुसलमानों के सशक्तिकरण, सर्वे के आधार पर भागीदारी और अधिकार तय करने की बात घोषणा-पत्र में है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हैदराबाद की रैली में कहा था कि यह आर्थिक सर्वे भी कराया जाएगा कि किस वर्ग के पास कितना धन है। इसमें मां-बहनों के 'मंगलसूत्र' और गहने कहां से आ गए? कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर मोदी जी ने जो व्याख्या की और उसका अपने भाषणों में जिक्र किया है उससे उसे भाजपा को घेरने का मौका मिल गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि वो कांग्रेस के घोषणा पत्र की ब्यौरा विस्तार से बताएंगे साथ ही प्रधानमंत्री से पूछेंगे कि जो आप कह रहे हैं वो कहां लिखा है।जो भी हो संपत्ति बटवारे, सोने-चांदी के गहने और मंगलसूत्र को लेकर सियासत तेज हो गई है। मोदी के बयान पर विपक्ष के नेताओं ने तीखी टिप्पणी की है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि पीएम मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को मंगलसूत्र से क्या लेना देना है। कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी ने मोदी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि पिछले करीब 70 सालों में 5 दशक से ज्यादा समय तक कांग्रेस की सरकार रही तब क्या किसी ने आपका सोना छीना और आपके मंगलसूत्र छीने। प्रियंका ने ये भी कहा कि जब देश में जंग हुई थी तब इंदिरा गांधी ने अपना सोना देश को दिया था और मेरी मांग का मंगलसूत्र यानि राजीव गांधी देश पर कुर्बान हुए हैं। प्रियंका ने कहा कि जब सैकड़ों किसानों की जानें गईं तो क्या मोदी जी ने उन विधवाओं के मंगलसूत्र के बारे में सोचा। जब मणिपुर में महिला को नग्न घुमाया गया तब उन्होंने उनके मंगलसूत्र के बारे में सोचा। इसी तरह तेजस्वी यादव ने सवाल किया कि माताओं-बहनों का सुहाग कौन छीन रहा है। चीन के हमले में सेना के जवान शहीद हुए तो सुहान किसने छीना। पुलवामा में जिन जवानों ने शहादत दी तो सुहाग किसने छीना। किसान आंदोलन में किसानों ने शहादत दी तो सुहाग किसने छीना। बेरोजगादी, गलत कृषि नीति और बदहाल अर्थव्यवस्था के कारण किसान, व्यापारी और युवाओं ने आत्महत्याएं कीं तो सुहान किसने छीना। 2014 में दस ग्राम सोना 24 हजार का था और 73 हजार रूपए का हो गया, माताएं-बहनें आज नया मंगलसूत्र भी नहीं बनवा सकतीं। तेजस्वी यादव ने कहा कि मोदी जी इधर-उधर की छोड़िए बात बेरोजगारी, मंहगाई और बदहाल अर्थव्यवस्था की कीजिए। खैर, बात मोदी जी के भाषणों की तो पहले चरण के बाद जिस तरह से मोदी जी ने अपने भाषणों का रूख बदला है उससे ये महसूस हो रहा है कि पार्टी अपने पुराने हिंदुत्व के एजेंडे पर लौट रही है। मोदी जी ने जिस तरह से ज्यादा बच्चे, घुसपैठिए, मंगलसूत्र, सोने-चांदी के गहनों को छीनकर ज्यादा बच्चे वालों को बांटने आदि के बयानों ने वोटों के ध्रुवीकरण की कोशिश की है उससे एक बड़ा वर्ग हतप्रभ है।

# कम मतदान होने का सच वही नहीं जो बताया जा रहा

अवधेश कुमार



कसभा चुनाव के पहले चरण के 102 स्थानों का लोकसभा चुनाव संपन्न होने के कई तरह के आकलन सामने आ रहे हैं । इस दौर में नौ राज्यों तमिलनाडु ,उत्तराखंड, अरुणाचल, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम ,नगालैंड, सिक्किम तथा तीन केंद्र शासित प्रदेशों अंडमान, लक्षद्वीप और पुडुचेरी का मतदान संपन्न हो चुका है। हिंदी भाषी राज्यों के दृष्टि से देखे तो ऐसे 35 स्थान का चुनाव संपन्न हुआ है जिनमें बिहार के चार ,मध्य प्रदेश के 6 ,राजस्थान के 12, उत्तर प्रदेश के आठ और उत्तराखंड के पांच स्थान शामिल हैं। दक्षिण के राज्य तमिलनाडु के सभी 39 स्थानों पर मतदान संपन्न हो चुका है। माना जा रहा था कि देश के एक बड़े क्षेत्र में मतदान के बाद इसकी प्रवृत्तियों का आकलन करना थोड़ा आसान हो जाएगा। लेकिन मतदान के बाद आम टिप्पणी यही है कि प्रवृत्तियों का आकलन कठिन हुआ है। बहरहाल , इसकी सबसे बड़ी विशेषता रही कि पश्चिम बंगाल को छोड़कर कहीं भी किसी तरह की हिंसा की घटना नहीं हुई। यह बताता है कि देश का चुनाव तंत्र बिल्कुल सहज ,सामान्य और सुव्यवस्थित अवस्था में काम कर रहा है। इसका अर्थ यह भी है कि हम कम अवधि और कम चरणों में भी लोकसभा चुनाव को समाप्त कर सकते हैं। सबसे ज्यादा चर्चा मतदान प्रतिशत कम होने को लेकर है और कई तरह के आकलन किया जा रहे हैं। हालांकि तथ्य नहीं है कि सभी क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत ज्यादा गिरा है। पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा में ज्यादा मतदान हुए तो बिहार और उत्तराखंड में अत्यंत कम। इन दो राज्यों में भी अलग-अलग क्षेत्र को देखें तो कहीं ज्यादा तो कहीं कम मतदान हुआ है। उत्तर प्रदेश में 2019 के मुकाबले लगभग 5.30 प्रतिशत कम मतदान हुआ। सबसे अधिक 83.88 प्रतिशत मतदान लक्षद्वीप सीट पर तो बंगाल के जलपाईगुड़ी में 82.15% मतदान हुआ। हिंसा के शिकार मणिपुर में मतदान कम नहीं माना जा सकता है। कुल मिलाकर इन क्षेत्रों में 2019 में औसत मतदान 69.43 त्न से ज्यादा हुआ था। चुनाव आयोग के अंतिम आंकड़ों के अनुसार यह करीब 68.29 प्रतिशत है। यानी करीब 1.14% कम मतदान हुआ है। तो राष्ट्रीय स्तर पर मतदान में ज्यादा गिरावट नहीं है । 2019 लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा मतदान हुआ था। तो यह माना जा सकता है कि लोकसभा चुनाव में इससे ज्यादा मतदान की संभावना शायद अभी नहीं है। नागालैंड में इसलिए मतदान प्रतिशत ज्यादा गिरा क्योंकि छह जिलों में ईस्टर्न नगालैंड पीपुल्स फ्रंट (ईएनपीओ) ने अलग राज्य की मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार किया था। इन छह जिलों के 20 विधानसभा क्षेत्रों में चार लाख से अधिक मतदाता हैं। जब इतनी संख्या में मतदाता मत डालेंगे नहीं तो उसे गिरना ही है। इसे मतदान की प्रवृत्ति नहीं मान सकते। करीब डेढ़ दशक पहले मतदान घटने का अर्थ सत्तारूढ़ घटक की विजय तथा बढ़ने का अर्थ पराजय के रूप में लिया जाता था और प्राय: ऐसा देखा भी गया। किंतु 2010 के बाद प्रवृत्ति बदली है। मतदान बढ़ने के बावजूद सरकारें वापस आई हैं और घटने के बावजूद गई है। इसलिए इसके आधार पर कोई एक निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। दूसरे, हर जगह मतदान प्रतिशत ज्यादा गिर भी नहीं है। तीसरे, बंगाल में साफ दिखाई दे रहा है कि दोनों पक्षों के मतदाताओं में एक दूसरे को हराने और जीताने की प्रतिस्पर्धा है।

# आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला, याचिकायें खारिज, मतदाताओं में मायूसी

- सनत जैन



वीवीपेट, ईवीएम मशीन और मतदाता पर्ची की गिनती करने की मांग वाली याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। जो दो याचिकाएं लगाई गईं थीं, उनमें मांग की गई थी, कि वीवीपेट से निकलने वाली सभी पर्चियों की गिनती कराई जाए। जो पर्ची मशीन से निकलती है, उसे मतदाता के हाथ में दी जाए। मतदाता स्वयं पर्ची को बैलट बॉक्स में डाले। यदि यह संभव न हो, तो वीवी पेट में जो काला कांच लगा है, जो लाइट 7 सेकंड के लिए जलती है। उस वीवीपेट मशीन का ग्लास बदल दिया जाए। ताकि मतदाता ने जिसे वोट दिया है, उसे देख पाए। मतदाता के सामने ही पर्ची कटकर वैलिड बॉक्स में गिरी है, या नहीं, यह मतदाता सुनिश्चित कर सकें। तीन बार सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान जिस तरह के संकेत मिल रहे थे। उससे लग रहा था, इस मामले में याचिका कर्ताओं को कोई राहत मिलने वाली नहीं है। इसके पहले भी चुनाव आयोग से संबंधित याचिकाओं को यही बेंच खारिज कर चुकी थी। यह याचिका लंबे समय से सुनवाई के लिए लंबित थी। चुनाव अधिसूचना जारी होने के बाद, इसमें सुनवाई शुरू हुई। याचिकाकर्ता 100 फ़ीसदी मतदाता पर्चियों की गिनती की मांग कर रहे थे। इस मांग को सुप्रीम कोर्ट ने नहीं माना। सभी याचिकाओं को निरस्त कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने 45 दिन तक कंट्रोल मशीन को सील कर सुरक्षित रखने का आदेश दिया है। वहीं 7 दिन के अंदर दूसरे या तीसरे नंबर का उम्मीदवार अपने खर्चे पर कंट्रोल यूनिट की जांच की मांग कर सकता है। इसकी मांग करने वाले उम्मीदवार को उसका खर्च देना पड़ेगा। यदि कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई, तो उम्मीदवार के द्वारा जमा की गई राशि वापस नहीं की जाएगी। गड़-बड़ी पाए जाने पर उम्मीदवार को राशि वापस कर दी जाएगी।

पिछले कई महीनों से ईवीएम, वीवीपेट मशीन तथा कंट्रोल यूनिट की कार्यप्रणाली को लेकर आंदोलन किये जा रहे थे। सुप्रीम कोर्ट के कई अधिवक्ताओं ने भी धरना-प्रदर्शन करके वीवीपेट से निकलने वाली सभी पर्चियां की गिनती कराने की मांग की थी। सारे देश में मतदाताओं द्वारा 100 फ़ीसदी मतदाता पर्ची गिनने की मांग की जा रही थी। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से लोगों में निराशा है। चुनाव आयोग के आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को बदलते हुए, सरकार ने जो कानून बनाया है, उसमें सरकार द्वारा जिन दो चुनाव आयुक्त की नियुक्ति अधिसूचना जारी होने के 1 दिन पहले की गई है। उस नियुक्ति को लेकर भी लोगों में चुनाव आयोग के प्रति विश्वास कम हुआ है। लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के मतदान के दौरान चुनाव आयोग की भूमिका को लेकर भी सारे लोग हैरान हैं। विपक्ष द्वारा की गई शिकायतों पर चुनाव आयोग मौन साध कर बैठ जाता है। सत्ता पक्ष की शिकायत पर विपक्ष पर तुरंत कार्रवाई कर दी जाती है। ऐसी स्थिति में सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला सरकार और चुनाव आयोग को राहत देने वाला फैसला माना जा रहा है। आम मतदाताओं की मांग और आशंकाओं को सुप्रीम कोर्ट ने विचार नहीं किया है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से निष्पक्ष चुनाव होगा। इस पर मतदाताओं का संदेह कम होने की बजाय और बढ़ जाएगा। मतदाताओं में पहले ही निराशा थी। इस फैसले के बाद यह निराशा और भी बढ़ेगी। सत्ता पक्ष द्वारा जब यह दावा किया जाता है, इस बार 400 पार, यह दावा ईवीएम मशीन और वीवीपीएटी की कार्य प्रणाली को लेकर किया जा रहा है? यह बात मतदाता के मन में बैठ चुकी है। चुनाव आयोग जिस तरह से गांधी जी के तीन बंदर बुरा मत देखो, बुरा मत सुनो, और बुरा मत बोलो, की तर्ज पर सरकार के समर्थन में बैठा हुआ है। इसको देखते हुए लोगों को चुनाव पर कितना विश्वास रहेगा, कहा नहीं जा सकता है। वीवीपेट से निकली हुई पर्ची की 100 फीसदी गिनती और वीवी पेट से सही पर्ची प्रिंट हुई है। यह जानने का अधिकार मतदाता का है। सुप्रीम कोर्ट से यह आशा की जा रही थी, कम से कम आमजनता के इस अधिकार को बनाए रखने में, सुप्रीम कोर्ट का फैसला मतदाताओं के पक्ष में आएगा। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय से मतदाताओं को निराशा ही मिली है। लोकतंत्र की रीड की हड्डी चुनाव पर यदि मतदाताओं को भरोसा नहीं रहेगा, तो भारतीय लोकतंत्र और संविधान भी सुरक्षित नहीं रहेगा यह लोगों का मानना है।

# पंजाब ने आईपीएल का सबसे बड़ा टारगेट चेज किया

## कोलकाता के खिलाफ 18.4 ओवर में 262 बनाए, बेयरस्टो का शतक, शशांक की फिफ्टी



नई दिल्ली। पंजाब किंग्स ने आईपीएल का सबसे बड़ा टारगेट चेज कर लिया है। टीम ने मौजूदा सीजन के 42वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को 8 विकेट से हराया। पंजाब ने कोलकाता के होमग्राउंड पर 18.4 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 262 रन बना दिए।

पंजाब किंग्स से जॉनी बेयरस्टो ने सेंचुरी लगाई। वह 48 बॉल पर नाबाद 108 रन बनाकर नाबाद रहे, शशांक सिंह ने 28 बॉल पर नाबाद 68 रन बनाकर टीम को विशाल टारगेट चेज करवाया। प्रभसिमरन सिंह ने भी 20 बॉल पर 54 रन बनाए। कोलकाता से सुनील नरेन ने एक विकेट लिया। वहीं एक बैटर रनआउट हुआ।

ईडन गार्डन्स स्टेडियम में शुक्रवार को पंजाब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। कोलकाता ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 261 रन बनाए। फिल सॉल्ट (37 बॉल पर 75 रन) और सुनील नरेन (32 बॉल पर 71 रन) ने अर्धशतक जमाए। दोनों में शतकीय साझेदारी हुई। आंद्रे रसेल ने 24, वेंकटेश अय्यर ने 39 और श्रेयस अय्यर ने 28 रन बनाए। पंजाब से अर्शदीप सिंह को 2 विकेट मिले। इस जीत के साथ पंजाब की टीम मौजूदा सीजन के 8वें नंबर पर आ गई है, जबकि कोलकाता दूसरे स्थान पर कायम है। पंजाब के 6 अंक हो गए हैं, जबकि कोलकाता के पास 10 अंक हैं। इस मुकाबले में ढ्ढक्करु के एक मैच में सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड टूटा। इस मुकाबले में 42 छक्के लगे। पिछला रिकॉर्ड 38 छक्कों का था। जो इसी सीजन में स्क्र॥ और स्ह्र मैच के दौरान बना था।

19वें ओवर की चौथी बॉल पर शशांक सिंह के सिंगल के साथ पंजाब ने ढ्ढक्करु का सबसे बड़ा रन चेज कर लिया है। टीम ने 18.4 ओवर में 262 रन बना लिए। शशांक ने 28 बॉल पर नाबाद 68 रन की पारी खेली। जबकि जॉनी बेयरस्टो 48 बॉल पर नाबाद 108 रन बनाकर वापस लौटे।

### शशांक सिंह की 23 बॉल पर फिफ्टी

18वें ओवर में शशांक सिंह ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने 23 बॉल पर फिफ्टी पूरी की। इसी ओवर में पंजाब ने 250 रन का स्कोर पार कर लिया है।

### बेयरस्टो-शशांक की फिफ्टी पार्टनरशिप

17वें ओवर में जॉनी बेयरस्टो और शशांक सिंह ने तीसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली है। चमीरा के ओवर की आखिरी बॉल पर शशांक सिंह ने छक्का जमाते हुए अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की। इस ओवर के बाद पंजाब का स्कोर 228/2 रहा।

## नेत्रा ने दिलाया नौकायन में भारत को दूसरा पेरिस ओलंपिक कोटा, क्वालिफायर में पांचवें स्थान पर रहीं



नई दिल्ली। नेत्रा कुमानन ने शुक्रवार को फ्रांस के हेरेस में 'लास्ट चांस रेगाटा' ओलंपिक क्वालिफायर में भारत के लिए दूसरा पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया। तीन साल पहले टोक्यो ओलंपिक में हिस्सा ले चुकीं नेत्रा ने महिलाओं की डिंघी (आईएलसीए 6) में हिस्सा लेते हुए 67 अंक हासिल कर पांचवें स्थान पर रहीं।

उन्होंने 'एमर्जिंग नेशन्स प्रोग्राम' बैनर के अंतर्गत यह कोटा हासिल किया। नौकायन की वैश्विक संस्था वर्ल्ड सेलिंग ऐसे देशों को ईएनपी कार्यक्रम के तहत शीर्ष स्तर पर खेलने का मौका देती है जिन्होंने अभी नौकायन में अपनी ज्यादा बड़ी पहचान नहीं बनाई है।

शीर्ष तीन खिलाड़ियों में रोमानिकया की इबरू, साइप्रस की मेरिलेना मकारी और स्लोवानिया की लिन रहीं। छह बार की ओलंपियन तात्याना ने तटस्थ एथलीट के रूप में भाग लेते हुए चौथा स्थान हासिल किया।

## ऑरेंज कैप की रेस में विराट कोहली के नजदीक पहुंचे सुनील नरेन



नई दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स वर्सेस पंजाब किंग्स आईपीएल 2024 के 42वें मुकाबले के बाद ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की रेस में कुछ बदलाव देखने को मिले हैं। केकेआर से सलामी बल्लेबाज सुनील नरेन पीबीकेएस के खिलाफ 71 रनों की धुआंधार पारी खेल आईपीएल 2024 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में विराट कोहली के बाद दूसरे पायदान पर पहुंच गए हैं। वहीं उनके साथी बल्लेबाज फिलिप्स सॉल्ट ने भी इस मैच में 75 रनों की पारी खेल आगे की ओर कदम बढ़ाए हैं। हर्षल पटेल केकेआर वर्सेस पीबीकेएस मैच में एक विकेट चटकाकर जसप्रीत बुमराह से पर्पल कैप छीन चुके हैं। सबसे पहले बात ऑरेंज कैप की करते हैं, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का यह स्टार बल्लेबाज 9 मैचों में 430 रनों के साथ इस सूची के टॉप पर चल रहा है। वहीं अब सुनील नरेन 357 रन बनाकर उनके नजदीक पहुंच गए हैं। किंग कोहली और सुनील नरेन के बीच अब मात्र 73 रनों का अंतर रह गया है। बात फिलिप्स सॉल्ट की करें तो 324 रनों के साथ वह अब 7वें पायदान पर है। इनके अलावा टॉप-15 बल्लेबाजों में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं हुआ है।

# दिल्ली ने मुंबई को 10 रन से हराया

## तिलक-पांड्या और टिम डेविड की मेहनत पर फिरा पानी



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 का 43वां मैच दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेला जा रहा है। मुंबई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया है। दिल्ली ने मुंबई के खिलाफ 20 ओवर में चार विकेट खोकर 257 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 247 रन बनाए। इसी के साथ दिल्ली ने ये मुकाबला 10 रन से जीत लिया।

### दिल्ली की 10 रन से जीत

आईपीएल 2024 के 43वें मैच दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस को 10 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ दिल्ली अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई। टीम के खाते में अब 10 अंक हो गए। वहीं, मुंबई छह अंकों के साथ नौवें पायदान पर है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवर में चार विकेट खोकर 257 रन बनाए। जवाब में मुंबई इंडियंस 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 247 रन बना सकी। मुंबई के लिए तिलक वर्मा ने दमदार प्रदर्शन किया। युवा बल्लेबाज ने 63 रनों की दमदार पारी खेली।

हालांकि, वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। इस मैच में एमआई ने पावरप्ले में तीन विकेट खो दिए थे। रोहित शर्मा आठ, ईशन किशन 20 और सूर्यकुमार यादव 26 रन बनाकर लौटे। इसके बाद कप्तान हार्दिक पांड्या ने मोर्चा संभाला। उन्होंने 46 रनों की तूफानी पारी खेली। दिल्ली के खिलाफ नेहल ने चार, टिम डेविड ने 37, मोहम्मद नबी ने सात, पीयूष चावला ने 10 और ल्यूक वुड (नाबाद) ने नौ रन बनाए। दिल्ली के लिए रसिख सलाम और मुकेश कुमार ने तीन-तीन विकेट हासिल किए। वहीं, खलील अहमद ने दो विकेट चटकाए।

### तिलक वर्मा ने लगाया अर्धशतक

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ तिलक वर्मा का बल्ला जमकर आग उगल रहा है। उन्होंने इस सीजन का तीसरा अर्धशतक लगाया है। इसके लिए उन्होंने 25 गेंदों का सहारा लिया। आईपीएल में यह तिलक का छठा अर्धशतक है। 26 गेंदों में वह 51 रन बनाकर नाबाद खेल रहे हैं। वहीं, उनका साथ 10 गेंदों में 18 रन बनाकर टिम डेविड दे रहे हैं। 16 ओवर के बाद टीम का स्कोर 187/5 है।

### रसिख दार सलाम ने मुंबई को एक ओवर में दिए दो झटके

रसिख ने मुंबई को पारी के 13वें ओवर में दो झटके दिए। उन्होंने सबसे पहले हार्दिक पांड्या को आउट किया जो 46 रन बनाने में कामयाब हुए। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए आए नेहल वढेरा को गेंदबाज ने आउट करदिया।

### हार्दिक-तिलक के बीच पनप रही साझेदारी

*हार्दिक पांड्या और तिलक वर्मा के बीच अच्छी साझेदारी पनप रही है। 20 गेंदों में 38 रनों की पार्टनरशिप हो चुकी है। हार्दिक पांड्या 12 गेंदों में 29 रन और तिलक वर्मा आठ गेंदों में आठ रन बनाकर नाबाद खेल रहे हैं। पारी के नौवें ओवर में पांड्या ने 19 रन बटोरे। उन्होंने कुलदीप के खिलाफ तीन चौके और एक छक्का लगाया।*

### पावरप्ले में मुबंई ने खोए तीन विकेट

*पावरप्ले की आखिरी गेंद पर मुंबई इंडियंस ने तीसरा विकेट भी गंवा दिया। खलील अहमद ने छठे ओवर में 360 डिग्री बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को आउट किया। वह 13 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 26 रन बनाने में कामयाब हुए। इससे पहले खलील ने मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को आउट किया। वह सिर्फ आठ रन बना सके। वहीं, मुकेश कुमार ने ईशान किशन का विकेट चटकाया। छह ओवर के बाद टीम का स्कोर 65/3 है।*

### मुंबई को लगा दूसरा झटका

*मुंबई को दूसरा झटका मुकेश कुमार ने पांचवें ओवर की पहली गेंद पर दिया। उन्होंने ईशान किशन को अपना शिकार बनाया। युवा बल्लेबाज 14 गेंदों में 20 रन बनाकर आउट हुए। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए तिलक वर्मा उतरे हैं। उनका साथ देने के लिए सूर्यकुमार यादव क्रीज पर मौजूद हैं। टीम को जीत के लिए 92 गेंदों में 212 रनों की जरूरत है।*

### मुंबई को लगा पहला झटका

*मुंबई को पहल झटका रोहित शर्मा के रूप में लगा। वह सिर्फ आठ रन बनाकर लौटे। खलील अहमद ने चौथे ओवर की पहली गेंद पर पूर्व कप्तान को होप के हाथों कैच कराया।*

# अभिषेक शर्मा टी20 वर्ल्डकप के लिए तैयार नहीं: युवराज




**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा आईपीएल 2024 में बल्ले से जबर्दस्त छाप छोड़ रहे हैं। उन्होंने बतौर ओनपर कई तूफनी पारी खेली हैं। उन्होंने मौजूदा सीजन में 8 मैचों में 218.18 के स्ट्राइक रेट से 288 रन बटोरे हैं, जिसमें एक फिफ्टी शामिल है। उनका इस दौरान औसत 36.00 का रहा।

अभिषेक का बल्ला भले ही आग उगल रहा हो लेकिन पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह का मानना है कि एसआरएच प्लेयर टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए तैयारी नहीं।

बता दें कि युवराज 23 वर्षीय अभिषेक के मेंटॉर हैं। उन्होंने युवराज के साथ ट्रेनिंग की है, जिससे उन्हें आईपीएल में दमदार प्रदर्शन करने में मदद मिल रही है। अभिषेक घरेलू क्रिकेट पंजाब की ओर से खेलते हैं। युवराज ने क्रिकबज से कहा, अभिषेक लगभग वहां पहुंच चुका है लेकिन मुझे नहीं लगता कि वह अभी वर्ल्ड कप के लिए तैयार है।युवराज ने यह बात टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम के चयन से पहले कही, जिसकी घोषणा कुछ दिन में होने वाली है। आगामी वर्ल्ड कप जून में वेस्टइंडीज और यूएसए में होगा।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने कहा, वर्ल्ड कप के लिए हमें एक अनुभवी टीम ले जानी चाहिए। जाहिर तौर पर कुछ लोग भारत के लिए खेल चुके हैं। वर्ल्ड कप के बाद अभिषेक को इंडिया के लिए खेलने के लिए तैयार रहना चाहिए। उसे इसपर फोकस करना चाहिए। अभिषेक के लिए आने वाले छह महीने बहुत महत्वपूर्ण होंगे। उन्होंने कहा, अभिषेक में बड़े शॉट खेलने की क्षमता है। वह जो बड़े छक्के लगा रहा है, बहुत अच्छे हैं लेकिन मुझे लगता है कि उसे सिंगल लेना और स्ट्राइक रोटेट करना सीखना होगा। उसे उन गेंदबाजों को खेलना सीखना होगा जो अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं।

## 24.75 करोड़ के मिचेल स्टार्क का प्लेइंग इलेवन से कटा पत्ता




**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क शुक्रवार को ईडन गार्डन्स में पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले जा रहे मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स की प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं है। ऑस्ट्रेलिया के स्टार तेज गेंदबाज को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 24.75 करोड़ रुपये में खरीदा था। स्टार्क आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी भी हैं। हालांकि उनका प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। उ्होंने शुरुआती सात मैच में सिर्फ 6 विकेट लिए हैं और 11.48 की इकोनॉमी रेट से रन लुटा रहे हैं।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पिछले मैच में स्टार्क के ओवर में कर्ण शर्मा ने तीन छक्के लगाए थे। स्टार्क के कारण टीम मैच गंवाने वाली थी लेकिन उन्होंने कर्ण को आउट करके टीम को एक रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने बताया कि स्टार्क प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं है। लेकिन तेज गेंदबाज का खराब प्रदर्शन उनके बाहर होने की वजह नहीं बना बल्कि वह चोट के कारण अंतिम-11 में जगह नहीं बना सके। टॉस के दौरान अय्यर ने कहा, आखिरी गेम में स्टार्सी (मिचेल स्टार्क) की उंगली में कट लग गया था, दुष्मंथा चमीरा उनकी जगह लेंगे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच में उनकी उंगली में चोट लगी थी।

# तीरंदाजी विश्वकप में भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने जीता स्वर्ण

## फाइनल में इटली को बड़े अंतर से हराया




**नई दिल्ली।** भारतीय पुरूष और महिला कंपाउंड टीमों ने तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। शंघाई में चल रहे तीरंदाजी विश्व कप में महिलाओं की कंपाउंड टीम स्पर्धा में इटली को 236-225 से हराकर अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। शीर्ष वरीयता प्राप्त ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की टीम ने 24 तीरों में से केवल चार अंक गंवाकर छठी वरीयता प्राप्त इटली को अच्छे अंतर से हरा दिया और सीजन के शुरुआती वैश्विक शोपीस में अपना खाता खोला।

छह-छह तीरों के पहले तीन प्रयास में, ज्योति, अदिति और परनीत केवल दो बार परफेक्ट 10 से चूकीं। इन तीनों ने शुरुआत में ही मार्सेला तोनिओली, इरेने फ्रांचिनी और एलिसा रोनेर की इटली की तिकड़ी पर 178-171 की अच्छी बढ़त ले ली थी। अंत में भारतीय खिलाड़ियों ने दो अंक गंवाए, लेकिन इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ा और उन्होंने 11 अंकों के अंतर से स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया।

पुरूष टीम में अभिषेक वर्मा, प्रियांश और प्रथमेश एफ ने नीदरलैंड को 238-231 से मात दी। नीदरलैंड की टीम में माइक शोलेसर, सिल पीटर और स्टेफ विलेम्स थे। चौथी वरीयता प्राप्त पुरूष टीम ने 60 स्कोर करके परफेक्ट शुरूआत की और अगले दो सेट में दो ही अंक गंवाए। इसके बाद फाइनल सेट में परफेक्ट 60 स्कोर करके जीत दर्ज की।

# पंजाब किंग्स की जीत के तुरंत बाद ऑलराउंडर सिकंदर रजा ने टीम का साथ छोड़ा



**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स की कोलकाता नाइट राइडर्स पर धमाकेदार जीत के बाद स्टार ऑलराउंडर सिकंदर रजा ने टीम का साथ छोड़ दिया है। सिकंदर रजा ने पंजाब किंग्स का साथ छोड़ने की वजह नेशनल ड्यूटी यानी जिम्मबाब्वे के लिए क्रिकेट खेलने को बताई है। जिम्बाब्वे के लिए क्रिकेट खेलने के चलते सिकंदर रजा अब आईपीएल 2024 का हिस्सा नहीं रहेंगे। बता दें, जिम्बाब्वे को 3 मई से बांग्लादेश का दौरा करना है और टीम इस दौरे पर टी20 वर्ल्ड कप 2024 की तैयारी करने के लिए 5 मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। सिकंदर रजा जिम्बाब्वे टी20 टीम के कप्तान हैं।

सिकंदर रजा ने आईपीएल और पंजाब किंग्स का साथ छोड़ने की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए दी। रजा ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, %धन्यवाद भारत, आईपीएल और पंजाब किंग्स मेरे साथ होने के लिए, हर मिनट का आनंद लिया, अब नेशनल ड्यूटी का समय है। इंशाअल्लाह हम जल्द ही दोबारा मिलेंगे।

बता दें, सिकंदर रजा को आईपीएल 2024 में पंजाब किंग्स की ओर से सिर्फ दो मैच खेलने का मौका मिला, जिसमें उन्होंने 21.50 की औसत से 43 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने दो ओवर गेंदबाजी की जिसमें 22 रन खर्च कर उन्हें कोई विकेट नहीं मिला।

# तहसीलदार और सीईओके लिखित आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने किया मतदान शुरू

देवरी कलां। सागर विकासखंड की नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत में विगत एक माह से ग्रामीणों द्वारा लगातार पानी की मांग को लेकरआंदोलन किए जा रहे थे।और पानी की व्यवस्था न होने को लेकर ग्रामीणों द्वारा चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी भी दी जा रही थी।इसके बाद शुक्रवार को सुबह से मतदान शुरू होने के बाद दोपहर 1ः00 बजे तक 1150 में से महज 50 वोट ही ग्रामीणों द्वारा डाले गए,जब इस बात की जानकारीअधिकारियों को लगी तो तहसीलदार प्रीति रानी चौरसियाऔर जनपद पंचायत की सीईओडॉ मनीषा चतुर्वेदी,थाना प्रभारी रोहित डोंगरे,पुलिस बल के साथ सिलारी ग्राम पंचायत पहुंचे एवं मतदान न करने वाले ग्रामीणों से चर्चा की एवं चर्चा के दौरान ग्रामीणों नेअपनी समस्याएं बताते हुए उनके त्वरित निराकरण की बात कही,एवं मौखिकआश्वासन से संतुष्ट न होकर ग्रामीणों ने सीईओ और तहसीलदार से लिखित आश्वासन देने की बात कही जिस पर पंचायत के सचिव द्वारा अपने लेटर हेड पर ग्रामीणों को लिखित आश्वासन दिया जिसमें उन्होंने ग्राम पंचायत सिलारी में दो नवीन बोर खनन का आश्वासन दिया एवं गांव के चार कुओं में पाइप लाइन और पंपों के माध्यम से में पानी पहुंचाने का आश्वासन दिया,वही गांव के जिन वार्डो में पानी की कमी है वहा टेंकरो से पानी की सप्लाई करने का आश्वासन दिया इसके बाद सभी ग्रामीणों ने मतदान शुरू कर दिया और शाम 6ः बजे तक करीब 35/ लोगों ने मतदान किया।

## श्री प्रेम प्रसारिणी सनाढ्य सभा जिला सागर का पाक्षिक अधिवेशन पंचमी कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 29-04-2024 दिन सोमवार को शाम 7-00 बजे से श्री प्रेम प्रसारिणी सनाढ्य सभा भवन श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर के सामने आयोजित किए जाने के संबंध में सूचना एवं आमंत्रण

सागर। श्री प्रेम प्रसारिणी सनाढ्य सभा जिला सागर का पाक्षिक अधिवेशन पंचमी कार्यक्रम का आयोजन कर्ता एवं ग्रहपति श्री प्रेम प्रसारिणी सानाढय सभा सागर के वरिष्ठ उपदेशक

पंडित श्री हरी दयाल गोस्वामी जी के द्वारा दिनांक 29-04-2024 दिन सोमवार को शाम 7-00 बजे से श्री प्रेम प्रसारिणी सनाढ्य सभा भवन सागर श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर के सामने आयोजित किये जाने का निर्णय सभी स्व जातीय बन्धुओ द्वारा लिया गया है

जिसमें आप सभी स्व जातीय बन्धुओ की उपस्थिति सादर प्रथनीय है।

कृपया उक्त समाजिक कार्यक्रम में आप सभी स्व जातीय बन्धुओ की उपस्थिति सादर प्रथनीय है। कृपया उक्त समाजिक कार्यक्रम में उपस्थित होकर समाज हित में सहयोग करने की अपेक्षा सभी स्व जातीय बन्धुओ से करते हैं

### उक्त समाजिक कार्यक्रम की अध्यक्षता

श्री प्रेम प्रसारिणी सनाढ्य सभा जिला सागर के अध्यक्ष एवं सभापति पंडित श्री राकेश कुमार दुबे सिदगुवां सागर द्वारा की जावेगी। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सभा के संरक्षक एवं पूर्व सभापति एवं आमंत्रित आतिथि होंगे। उक्त कार्यक्रम में सर्व प्रथम भगवान श्री परशुराम जी सरकार भगवान श्री राम जी सरकार की पूजा अर्चना कर श्री रामचरित मानस श्री रामायण पाठ का आयोजन उपरांत समाजिक धार्मिक गतिविधियों पर चर्चा एवं समाज उत्थान के संबंध चर्चा कर निर्णय एवं

भगवान श्री परशुराम जी के प्राकट्योत्सव जन्म दिवस पर अक्षय तृतीया उत्सव मनाने के संबंध में सभी स्व जातीय बन्धुओ द्वारा निर्णय लिया जाएगा एवं समाज के शादी योग्य वर कन्याओं की यथायोग्य जानकारी के साथ बायोडाटा बगैर साथ लेकर आने एवं प्रस्तुत करने के संबंध जानकारी सभी स्व जातीय बन्धुओ से करते हैं

निवेदक एवं आयोजन करता पंडित श्री हरिदयाल गोस्वामी जी वरिष्ठ उपदेशक श्री प्रेम प्रसारिणी सानाढय सभा सागर मध्य प्रदेश एवं समस्त गोस्वामी परिवार सद्भावना नगर मकरोनिया एवं पंडित श्री राकेश कुमार दुबे अध्यक्ष एवं सभापति

श्री प्रेम प्रसारिणी सानाढय सभा सागर मध्य प्रदेश एवं समस्त संरक्षक एवं पूर्व सभापति एवं पदाधिकारी एवं समस्त स्व जातीय बन्धु श्री प्रेम प्रसारिणी सानाढय सभा सागर मध्य प्रदेश


## विशिष्ट आवासीय विद्यालय में कक्षा 6वी में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश परीक्षा 28 अप्रैल को


संवाददाता - शेख़ जावेद

नर्मदापुरम/ मध्यप्रदेश शासन जनजाति कार्य विभाग द्वारा मध्य प्रदेश स्पेशल एंड रेजिडेंशियल एकेडमिक समिति भोपाल अंतर्गत संचालित विशिष्ट आवासीय विद्यालयों (कन्या शिक्षा परिसर एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय एवं आदर्श आवासीय विद्यालय) में कक्षा छठवीं के शैक्षणिक सत्र 2024 -25 के लिए प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 28 अप्रैल को प्रातः 11ः00 से दोपहर 1ः00 तक जिले में निर्धारित 7 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। जिले में विकासखंड नर्मदापुरम अंतर्गत ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय बीटीआई नर्मदापुरम एवं कन्या शिक्षा परिसर पवारखेड़ा में प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार विकासखंड केसला अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट उच्च.माध्यमिक विद्यालय केसला, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पथरोटा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सनखेड़ा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखतवा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमानी में प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।

## इंफिनिटी क्लासेस की छात्राओं ने मारी बाजी

औबेदुल्लागंज।





माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए नगर में बीते 10 सालों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही इंफिनिटी क्लासेस संस्थान कोचिंग का इस वर्ष का रिजल्ट 98 प्रतिशत रहा। संस्था से कक्षा दसवीं की तैयारी कर रही छात्रा तनिष्क नागर ने कक्षा दसवीं में 95त्न कीर्ति नागर 94.4 प्रतिशत माही नागर 92 प्रतिशत अंशिका यादव 90 प्रतिशत एंजेल 90त्न इसी प्रकार 20 छात्र-छात्राओ 80त्न से ऊपर का रिजल्ट रहा। कक्षा 12वीं मे अन्वी नागर 92त्न (बायोलॉजी )महक माढ़ावी 85.4 प्रतिशत रागिनी पैठ्यरी 84.4 प्रतिशत इल्मा खान 82त्न जया यादव 81त्न भाग्यश्री कुशवाहा 80.2 प्रतिशत रितिका गोस्वामी 80त्न अंक प्राप्त कर माता-पिता और शिक्षकों का नाम रोशन किया। इंफिनिटी क्लासेस के संचालक राहुल तामने और सचिन चौधरी ने कहा कि हमारे प्रयास और सभी छात्र-छात्राओं की मेहनत और लग्न का ही प्रतिफल है की इतना उत्साह पूर्वक रिजल्ट रहा,हमारी ओर से सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# स्टेशन रोड पुलिस थाने पर किन्नरों ने किया जमकर हंगामा, फोरलेन टोल पर अवैध वसूली करने के मामले में नौ किन्नरों को भेजा जेल

**रतलाम।** धराड और बिलपांक के बीच बने टोलबूथ पर अवैध वसूली करने वाले किन्नरों को जेल भेज दिया गया है। इससे पहले किन्नरों ने स्टेशन रोड पुलिस थाने पर जमकर हंगामा किया। लेकिन बाद में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा की सख्ती के बाद किन्नर अनुशासन में आए और उन्हे थाने से रवाना किया गया। एसडीएम संजीव पांडेय के आदेश पर कुल नौ किन्नरों को जेल भेज दिया गया है।



उल्लेखनीय है कि सबसे पहले मीडिया ने टोल बूथ पर किन्नरों की अवैध वसूली का मामला उठाया था। इसके बाद टोल बूथ से गुजरने वाले एक यात्री की शिकायत पर बिलपांक पुलिस ने चार किन्नरों के विरुद्ध अवैध वसूली का आपराधिक प्रकरण दर्ज किया था। आपराधिक प्रकरण दर्ज होने के बाद किन्नरों ने पुलिस अधीक्षक राहूल कुमार लोढा को ज्ञापन देकर अवैध वसूली चालू रखने के लिए दबाव बनाने की भी कोशिश की थी।

आपराधिक प्रकरण में आरोपी बनाए गए चार किन्नरों की गिरफ्तारी के लिए जब पुलिस ने प्रयास किए तो कई किन्नर इसके विरोध में आ गए। पुलिस ने इन सभी किन्नरों को पकड लिया था। किन्नरों को जब स्टेशनरोड थाने पर लाया गया तो किन्नर जमकर हंगामा करने लगे। आखिरकार एडीशनल एसपी राकेश खाखा को थाने पर पंहुचकर स्थिति को काबू में करना पडा। नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव वारंगे भी मौके पर पंहुच गए थे। एएसपी श्री खाखा की सख्ती के बाद किन्नर काबू मे आए और फिर उन्हे अनुविभागीय दण्डाधिकारी संजीव केशव पाण्डेय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

किन्नरों के हंगामे को देखते हुए कलेक्टोरेट परिसर में भी भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। किन्नरों को काबू में रखने के लिए बडी संख्या में महिला पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई थी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक एसडीएम श्री पाण्डेय ने कुल नौ किन्नरों को शांति भंग करने के आरोप में न्यायिक निरोध में जेल भेज दिया है। पुलिस और प्रशासन की इस कार्यवाही की प्रशंसा की जा रही है। लम्बे समय से अनेक लोग किन्नरों की अवैध वसूली से परेशान थे। किन्नरों को खिलाफ हुई कडी कार्यवाही से अवैध वसूली का यह गोरखधन्धा अब बन्द हो जाएगा।

## मतदाता परिचय-पत्र के अलावा भी 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

**रतलाम।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित की है। क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का नाम, पता, क्रमांक, निर्वाचक नामावली में मतदाता क्रमांक राज्य और जिले का हेल्पलाइन नम्बर जैसी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कर सकेंगे। यदि किसी मतदाता के पास मतदाता सूचना पर्ची नहीं है।

और उसका नाम मतदाता सूची में है, तो मतदान के लिये फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों आधार कार्ड, पेन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो



सहित), पासपोर्ट, पासबुक (फोटो सहित बैंक/डाकघर द्वारा जारी), फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी), सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी) में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकता है।

सभी मतदाताओं को मतदान के पूर्व वोटर गाइड एवं वोटर स्लिप का वितरण किया जा रहा है। फोटोयुक्त वोटर स्लिप को जानकारी/मार्गदर्शन के लिये उपयोग किया जा सकता है, लेकिन पहचान प्रमाण पत्र के रूप में नहीं। यदि फोटोयुक्त ईपिक में किसी मतदाता के फोटोग्राफ आदि का मिलान न हो पाने से मतदाता की पहचान करना संभव नहीं है, तो उस मतदाता को उपरोक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज मतदान अधिकारी को दिखाना होगा।

## लोकसभा निर्वाचन 2024 – कटोराताल थीम रोड पर शनिवार को चुनावी राहगीरी

नृत्य, संगीत से लेकर एडवेंचर गेम, पेंटिंग व बैंड की होंगीं प्रस्तुतियाँ

ग्वालियर। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चौहान ने शहरवासियों से की इस अभिनव आयोजन में भाग लेने की अपील थीम रोड़ कटोराताल पर शनिवार 27 अप्रैल की सुबह अलग ही नजारा होगा। इस दिन यहाँ आयोजित होने जा रही फ्रचुनावी राहगीरीफ्र में संगीत, नृत्य, जुम्बा डांस, एडवेंचर गेम्स, रंगोली व पेंटिंग, मार्शल आर्ट, सामूहिक स्कैटिंग, क्विज, ओपन माइक व बीएसएफ के बैंड की प्रस्तुति सहित अन्य मनमोहक कार्यक्रम होंगे। साथ ही पारंपरिक स्वादिष्ट व लजीज व्यंजनों के स्टॉल भी आकर्षण का केन्द्र होंगे। जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से स्वीप (सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता) के तहत जारी मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों की कड़ी में चुनाव का रंग मतदाताओं के संग थीम पर शनिवार की सुबह प्रातः ठीक 7 बजे चुनावी राहगीरी शुरू होगी। इस आयोजन में शहरवासियों से बढ़चढ़कर हिस्सा लेने की अपील कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा की गई है।

## चाणक्य स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम पुनः अव्वल

औबेदुल्लागंज

ओबेदुल्लागंज में अंग्रेजी माध्यम की अग्रणी संस्था चाणक्य पब्लिक इंग्लिश मीडियम हा.से. स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर में अव्वल रहा 7 कक्षा 12 वीं के टाप टेन में अनवी नागर 92त्न अंक प्राप्त कर नगर में प्रथम स्थान पर रहीं, इसी तरह हर्ष मालवीय 90त्न , महक मड़ावी 86त्न रागनी पैठारी 85 प्रतिशत , सलोनी चौहान 85त्न , निशिका




राजपूत 81त्न जया यादव 81प्रतिशत भाग्य श्री 80.4प्रतिशत राहुल यादव 78.2त्न जैसमिन कलीम 78 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने माता पिता, चाणक्य स्कूल, एवं नगर का नाम रोशन किया, इसीप्रकार कक्षा 10 वीं के टाप फाइव में कृष साहू 87त्न शिवम बामनिया 79 प्रतिशत अमन मरकाम 75त्न अमृता मड़ावी 70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया कक्षा आठवीं में गहना किंगर ने 92त्न सान्या गौर 84 प्रतिशत , देवेन्द्र मरकाम 83त्न , मोहित कुमार ओड़ 80त्न एवं कक्षा पांचवीं में नित्या चौरसिया 87त्न , शालिनी जैन 85त्न , निसी प्रजापति 84प्रतिशत विनीता खत्री 84 प्रतिशत, भूमि यादव 83त्न , अंक प्राप्त कर नगर एवं स्कूल का मान बढ़ाया, इस सत्र के परीक्षा परिणाम में कक्षा 12 वीं में 32 छात्र/ छात्रायें प्रथम स्थान से उत्तीर्ण हुये और कक्षा 10 वीं में 15 बच्चे प्रथम स्थान पर उत्तीर्ण हुए, छात्र/ छात्राओं के इस उपलब्धि पर शाला प्राचार्य श्रीमती भूपेंदर कौर एवं संस्था संचालक श्री सी. एस. सिंह ने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शाला के समस्त शिक्षकों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

## मानव अधिकारों के प्रति सचेत होकर कार्य करें : चीफमॉनीटर

### राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के स्पेशल मानीटर की बैठक सम्पन्न

**सीधी।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली के चीफ मॉनीटर बालकृष्ण गोयल की अध्यक्षता में सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन कर मानवाधिकार, बाल संरक्षण, पोस्को एक्ट, जेजे एक्ट, वृद्ध जनों के अधिकार, जेल में निरूद्ध कैदियों के अधिकारों आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

चीफ मॉनीटर श्री गोयल ने सर्वप्रथम राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के गठन तथा कार्यों के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग मानव अधिकारों के उल्लंघन को किसी भी स्तर पर बर्दास्त नहीं करता है। हम सभी को अपने कार्य क्षेत्र में मानव अधिकारों के संरक्षक के रूप में सचेत होकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना हमारी जिम्मेदारी है।

कई बार लोग जानकारी के अभाव में शोषण और उत्पीड़न का शिकार होते हैं। जन जागरूकता से शोषण एवं उत्पीड़न से उनका बचाव किया जा सकता है। उन्होने बताया कि पीड़ित व्यक्ति राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की आधिकारिक वेबसाइट का उपयोग कर सीधे अपनी शिकायत दर्ज करा



सकते हैं। आयोग शिकायतों को संज्ञान में लेकर तत्परता से कार्यवाही करती है। श्री गोयल ने सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाकर एक टीम के रूप में सकारात्मक वातावरण में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होने पोस्को एक्ट, जेजे एक्ट, लैंगिक उत्पीड़न, बाल श्रम, बंधुआ मजदूरी, मानव व्यापार, भिक्षावृत्ति आदि के विषय में जन चेतना लाने के निर्देश दिए हैं। विद्यालयों में गुडटच, बैडटच के विषय में बच्चों को समझाइस देने की बात कही हैं। उन्होने शासकीय संस्थाओं, विद्यालयों, छात्रावासों, चिकित्सालयों, बाल सुधार गृह, जेल, वृद्धाआश्रम आदि के संचालन मानवाधिकारों के प्रति संवेदनशील रहकर करने के लिए निर्देशित किया। चीफ मॉनीटर ने बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम के लिए जिले की टीम को शुभकामनाएं भी दी तथा सभी विभागों को नवाचार करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसी प्रकार खेलो एमपी यूथ गेम्स में जिले के प्रदर्शन की सराहना भी की।

कलेक्टर श्री सोमवंशी ने कहा कि मानव अधिकार हम सभी के जीवन में महत्वपूर्ण है। यह हमें गरिमामय जीवन सीने का अधिकार देता है। मानव अधिकारों के संरक्षण के रूप में शासकीय सेवकों तथा संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। पीड़ित के अधिकारों की रक्षा के लिए दोषियों को भी विहित प्रावधानों का पालन करते हुए सजा दी जाती है। उनके मानवाधिकार को भी ध्यान में रखा जाता है। कलेक्टर ने पूरी टीम की ओर से आश्वस्त किया है कि सभी अधिकारी मानव अधिकारों के प्रति सजग रहकर अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन करेंगे।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, जेल अधीक्षक रविशंकर सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, एसडीएम प्रिया पाठक, एसडीओपी गायत्री तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी आर सी त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आईजे गुप्ता, सहायक आयुक्त डॉ. डी.के. द्विवेदी, सहायक संचालक अवधेश सिंह, एपीसी रमसा डॉ. सुजीत मिश्रा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## रजिस्ट्री खर्च से ज्यादा की वसूल रहे राशि उप पंजियक व स्टांप बेंडरों की सांठ-गांठ से लुट रहे किसान

### मनमानी पर लगाम लगाने नही उठाये जा रहे कोई कदम

**सीधी।** जिला मुख्यालय में उप पंजियक एवं स्टांप वेंडरों की सांठ-गांठ से किसान अपने आप को ठगा महशूस कर रहे है। स्टांप बेंडरों की मनमानी के कारण रजिस्ट्री कराने पहुंच रहे किसानों को मनमानी फीस चुकानी पड़ रही है। उप पंजियक कार्यालय के आसपास ही स्टांप बेंडर चक्कर लगाते देखे जाते है जैसे ही क्रेता-विक्रेता मिले झट से अपने चंगुल में लेकर रफूचक्कर हो जाते है।

बताया गया कि जिला मुख्यालय स्थित स्टांप बेंडरो की मनमानी इतनी बढ़ गई है ये मनमाना फीस वसूल कर रहे है। साथ ही यह भी कहते है कि इसमें उपपंजियक का को भी देना पड़ता है। स्थिति यह है कि 500 रुपए का स्टांप 600 में दिया जाता है। पहले प्रोवाइडरों द्वारा स्टांप देने से मना किया जाता है। जब उन्हें मोटा कमीशन दिया जाता है तो हितग्राहियों को अतिरिक्त रुपए लेकर स्टांप दिया जाता है। यह पूरा खेल उप पंजीयक की शह पर चल रहा है। जिसकी शिकायत पूर्व में की गई थी। बावजूद कमीशनखोरी की इस प्रक्रिया पर किसी तरह से




रोक नहीं लगाई जा सकी है। स्टांप या ई-स्टांप पर हितग्राहियों से किसी प्रकार का कमीशन वसूल करने का प्रावधान नहीं है। सर्विस वेंडरों को स्टांप बेचने के लिए ट्रेजरी विभाग से दो फीसदी कमीशन दिया जाता है। लेकिन इतने कमीशन में यह नाखुश रहते हैं। फिर लोगों को स्टांप बेचकर 20 से 40 प्रतिशत तक अधिक कमीशन वसूल लिया जाता है। ऐसा नहीं है कि इसकी खबर अधिकारियों को नहीं है। लेकिन कुछ विभागीय अधिकारियों की मिली भगत से यह कारनामा खुलेआम संचालित हो रहा है। जिस पर आज तक किसी जिम्मेदार अधिकारी ने कार्रवाई करने का विचार तक नहीं किया है। इसके कारण तहसील में रजिस्ट्री या नोटरी के लिए आने वाले लोग हर दिन अपने आप को ठगा सा महसूस करते हैं।

#### इस तरह वसूल रहे हैं हितग्राहियों से कमीशन

सर्विस प्रोवाइडर और वेंडर 50 से 100 रुपए तक के स्टांप लोगों को 40 फीसदी कमीशन पर बेचते हैं। पचास रुपए के स्टांप को 70 और 100 के स्टाम्प को 120 रुपए में दिया जाता है। वहीं सर्विस प्रोवाइडर 500 के ई-स्टांप को 600 और 1000 के स्टांप को 1150 रुपए में हितग्राहियों को देते हैं। इस तरह कमीशन का यह खेल पूरी जोर पर है। जबकि विभाग द्वारा ऐसा कोई नियम नहीं है कि स्टांप पर लोगों से कमीशन वसूला जाए। फिर भी जिला मुख्यालय में केबिन सजाकर बैठने वाले लोग अपनी आदत से बाज नहीं आते हैं और अधिक लाभ कमाने के चक्कर में ट्रेजरी से तय कमीशन के बाद लोगों से कई गुना तक अधिक कमीशन वसूल लेते हैं।

#### बर्खास्त पटवारी करता है वसूली

बताया गया कि उपपंजियक कार्यालय के बाहर एक बर्खास्त पटवारी चक्कर लगाता दिखाई देता है। सूत्रों द्वारा बताया गया कि उक्त पटवारी की सांठ-गांठ काफी अच्छी है। बर्खास्त पटवारी द्वारा उपपंजियक कार्यालय में जमकर दलाली की जाती है साथ ही क्रेता व विक्रेताओं को अपनी मनपसंद दुकान में ले जाकर अच्छा कमीशन प्राप्त किया जाता है। जिला मुख्यालय के पीछे कई स्टांप बेंडर अपनी दुकान खोलकर बैठे है जो मनमानी पूर्ण रजिस्ट्री का करते देखे जाते है।

## आगनवाड़ी केंद्रो को गोद लेने के बाद भूल गए जिम्मेदार,केंद्रों की हालत गंभीर

### तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का सपना अधूरा

**सीधी।** शिक्षा एवं संस्कार की रीढ़ का प्रमुख केन्द्र आगनवाड़ी सेंटर में पढ़ने वाले बच्चों को मूलभूत सुविधाओं का आभाव बना हैं जिस पर किसी की नजर नहीं जा रही है। एक वर्ष पूर्व यानी कि गणतंत्र दिवस 2023 पर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं अधिकारियों कर्मचारियों से अपील की थी कि बच्चों के पोषण आहार के व्यवस्थित वितरण और कुपोषण को दूर करने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लिया जाए।

इसके बाद एडाप्ट एन आंगनबाड़ी केंद्र अभियान की एक फरवरी 2023 से शुरूआत की गई, जिसके तहत सीधी जिले के कुल 1903 आंगनबाड़ी केंद्रों में सभी जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं समाजसेवियों द्वारा गोद तो ले लिया गया, लेकिन गोद लेने के बाद भूल गए।

कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि तो गोद लेने के बाद केंद्रों को झांकने तक नहीं पहुंचे। गणतंत्र दिवस 2023 पर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपील की थी कि बच्चों के पोषण आहार के




व्यवस्थित वितरण और कुपोषण को दूर करने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लिया जाए।

जिले के जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने अभियान में अच्छी खासी रूचि दिखाई, आगे आकर आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद ले लिया गया, लेकिन गोद लेने के बाद केंद्रों में सुविधाएं मुहैया कराने की दिशा में कोई भी पहल नहीं की गई। हालात यह है कि डेढ़ वर्ष का समय बीत गया लेकिन गोंद लेने वाले अधिकारियों कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा कोई सहयोग नहीं किया गया जिसके चलते केंद्रों की स्थिति जस की तस बनी हुई हैं।

#### सहयोग के नाम पर नही दी फूटी कौड़ी

अडाप्ट एन आंगनबाड़ी योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लेने के बाद वहां की बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए सहयोग राशि प्रदाय की जानी थी। जिसके तहत सहयोग राशि चेक या बैंक ड्राट से अटल बाल मित्र योजना के नाम से कलेक्टर को प्रेषित करनी थी। लेकिन जिले में अब तक आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लेने वाले किसी भी अधिकारी, जनप्रतिनिधि या समाजसेवी द्वारा सहायता राशि प्रदान नहीं की गई है। लेकिन किसी के द्वारा कोई सहयोग नहीं उपलब्ध कराया गया और अब तो झांकने तक नहीं पहुंच रहें हैं।

#### केन्द्रों में यह होने थे कार्य

एडाप्ट एन आंगनबाड़ी केंद्र अभियान के तहत जो लोग केंद्र को गोद लेंगे उनके द्वारा केंद्र में भवन निर्माण, शौचालय, पेयजल, बिजली, किचन, पोषण वाटिका, आउट डोर इनडोर खेल सामग्री, यूनिफार्म, पोषण सुधार, कम वजन के बच्चों को एनआरसी भेजना सहित कई तरह के काम में सहयोग किया जाना था। लेकिन किसी के द्वारा कोई सहयोग नहीं उपलब्ध कराया गया है। जिले वासियों ने इस ओर जिला प्रशासन एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशानुरूप आगनवाड़ी केंद्रो को सशक्त बनाने की विषेश आवश्यकता है।

#### कलेक्टर ने लिए थें दो केंद्र

बता दें कि योजना के संचालन समय सीधी जिले के कलेक्टर रहें मुजीबुर्रहमान खान द्वारा जिले के दो आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लिया गया था। इनमें से आंगनबाड़ी केंद्र जोगीपुर दक्षिण व सोनवर्षा शामिल है। लेकिन उनके यहां से जानें के बाद गोंद लिए गए केंद्रों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया, यहीं वजह है कि केंद्र अपनी दशा नहीं बदल पा रहे हैं।

# खुशहाल नहीं था मेरा बचपन, शुरू से किया सफलता पर फोकसः सामंथा रुथ प्रभु



मशहूर एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने अपने पॉडकास्ट टेक 20 पर अपने लाइफ एक्सपीरियंस को शेयर किया। उन्होंने कहा कि बचपन से ही मेरा फोकस सफलता पर था।

पॉडकास्ट टेक 20 के एक एपिसोड में, सामंथा ने वेलनेस कोच और न्यूट्रिशनिस्ट अलकेश शारोत्री के साथ कुछ परिस्थितियों में शरीर में आने वाले बदलाव या परेशानियों पर बात की। एक्ट्रेस ने कहा, मेरा मानना था कि थकावट और आराम की जरूरत कमजोरी के लक्षण हैं। मुझे केवल छह घंटे की नींद और पूरे दिन असाधारण रूप से प्रोडक्टिव होने पर गर्व है। थकावट महसूस करने के बावजूद, मैंने 13 सालों तक बिना रुके जमकर मेहनत की। एक्ट्रेस ने आगे कहा, मेरा बचपन लग्जरियस नहीं था, इसलिए कम उम्र से ही मैंने सफलता पर फोकस करना शुरू कर दिया।

मुझे जीवन में कुछ कर दिखाने की उम्मीद का दबाव महसूस हुआ, लेकिन लगातार यह धारणा बनी रही कि मैं उतनी अच्छी नहीं हूं, इसलिए यह मेरे लिए सफल होने के लिए मोटिवेशन का कारण बन गया। पुष्पा- द राइज के सॉन्ग ऊ अंतावा में अपने शानदार परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल जीतने वाली मंथा ने कहा कि लोग अक्सर एक्टिंग को ग्लैमरस मानते हैं, जो कि पूरा सच नहीं है। उन्होंने कहा, यह बहुत कड़ी मेहनत वाला काम है, खासकर तब जब आप लगातार सुर्खियों में हों और आपको आंका जा रहा हो। मैंने इस इंडस्ट्री में तब शुरुआत की जब मैं सिर्फ 22-23 साल की थी, और कुछ लड़कियां इससे भी कम उम्र में शुरुआत करती हैं।

अपनी जर्नी पर बात करते हुए, सामंथा ने कहा, मैं बचपन से ही दूसरों को खुद को परिभाषित करने देती रही हूं। यह एक ऐसा पैटर्न है, जहां मैंने दूसरों को खुश करने और उनकी मंजूरी लेने के लिए अथक प्रयास किया। मेरे अपने विचार, भावनाएं और इच्छाएं महत्वपूर्ण हैं। सफलता हासिल करने के बाद डर उभर कर सामने आया। उन्होंने कहा, जब मैंने सफलता हासिल की, तो मुझे इसे खोने का डर था, मैं तुरंत अगली बड़ी उपलब्धि की तलाश में लग गई। इसलिए, मेरा मानना है कि मैं अपने पूरे करियर में फ्लाइट या फ्लाइट मोड में रही हूं।

# द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' से जुड़ीं श्रीलीला



तमिल सुपरस्टार दलपति विजय अपनी आगामी फिल्म को लेकर बीते लंबे समय से सुर्खियों में हैं। वहीं, अब इससे श्रीलीला के जुड़ने की खबरें सामने आ रही हैं। वेंकट प्रभु द्वारा निर्देशित और एजीएस एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम एक साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म है। फिल्म में विजय दोहरी भूमिका में हैं। हालिया विकास ने प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है क्योंकि रिपोर्टों से पता चलता है कि श्रीलीला कलाकारों में शामिल हो सकती हैं। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, श्रीलीला को इस साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म के कलाकारों में शामिल होने के लिए संपर्क किया गया है। कहा जा रहा है कि मेकर्स फिल्म में एक खास गाने के लिए अभिनेत्री से बातचीत कर रहे हैं। हालांकि, कोई और विवरण सामने नहीं आया है और अभी तक इसके बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

## टीवी स्टार श्रेय मित्तल ने अपने स्टूडियो एफएक्स फैंटेसी के जरिए फिल्म प्रोडक्शन में रखा कदम



एक्टर श्रेय मित्तल ने फिल्म प्रोडक्शन में कदम रखा है। वह नागिन 6, इंडिया वाली मां और एमटीवी स्प्लिट्सविला सीजन 12 जैसे टीवी शो में अपने काम के लिए जाने जाते हैं। मित्तल ने हाल ही में अपना पोस्ट-प्रोडक्शन स्टूडियो, एफएक्स फैंटेसी लॉन्च किया है।

लॉस एंजिल्स में ली स्ट्रैसबर्ग फिल्म एंड एक्टिंग इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षित मित्तल ने मुंबई में व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल से फिल्म प्रोडक्शन में दो साल का प्रोग्राम भी पूरा किया है।

एक्टर लंबे समय से फिल्म प्रोडक्शन को लेकर काम करना चाहते थे, आखिरकार वह उस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। श्रेय ने कहा कि मैं हमेशा से फिल्म बिजनेस और फिल्म प्रोडक्शन का काम करना चाहता था। यह कुछ ऐसा है जिसके प्रति मैं अपने करियर की शुरुआत से ही पैशनेट रहा हूं। एक एक्टर के रूप में अपनी जर्नी शुरू करने से पहले फिल्म प्रोडक्शन की स्टडी करने से मुझे इंडस्ट्री की जटिलताओं के बारे में जानकारी मिली है।

# बिग बॉस को लेकर करण ने दिया बड़ा बयान, बोले- सलमान आपके करियर को न बना सकते हैं और न ही...



अफवाहों का बाजार गर्म है कि टीवी के मशहूर अभिनेता करण पटेल को बिग बॉस के मेकर्स ने अपने आगामी सीजन के लिए अप्रोच किया था। करण ने मेकर्स के ऑफर को ठुकराते हुए कहा था कि,यह रियलिटी शो गंदा और अपमानजनक है। टेलीविजन के मशहूर अभिनेता करण पटेल इन दिनों सुर्खियों में बने हुए हैं। दरअसल पिछले दिनों अभिनेता ने रियलिटी शो बिग बॉस के बारे में अपनी नापसंदगी को जाहिर किया था। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो करण ने बिग बॉस के घर में जाने से मना कर दिया था। इतना ही नहीं उन्होंने शो के बारे में जो कुछ भी कहा था उससे सोशल मीडिया पर उन्हें काफी ट्रोल किया जा रहा है। वहीं अब करण सफाई देते नजर आ रहे हैं। अफवाहों का बाजार गर्म है कि टीवी के मशहूर अभिनेता करण पटेल को बिग बॉस के मेकर्स ने अपने आगामी सीजन के लिए अप्रोच किया था।



# रणनीतिः बालाकोट एंड बियॉन्ड में मनीषा का किरदार तैयार करना दिलचस्प थाः लारा दत्ता

एक्ट्रेस लारा दत्ता ने 2020 में एक्शन-कॉमेडी सीरीज हंड्रेड के साथ स्ट्रीमिंग की शुरुआत की। चार साल बाद, आज एक्ट्रेस का एक और शो रणनीति- बालाकोट एंड बियॉन्ड ओटीटी पर स्ट्रीम हो रहा है। स्ट्रीमिंग मीडियम में लगभग आधा दशक बिताने को लेकर एक्ट्रेस ने कहा कि आज ओटीटी काफी बढ़ रहा है, कई प्लेटफार्म सामने आ रहे हैं। कई प्लेटफार्म उपलब्ध होने से अलग-अलग कैरेक्टर को एक्सप्लोर करने के ज्यादा अवसर उपलब्ध हैं। बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, ओटीटी के बारे में अद्भुत बात यह है कि इसमें बहुत सारे प्लेटफॉर्म हैं, आप ऑडियंस के अलग-अलग सेगमेंट को टारगेट कर रहे हैं। आपको ऐसे कटेंट बनाने होंगे, जो उन सभी से जुड़े हों। लारा ने रणनीती- बालाकोट एंड बियॉन्ड में अपने किरदार के बारे में भी बात की। एक्ट्रेस ने कहा, मनीषा सहगल कैरेक्टर का कोई मिलिट्री बैकग्राउंड नहीं है, लेकिन हमारे बीच काफी कुछ समानताएं हैं। मुझे लगता है कि किसी कैरेक्टर के लिए स्क्रिप्ट ही आपका शुरुआती प्वाइंट है। मनीषा अकेले रहती हैं, और वह बहुत सीधी हैं। मेरे लिए इस तरह का किरदार बनाना दिलचस्प और आकर्षक था। वह लोगों और चीजों के प्रति थोड़ी लापरवाह है, लेकिन जब देश की बात आती है, तो वह सब कुछ देने के लिए तैयार रहती है।

# अपने एग्स फ्रीज कराएंगी मृणाल



साउथ और हिंदी फिल्मों की एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने हाल ही में अपने एग्स फ्रीज कराने के बारे में बात की है। उन्होंने सही पार्टनर को चुनने की मुश्किल पर भी काफी कुछ कहा है। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि वो बेहतर जिंदगी के लिए थेरेपी भी ले रही हैं।

हाल ही में एक इंटरव्यू में, एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने काम और अपनी लाइफ के बीच संतुलन बनाने, अपने एग्स फ्रीज कराने और बहुत कुछ के बारे में बात की। मृणाल ने बताया कि जब उनका दिन खराब चल रहा हो तो वह कैसे बात करना पसंद करती हैं। एक्ट्रेस ने इंटरव्यू में कहा कि उनके लिए अपनी लाइफ और करियर के बीच सही संतुलन बनाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा- लाइफ और करियर में संतुलन बनाना बहुत जरूरी है लेकिन आप हमेशा यह पता लगाने की कोशिश करते रहते हैं कि उस संतुलन को कैसे बनाया जाए। मैं जानती हूं कि रिश्ते मुश्क्ल होते हैं और इसीलिए आपको सही साथी ढूंढने की ज़रूरत है जो आपके काम को समझता हो। मैं एग्स को फ़्रीज़ करने के बारे में भी सोच रही हूं। मृणाल ने कहा यह बात सामने आई कि एक्ट्रेस मोना सिंह ने हाल ही में अपने एग्स को फ़्रीज करने के बारे में बात की है। मृणाल ने उन दिनों के बारे में भी बताया जब वह बिस्तर से बाहर नहीं निकलना चाहती थीं, फिर भी उन्हें काम पर जाना पड़ता था और सीन शूट करने पड़ते थे। उन्होंने खुलासा किया कि वह ऐसे दिनों से उबरने के लिए थेरेपी और अपने लोगों पर भरोसा करती हैं।

थेरेपी ले रही हैं मृणाल ठाकुर

एक्ट्रेस बोलीं- मैं अपने काम को बैंडएड की तरह इस्तेमाल कर रही थी, लेकिन जैसे ही मैंने सामान पैक किया और घर गई, मैं दुखी थी। अब, मैं इसे अपने सिस्टम से बाहर निकालने के लिए बात करती हूं।

मैं थेरेपी लेती हूं, यह किसी के लिए भी जरूरी है, खासकर उन एक्टर्स के लिए जो अलग-अलग किरदार निभाते हैं। मेरे पास ऐसे लोग हैं जिन्होंने मुझे बहुत परेशान किया, मेरे दोस्त और मेरी बहन। मेरी बिल्ली भी मेरी लाइफ में बदलाव लाती है।

# विद्या का साड़ियों के लिए प्यार है सदाबहार



दो और दो प्यार स्टार विद्या बालन बेहतरीन साड़ियां पहनने के लिए जानी जाती हैं। बॉलीवुड में जहां हर मौसम के साथ फैशन का चलन बदलता है वहीं विद्या का साड़ियों के लिए प्यार सदाबहार है। बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्री विद्या बालन अभिनय के अलावा अपनी खूबसूरत साड़ियों के संग्रह बारे में भी जानी जाती हैं। अभिनेत्री को लगभग सभी अवॉर्ड समारोह के दौरान साड़ियों में स्पॉट किया जाता है। पिछले दिनों अपनी फिल्म दो और दो प्यार के प्रमोशन के दौरान भी वे साड़ियों में नजर आईं। विद्या के चाहने वाले जानना चाहते हैं कि आखिर उनकी पसंदीदा अभिनेत्री के पास कितनी सारी साड़ियां हैं। आइए आपको बताते हैं खुद विद्या इसके बारे में क्या कहती हैं। विद्या बालन बॉलीवुड में अलग तरह के किरदार निभाने के लिए मशहूर हैं। वे अपनी हर फिल्म में पिछली फिल्म से अलग भूमिका निभाती नजर आती हैं, लेकिन कपड़ों के मामले में उनकी पसंद एक जैसी है। विद्या को साड़ियों से प्यार है। जब उनसे एक इंटरव्यू के दौरान पूछा गया कि आपके पास कितनी साड़ियां हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### रियलमी ने नार्ज़ो श्रृंखला का विस्तार करते हुए रियलमी नार्ज़ो 70 सीरीज़ 5जी पेश किया



**नई दिल्ली,एजेंसी।** सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने आज रियलमी नार्ज़ो श्रृंखला में रियलमी नार्ज़ो 70 सीरीज़ 5जी का लॉन्च किया। इस सीरीज़ में दो अत्याधुनिक स्मार्टफोनः रियलमी नार्ज़ो 70एक्स 5जी और रियलमी नार्ज़ो 70 5जी पेश किए गए हैं। रियलमी नार्ज़ो स्टाईलिश स्मार्टफोंस की सीरीज़ है, जो यूज़र्स को विस्तृत अनुभव प्रदान करती है। भारत में स्मार्टफोन टेक्नोलॉजी के भविष्य का प्रतिनिधित्व करने वाली रियलमी नार्ज़ो सीरीज़ का उपयोग करने वाले यूज़र्स की संख्या 16 मिलियन से ज्यादा है।इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा हमें रियलमी नार्ज़ो 70 सीरीज़ 5जी के लॉन्च की घोषणा करने की खुशी है यह यूज़र्स को अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी एवं प्रीमियम फीचर्स प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है यह सीरीज़ स्मार्टफोन के भविष्य का प्रतिनिधित्व करती है जो यूज़र्स को लगातार विकसित होते हुए डिजिटल परिदृश्य में संपूर्ण अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाईन की गई है। अपनी आधुनिक और शक्तिशाली विशेषताओं के साथ रियलमी नार्ज़ो 70 सीरीज़ 5जी स्मार्टफोन के अनुभव को बदल देगी। भारत में 16 मिलियन से ज्यादा यूज़र्स तक पहुँचकर अपने कदमों का विस्तार करते हुए हमें विश्वास है कि रियलमी नार्ज़ो 70 सीरीज़ 5जी स्मार्टफोन उद्योग में नए मानक स्थापित कर देगी। रियलमी नार्ज़ो 70 सीरीज़ 5जी के साथ कनेक्टिविटी और परफॉर्मेंस का नया युग शुरू करने की तैयारी कर लीजिए। इन डिवाईसेज़ को आधुनिक टेक्नोलॉजी और प्रीमियम फीचर्स के साथ डिज़ाईन किया गया है, ताकि यूज़र्स अपने अद्वितीय स्टाईल का प्रदर्शन करते हुए ट्रेंड में सबसे आगे रह सकें। ग्राहकों को शॉपिंग का बेहतर अनुभव प्रदान करते हुए रियलमी नार्ज़ो सीरीज़ उपलब्ध कराने के लिए रियलमी और अमेज़न ने गठबंधन किया है।

### आकाश के ऋषि सोंगिरकर एआईआर 642 हासिल कर बने भोपाल सिटी टॉपर




**भोपाल, एजेंसी।** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने भोपाल से अपने स्टूडेंट् ऋषि की असाधारण उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन 2024 के दूसरे सत्र में 99.97 परसेंटाइल हासिल किया है। उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स में सिटी टॉपर ऋषि सोंगिरकर ने 99.97 परसेंटाइल (फिजिक्स में 100 परसेंटाइल) व एआईआर 642 हासिल की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों को दिया है। उनकी उपलब्धि में उनके परिवार, शिक्षक, और आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के समर्थन का बड़ा हाथ है।आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर, डॉ. एच. आर. राव ने छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए जोर दिया, ÷उनका उल्लेखनीय प्रदर्शन छात्रों को व्यापक कोचिंग और नवीन शिक्षण समाधान प्रदान करने, उन्हें सशक्त बनाने के लिए एईएसएल की प्रतिबद्धता और प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए उनके दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। हम कामना करते हैं कि वे अपने भविष्य के प्रयासों में निरंतर सफलता प्राप्त करें। स्टूडेंट्स का शानदार प्रदर्शन न केवल उनकी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, बल्कि भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक में परीक्षण किए गए विषयों पर उनकी गहरी पकड़ को भी सामने लाता है.

# सरकार को महंगाई घटने का भरोसा, अच्छे संकेत दे रहे मॉनसून के अनुमान



**नई, एजेंसी।** सरकार 2024 में मॉनसूनी बारिश सामान्य से ऊपर रहने के अनुमान के बीच खाद्य वस्तुओं की कीमत कम होने की उम्मीद कर रही है। गुरुवार को जारी वित्त मंत्रालय की मार्च की मासिक आर्थिक रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि आगे चलकर विदेशी मुद्रा की तेज आवक और व्यापार घाटा अनुकूल रहने के कारण रुपए के बेहतर दायरे में रहने का अनुमान है। आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा जारी मासिक रिपोर्ट में कहा गया है, 'आने वाले समय में खाद्य कीमत में और कमी की संभावना है क्योंकि मौसम विभाग ने मॉनसून सीजन में सामान्य से अधिक बारिश का अनुमान लगाया है। इसकी वजह से बारिश के बेहतर वितरण रहने पर उत्पादन अधिक रह सकता है।'

वित्त मंत्रालय ने कहा है कि वित्त वर्ष 2023-24 में खुदरा महंगाई दर में उल्लेखनीय गिरावट आई है और यह कोविड-19 महामारी के बाद के निचले स्तर पर पहुंच गई है। खाद्य महंगाई फरवरी में 8.7 फीसदी थी, जो मार्च में घटकर 8.5 फीसदी पर आ गई। हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को अर्थव्यवस्था की स्थिति पर अपनी रिपोर्ट में सावधानी का रुख अपनाया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि खुदरा महंगाई 4 फीसदी के लक्ष्य पास पहुंच रही है लेकिन मौसम खराब रहने, कच्चे तेल की कीमत बढ़ने और भू-राजनीतिक अनिश्चितता के कारण महंगाई का जोखिम बना हुआ है। मासिक रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत का आर्थिक प्रदर्शन मजबूत रहा है, इससे सभी सेक्टरों में बेहतर प्रदर्शन के संकेत मिलते हैं। इससे वैश्विक विकास में भारत की महत्त्वपूर्ण भूमिका की दावेदारी बनती है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'अंतरराष्टीय संगठनों और रिजर्व बैंक के चालू वित्त वर्ष के ग्रोथ ऑउटलुक के आकलन के मुताबिक भारत प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश बना हुआ है।'

वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रमुख संकेतकों से पता चलता है कि मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस दोनों क्षेत्रों के विस्तार से कुल मिलाकर आर्थिक गतिविधियों में तेजी बनी रहेगी। इसमें कहा गया है, 'भू-राजनीतिक तनाव चिंता का विषय बना हुआ है। लेकिन हाल के घटनाक्रम के बावजूद जोखिम की धारणा नरम पड़ी है, जिससे वृद्धि की संभावना बढ़ी है।' वित्त मंत्रालय उम्मीद कर रहा है कि विभिन्न क्षेत्रों में उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं के व्यापक इस्तेमाल के साथ व्यापार घाटा आने वाले वर्षों में कम होगा, भले ही वैश्विक व्यापार में सुस्ती से चुनौतियां सामने आ रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक व्यापार में सुस्ती के बीच इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान देश के निर्यात बॉस्केट में अहम बनकर उभरे हैं।

मासिक रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 में भारत के कुल निर्यात में इलेक्ट्रॉनिक्स सामान की हिस्सेदारी 6.7 फीसदी थी। यह 2022-23 के 23.6 अरब डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 29.1 अरब डॉलर हो गया है। मासिक समीक्षा में कहा गया है कि ईएफटीए ट्रेड ऐंड इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट (ञ्श्वक्क) जैसे रणनीतिक व्यापार समझौतों से वैश्विक व्यापार में विस्तार को लेकर भारत की प्रतिबद्धता का पता चलता है।

## डेलॉयट ने वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की जीडीपी वृद्धि 6.6प्रतिशत रहने का लगाया अनुमान

**नई, एजेंसी।** दुनिया में भू-राजनीति तनाव के कारण कई देशों में मंदी की आशंका है। वहीं, भारतीय अर्थव्यवस्था इस नए वित्त वर्ष में भी शानदार प्रदर्शन करने वाली है। भारतीय अर्थव्यवस्था में यह मजबूती मिडिल क्लास उपभोक्ताओं के कारण बनी हुई है। डेलॉयट इंडिया की रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में मिडिल क्लास की इनकम तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है। प्रीमियम लक्जरी उत्पादों व सेवाओं की मांग भी उत्पन्न हुई है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था अच्छी स्थिति में है। डेलॉयट इंडिया ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। निर्यात में तेजी और पूंजी प्रवाह इसमें प्रमुख फैक्टर रहेंगे।




डेलॉयट ने भारत की आर्थिक परिदृश्य पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि मध्यम आय वर्ग की तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है। डेलॉयट ने पिछले वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को संशोधित कर 7.6 से 7.8 प्रतिशत के बीच कर दिया है। जनवरी में कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में वृद्धि के 6.9 से 7.2 प्रतिशत की सीमा में रहने का अनुमान लगाया था। डेलॉयट ने तिमाही के आर्थिक परिदृश्य में कहा कि देश की जीडीपी वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 में करीब 6.6 प्रतिशत और उसके अगले वर्ष 6.75 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। बाजार अपने निवेश तथा उपभोग निर्णयों में भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं को ध्यान में रखना सीख रहे हैं। डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में 2025 में एक समकालिक बदलाव देखने की उम्मीद है क्योंकि प्रमुख चुनावी अनिश्चितताएं दूर हो जाएंगी और पश्चिम के केंद्रीय बैंक 2024 में बाद में कुछ दरों में कटौती की घोषणा कर सकते हैं। भारत में पूंजी प्रवाह में सुधार और निर्यात में उछाल देखने की भी संभावना है। मजूमदार ने कहा कि मजबूत आर्थिक गतिविधि के दम पर पूर्वानुमानित अवधि में मुद्रास्फीति के भारतीय रिजर्व बैंक के लक्ष्य स्तर चार प्रतिशत से ऊपर रहने का अनुमान है। मूडीज ने भी भारत की अर्थव्यवस्था 2024 में 6.1 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है। मूडीज एनालिटिक्स ने 'एपीएसी आउटलुक- लिसनिंग थ्रू द नॉइज़' शीर्षक वाली अपनी रिपोर्ट में कहा, दक्षिण व दक्षिण पूर्व एशिया की अर्थव्यवस्थाओं में इस साल सबसे मजबूत उत्पादन लाभ देखने को मिलेगा, लेकिन वैश्विक महामारी के बाद देरी से वापसी के कारण उनका प्रदर्शन प्रभावित हुआ है।

## मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल में 'डिस्कवरी आईक्यू जेन2' पीईटी सीटी स्कैन मशीन के उपयोग की शुरुआत हुई, जिसे अत्याधुनिक कैंसर उपचार समाधानों के लिए शुद्धता

**अहमदाबाद, एजेंसी।** मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने आज बड़े गर्व के साथ कैंसर के इलाज में अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक टेक्नोलॉजी- पीईटी (पॉजिट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी) सीटी स्कैनर डिस्कवरी आईक्यू जेन2 को लॉन्च किया है। यह अत्याधुनिक उपकरण मरीजों को सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता में एक बड़ी उपलब्धि को दर्शाता है।डिस्कवरी आईक्यू जेन2 पीईटी सीटी स्कैन मशीन वास्तव में कैंसर के इलाज के लिए टेक्नोलॉजी का एक उन्नत संस्करण है, जो बेहतर गुणवत्ता वाली तस्वीर, रेडिएशन की कम डोज, स्कैनिंग की तेज गति और डायग्नोसिस में पहले से कई गुना बेहतर सटीकता जैसे फायदे प्रदान करती है। ये सारी सुविधाएँ अधिक सटीक ढंग से डायग्नोसिस, बेहतर उपचार योजना और कैंसर के उपचार के साथ-साथ चिकित्सा के दूसरे क्षेत्रों में मरीजों के परिणामों में सुधार में योगदान देती हैं।

## स्विगी लाएगी 120 करोड़ डॉलर का आईपीओ, नए शेयरों से 3,750 करोड़ जुटाने की योजना

**नई, एजेंसी, एजेंसी।** ऑनलाइन ऑर्डर पर खाना पहुंचाने वाली कंपनी स्विगी 1.2 अरब डॉलर का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) ला सकती है। कंपनी पंजीयक को दी गई जानकारी से पता चला है कि स्विगी के इस प्रस्ताव को उसके शेयरधारकों ने मंजूरी दे दी है। बेंगलूरु की यह कंपनी नए शेयर जारी कर करीब 3,750 करोड़ रुपए (लगभग 45 करोड़ डॉलर) जुटाने की योजना बना रही है। वह ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के जरिये 6,664 करोड़ रुपए और आईपीओ से पहले एंकर निवेशकों से करीब 750 करोड़ रुपए जुटाने के बारे में भी सोच रही है। स्विगी का आईपीओ इसी साल आ सकता है। मगर अभी तक उसने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास निर्गम के दस्तावेज जमा नहीं कराए हैं। मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन के अनुसार स्विगी में सबसे अधिक करीब 32 फीसदी हिस्सेदारी प्रोसस की है। उसमें सॉफ्टबैंक की 8 फीसदी, एस्सेल की 6.2 फीसदी, संस्थापक समूह की 6.7 फीसदी और एलिवेशन कैपिटल की 4.4 फीसदी हिस्सेदारी है। इसके अलावा नॉर्वेस्ट, टेनसेंट, डीएसटी ग्लोबल और अल्फा वेव ने भी स्विगी में निवेश आईपीओ को शेयरधारकों की मंजूरी का खुलासा 23 अप्रैल को स्विगी की असाधारण आम बैठक (ईजीएम) के एक दिन बाद हुआ है। ईजीएम में कंपनी के सह-संस्थापकों श्रीहर्ष मजेटी और नंदन रेड्डी को कंपनी का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है।

## डीसीबी बैंक ने की पूरे वर्ष वित्त वर्ष 2024 के परिणाम की घोषणा

**मुंबई, एजेंसी।** डीसीबी बैंक लिमिटेड (बीएसई- 532772; एनएसई- डीसीबी) के निदेशक मंडल ने 24 अप्रैल, 2024 को मुंबई में अपनी बैठक में 31 मार्च, 2024 (वित्त वर्ष 2024) को समाप्त चौथी तिमाही (वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही) और पूरे साल के लेखा परीक्षित वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी।

**मुख्य बातेंः**

1) वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही के लिए बैंक का कर पश्चात लाभ (पीएटी) पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 156 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में कर पश्चात लाभ 142 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2024 के लिए बैंक का कर पश्चात लाभ (पीएटी) पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 15प्रतिशत की वृद्धि के साथ 536 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2023 के लिए कर पश्चात लाभ 466 करोड़ रुपये था। 2) साल-दर-साल एडवांस में वृद्धि 19 प्रतिशत रही (साल-दर-साल मॉर्गेज वृद्धि 22त्त, सह-ऋष्टा वृद्धि 23त्त, निर्माण ऋष्टा वृद्धि 26प्रतिशत और कृषि एवं समावेशी बैंकिंग वृद्धि 30प्रतिशत) और जमा वृद्धि साल- दर-साल 20प्रतिशत पर रही। 3) 31 मार्च 2024 को सकल एनपीए 3.23 प्रतिशत था। 31 मार्च 2024 को शुद्ध एनपीए 1.11प्रतिशत था। 31 मार्च, 2024 को प्रावधान (प्रोविज़न) कवरेज अनुपात (पीसीआर) 77.30 प्रतिशत था और स्वर्ण ऋष्टा एनपीए को शामिल किए बगैर पीसीआर 78.18प्रतिशत रहा।4) पूंजी पर्याप्तता मज़बूत बनी हुई है और 31 मार्च, 2024 तक, पूंजी पर्याप्तता अनुपात 16.59प्रतिशत था (बेसल-3 मानदंडों के अनुसार टियर-1 14.53प्रतिशत और टियर-2 2.06प्रतिशत के साथ)।वित्त वर्ष 2024 के परिणाम के बारे में निवर्तमान प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी, श्री मुरली एम. नटराजन ने कहा, मैं बैंक की प्रगति में योगदान देने का अवसर प्रदान करने के लिए सभी हितधारकों को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं नए प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी और प्रबंधन टीम को शुभकामनाएं देता हूं जो इस बैंक को आगे ले जाएंगे। मुझे विश्वास है कि डीसीबी बैंक अपनी वृद्धि और मूल्य सृजन जारी रखेगा।÷वित्त वर्ष 2024 के परिणाम के बारे में मनोनीत प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी, श्री प्रवीण कुट्टी ने कहा,÷हम रणनीति के अनुसार चुनिंदा उत्पादों, अर्थात् मॉर्गेज, कृषि और समावेशी बैंकिंग, निर्माण ऋष्टा और सोने में वृद्धि के साथ अपनी स्थिर पैमाने पर यात्रा जारी रखे हुए हैं। हमारी जमा फ्रेंचाइजी ने उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है और साथ ही अपनी ग्रैनुलर प्रोफाइल को बनाए रखा है। उन्नयन और रिकवरी अच्छी बनी हुई है, जिसके परिणामस्वरूप ऋष्टा की लागत कम हुई है।

## 527 भारतीय उत्पादों में कैंसर फैलाने वाला केमिकल, यूरोपीय यूनियन को मिला सबूत

**नई, एजेंसी।** यूरोपीय यूनियन ने सितंबर 2020 से लेकर अप्रैल 2024 के मध्य भारत द्वारा निर्यात किए गए 527 उत्पादों में कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियां पैदा करने वाले तत्व पाए हैं। हाल ही में हांगकांग और सिंगापुर ने भारतीय उत्पादों में एथिलिन ऑक्साइड पाए जाने के कारण इन्हें प्रतिबंधित कर दिया गया था। इसी तरह के तत्व यूरोपियन फूड सेफ्टी ऑथोरिटी के अधिकारियों को पिछले करीब चार साल में भारतीय उत्पादों में देखने को मिले हैं। जिन भारतीय उत्पादों में कैंसर की बीमारी फैलाने वाले तत्व पाए गए हैं। उनमें ज्यादातर ड्राई फ्रूट और तिल (313), मसाले (60), डाइटिक फूड (48) और अन्य फूड आइटम (34) शामिल हैं। यूरोपियन फूड ऑथोरिटी द्वारा करीब 87 भारतीय कंसाइनमेंट को सीमाओं पर ही रोक दिया गया था, जबकि अन्य उत्पादों को बाद में बाजार में से हटाया गया।



एथिलिन ऑक्साइड एक बेरंगी गैस है। इसका इस्तेमाल पेस्ट्रीसाइड के तौर पर होता है। इस केमिकल को मेडिकल उपकरणों की सफाई के लिए इस्तेमाल किया जाता है। खाने की चीजों में इसके इस्तेमाल से लिम्फोंमा और लिकुमिया जैसे कैंसर होते हैं। यूरोपियन यूनियन के सदस्यों द्वारा खाद्य पदार्थों की जांच के लिए बनाए गए रैपिल अलर्ट सिस्ट फॉर फूड एंड फीड (आरएएसएफएफ) के आंकड़ों के मुताबिक, भारत से यूरोप भेजे गए 525 फूड उत्पादों और दो फीड उत्पादों में इस तरह के तत्व पाए गए। जांच में 332 उत्पाद ऐसे पाए गए जिनका मूल भारतीय है। रमैया एडवांस टेस्टिंग लैब के सीईओ जुबिन जॉर्ज का कहना है कि एथिलिन ऑक्साइड के अलावा इन उत्पादों में एथिलिन ग्लाइकोल जैसे तत्व भी पाए गए हैं। इसी तरह के उत्पादों के कारण अफ्रीका में कफ सीरफ पीने के चलते बच्चों की मौत हुई थी।

## साइबर ठगी पर नकेल, संदिग्ध खाते होंगे फ्रीज, आरबीआईनिर्देशों में जल्द करेगा बदलाव



**नई, एजेंसी।** साइबर ठगी पर नकेल कसने के लिए आरबीआई बैंकों को संदिग्ध खातों के फ्रीज करने का अधिकार दे सकता है। इससे पीड़ितों को पहले पुलिस में शिकायत दर्ज कराने से मुक्ति मिलेगी।

सरकार साइबर अपराधों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले संदिग्ध बैंक खातों को अस्थायी रूप से फ्रीज करने की योजना बना रही है। तीन सूत्रों ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इसके लिए जल्द ही अपने दिशानिर्देशों में बदलाव कर सकता है। नए निर्देशों के तहत, बैंकों को यह अधिकार मिल जाएगा कि वे ऐसे संदिग्ध खाते अस्थायी रूप से बंद कर सकेंगे। यह योजना तब सामने आई है, तब आंतरिक सरकारी आंकड़ों से पता चला कि साइबर धोखाधड़ी के कारण 2021 से वित्तीय संस्थानों में करीब 1.26 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। अनुमान के मुताबिक, हर दिन धोखाधड़ी वाले करीब 4,000 खाते खोले जाते हैं। प्रतिदिन हजारों भारतीयों के बैंक खातों में फोन कॉल के जरिये सेंध लगाने की कोशिश की जाती है। सूत्रों ने कहा, ऐसी घटनाओं पर नकेल कसने के लिए आरबीआई बैंकों को संदिग्ध खातों के फ्रीज करने का अधिकार दे सकता है। इससे पीड़ितों को पहले पुलिस में शिकायत दर्ज कराने से मुक्ति मिलेगी। अभी बैंक ऐसे खातों को तब फ्रीज करते हैं, जब पुलिस रिपोर्ट दर्ज करती है। इस प्रक्रिया में लंबा समय लग जाता है। सूत्रों में एक ने कहा, बैंकिंग नियामक गृह मंत्रालय की साइबर धोखाधड़ी से लड़ने वाली एजेंसी भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र से मिली जानकारी के आधार पर बैंकों के लिए अपने दिशानिर्देश में संशोधन करेगा।

## गुडनाइट सर्वेक्षण में हुआ खुलासा - मच्छरों के कारण होने वाली नींद की गड़बड़ी से भारत की आधी से अधिक उत्पादकता पर बुरा असर

**भोपाल, एजेंसी।** देश की आधे से अधिक (58 प्रतिशत) उत्पादकता पर बुरा असर पड़ रहा है, क्योंकि मच्छरों के कारण नींद में खलल पड़ने के कारण लोग तनावग्रस्त/थका हुआ महसूस करते हैं। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) के भारत के अग्रणी घरेलू कीटनाशक ब्रांड गुडनाइट द्वारा जारी एक सर्वेक्षण रिपोर्ट से महत्वपूर्ण रहस्य सामने आया है। आगामी विश्व मलेरिया दिवस (25 अप्रैल) को देखते हुए यह सर्वे और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। 'वन मस्कीटो, काउंटलेस थ्रेट्स' टाइटल के साथ यह देशव्यापी सर्वे गुडनाइट द्वारा शुरू किया गया था, और बाजार अनुसंधान फर्म ल्वनळ्वअ द्वारा आयोजित किया गया था। यह सर्वे जनता के रुख की जांच करता है, और मच्छर जनित बीमारियों के खतरों का आकलन करता है। सर्वेक्षण रिपोर्ट में भारत के चार क्षेत्रों - उत्तर (मध्य क्षेत्र के राज्यों सहित), दक्षिण, पश्चिम और पूर्व के उत्तरदाताओं को शामिल किया गया। गुडनाइट रिपोर्ट के अनुसार 62 प्रतिशत पुरुषों और 53 प्रतिशत महिलाओं ने कहा कि मच्छरों के कारण नींद में खलल की वजह से उनकी उत्पादकता प्रभावित हो रही है। यह विशेष रूप से भारत के हालिया आर्थिक उछाल के संदर्भ में चिंताजनक है, जहां एक स्वस्थ कार्यबल को सर्वोपरि माना जाता है। उद्योग रिपोर्टों के अनुसार, अकेले मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों से भारत का आर्थिक बोझ लगभग 16000 करोड़ रुपए है। विभिन्न अनुमानों के अनुसार, लगभग 75 प्रतिशत आर्थिक बोझ भारतीयों की कमाई के नुकसान और शेष उपचार खर्चों के कारण पड़ता है।भौगोलिक क्षेत्र के अनुसार, पश्चिम क्षेत्र में सबसे अधिक प्रभावित हुआ। इस क्षेत्र के 67 प्रतिशत लोगों को लगता है कि मच्छरों के कारण नींद में खलल के कारण उनकी उत्पादकता प्रभावित हो रही है। दक्षिणी भारत 57 फीसदी लोगों के साथ दूसरे स्थान पर है, इसके बाद उत्तरी भारत के 56 फीसदी लोग शामिल हैं, और पूर्वी क्षेत्र के 49 फीसदी लोग प्रभावित हैं।गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर - इंडिया, अश्विन मूर्ति कहते हैं, ''गुडनाइट की 'वन मस्कीटो, काउंटलेस थ्रेट्स' टाइटल वाली राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण रिपोर्ट दरअसल जनता के रवैये पर प्रकाश डालती है और मच्छर जनित बीमारियों से जुड़े जोखिमों का मूल्यांकन करती है। ऐसी पहलों के माध्यम से, हमारा लक्ष्य भारत में मच्छरों की समस्या के बारे में जागरूकता बढ़ाना, परिवारों को कार्रवाई करने में सक्षम बनाना और देश को किफायती लेकिन नवीन समाधान प्रदान करना है। भारत में प्रतिवर्ष 40 मिलियन से अधिक नागरिक मलेरिया, डेंगू जैसी मच्छर जनित बीमारियों से प्रभावित होते हैं। बीमारी, स्वास्थ्य देखभाल खर्च और कम उत्पादकता के कारण बड़ी मात्रा में आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है।

# सैमसंग इंडिया ने सैमसंग इनोवेशन कैंपस का दूसरा सीजन लॉन्च किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत - 24 अप्रैल, 2024 - भारत के सबसे बड़े कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने राष्ट्रीय कौशल प्रोग्राम - सैमसंग इनोवेशन कैंपस - के दूसरे सीजन को लॉन्च किया है। इस प्रोग्राम का उद्देश्य एआई, आईओटी, बिग डेटा और कोडिंग एंड प्रोग्रामिंग जैसे भविष्य के तकनीकी डोमेन में युवाओं को कुशल बनाने के लिए तैयार किया गया है। सैमसंग इनोवेशन कैंपस का लक्ष्य 18-25 वर्ष की आयु के युवाओं को भविष्य की तकनीकों में कुशल बनाना और उनकी रोजगार क्षमता को बेहतर करना है। यह प्रोग्राम भारत की विकास गाथा में एक मजबूत भागीदार और योगदान की दिशा में सैमसंग की प्रतिबद्धता को सामने लाता है है। इसे युवाओं के लिए सही अवसर पैदा करने के लिए स्किल इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी भारत सरकार की पहल का समर्थन करने के लिए तैयार किया गया है। इस सप्ताह की शुरुआत में सैमसंग और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल्स काउंसिल ऑफ इंडिया (ईएसएससीआई) के बीच भारत भर में 3,500 छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।




इस वर्ष यह प्रोग्राम केवल कौशल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं होगा, बल्कि उससे आगे बढ़कर छात्रों के लिए और अधिक रोमांचक अवसरों को सामने लेकर आएगा। प्रत्येक डोमेन के राष्ट्रीय टॉपर्स को 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा और साथ ही दिल्ली/एनसीआर में सैमसंग केंद्रों का दौरा करने का अवसर भी मिलेगा। इन केंद्रों का दौरा करने से छात्रों को सैमसंग की नेतृत्व टीम के साथ बातचीत करने और उनसे सीखने व समझने का अवसर मिलेगा। राष्ट्रीय पाठ्यक्रम के टॉपर्स को सैमसंग गैलेक्सी बड्स और सैमसंग गैलेक्सी स्मार्टवॉच जैसे रोमांचक सैमसंग उत्पाद भी मिलेंगे। सैमसंग में साउथवेस्?ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जे बी पार्क ने कहा, ÷सैमसंग भारत में पिछले 28 वर्षों से देश के विकास में प्रतिबद्ध भागीदार रहा है। हमारा दृष्टिकोण हमेशा युवाओं को कुशल बनाने और उन्हें पेशेवर विकास के अवसरों के साथ सशक्त बनाने के भारत सरकार के उद्देश्यों के साथ जुड़ा रहा है। सैमसंग इनोवेशन कैंपस के माध्यम से, हम कौशल-आधारित शिक्षा का एक मंच तैयार कर रहे हैं जो युवाओं को प्रशिक्षित करके भविष्य के तकनीकी क्षेत्रों में नौकरी के अवसर पैदा करेगा और सार्थक बदलाव लाएगा।÷ ईएसएससीआई कौशल विकास मंत्रालय के तहत उद्योग संघों द्वारा प्रोमोटेड राष्ट्रीय स्तर का कौशल संगठन है और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के तहत एक सेक्टर स्किल काउंसिल के तौर पर काम करता है।

## जियोसिनेमा प्रीमियम पर मात्र 29 रुपये प्रति माह पर, रोमांचक सीरीज़ का आनंद लें!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्टीय- इंडियन प्रीमियर लीग की ज़बरदस्त सफलता और एक पुरस्कार विजेता मनोरंजन पेशकश के साथ, जियोसिनेमा ने खुद को हर भारतीय घर की पहली पसंद के तौर पर स्थापित कर लिया है। अब डिवाइस प्रतिबंध, लो मलिटी के वीडियो और ज़्यादा लागत वाली सदस्यता योजनाओं जैसी उपभोक्ता के सामने पेश आने वाली प्रमुख बाधाओं को हल करते हुए जियोसिनेमा ने अपनी नई सदस्यता पेशकश जियो सिनेमा प्रीमियम की घोषणा की है। मात्र 29 रुपये मासिक से शुरू होने वाली नई प्लांस में विज्ञापनमुक्त 4के मलिटी और ऑफ़लाइन देखने के विकल्प उपलब्ध होंगे। सदस्य कनेक्टेड टीवी सहित किसी भी डिवाइस पर एक्सक्लूसिव सीरीज़, मूवी, हॉलीवुड, किड्स और टीवी मनोरंजन का लुत्फ़ उठा सकते हैं। भारतीय घरों की ज़रूरत को ध्यान में रखते हुए मात्र 89 रुपये प्रति माह पर एक फ़ैमिली प्लान की भी घोषणा की गई है,जिसमें एक साथ 4 स्क्रीन पर देखने की अतिरिक्त सुविधा मिलती है। जियोसिनेमा के मौजूदा प्रीमियम सदस्य अब बिना किसी अतिरिक्त लागत के फैमिली प्लान के सभी अतिरिक्त लाभों का आनंद ले सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### आईपी सुरक्षा मामले में अमेरिका की निगरानी सूची में भारत

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने आईपी सुरक्षा मामले में भारत को निगरानी सूची में रखने का फैसला लिया है। अमेरिका ने कहा कि भारत बौद्धिक संपदा (आईपी) सुरक्षा के संबंध में दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि ट्रेडमार्क उल्लंघन की जांच के साथ कुछ मामलों को सुलझाने करने में अमेरिका-भारत व्यापार नीति फोरम के तहत प्रगति हुई है, लेकिन कई लंबे समय से चली आ रही कुछ चिंताएं बनी हुई हैं। इनमें ऑनलाइन पायरेसी की उच्च दर शामिल हैं। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई ने कहा, भारत में पेटेंट का मुद्दा विशेष चिंता का विषय है। पेटेंट आवेदकों को पेटेंट अनुदान प्राप्त करने के लिए लंबी प्रतीक्षा अवधि का सामना करना पड़ता है।

### अमेरिका में हिंसक हुआ फलस्तीन समर्थकों का प्रदर्शन, कई गिरफ्तार

**ऑस्टिन।** इजरायल-हमास युद्ध के खिलाफ अमेरिका के विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन उग्र हो गया है। इसकी शुरुआत ऑस्टिन में टेक्सास विश्वविद्यालय से हुई थी जहां ने दर्जनों प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया था। कई विश्वविद्यालयों में प्रदर्शन उग्र हो गए और उन्हे खत्म करने के लिए पुलिस को बुलाना पड़ा। प्रदर्शनकारियों और पुलिस में झड़पे हुई हैं। कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लॉस एंजिल्स पुलिस ने कहा कि दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों के साथ झड़प के बाद पुलिस ने बुधवार रात 93 लोगों को गिरफ्तार किया। दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय ने अपने परिसर को बंद करने की घोषणा की है। बोस्टन के इमर्सन कॉलेज में 108 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। झड़प में चार पुलिस अधिकारी घायल हुए हैं।

### जादू करवाकर पति को मरवाना चाहती है महिला डॉक्टर, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** जादू जिसका नाम सुनते ही लोगों को होश उड़ जाते हैं। भारत में यह शब्द ज्यादा इस्तेमाल होता है। माना जाता है कि जादू करके किसी को भी वश में या उसको मरने में भी किया जाता है। जादू का इस्तेमाल भारत ही नहीं दुनिया के पाश्चात्य देशों में भी होता है। ऐसा ही एक मामला अमेरिका के केनचुकी में सामने आया है, जहां एक महिला डाक्टर अपने पति पर करवाया है। उस महिला पर पति को मरवाने की कोशिश करने का आरोप लगाया गया है। 52 वर्षीय केंटुकी रसेल बच्चों की डॉक्टर हैं उन्होंने अपने पति रिचर्ड क्रैबट्री को मारने के लिए पहले एक विच डॉक्टर द्वारा मौत के लिए जादू टोना करवाने की कोशिश की थी और फिर एक आदतन हत्यारे को नौकरी पर रखने की कोशिश की।

### 2 साल से घर से युवती बीमार और अपाहिज मां के साथ बस स्टॉफ पर रहने को मजबूर

**बर्मिंघम।** गरीबी क्या होती है, ये उन लोगों से पूछे जिनके सिर पर छत नहीं होती, जो रोड किनारे, या रेलवे स्टेशनों पर रात बिताने के लिए मजबूर होते हैं। इसतरह की इंग्लैंड में रहने वाली एक लड़की की जिंदगी भी बहुत मुश्किल है गरीबी की वजह से बेघर है और रहने के लिए जगह खोजती रहती है। आजकल लड़की अपनी मां और प्रेमी के साथ एक बस स्टॉप में रहती है। हालांकि, उसका ये घर भी बहुत दिन उसका साथ नहीं देगा, क्योंकि उस बस स्टॉफ को भी तोड़ने की बात चल रही है। रिपोर्ट के अनुसार डेस्टिनी मिशेल 26 साल की हैं और ऑटिज्म की कंडीशन से जूझ रही हैं। पर उससे ज्यादा जिस चीज से उन्हें जूझना पड़ रहा है, वहां है गरीबी।

## अमेठी से राहुल गांधी का चुनाव लड़ना लगभग तय, नेता-कार्यकर्ताओं को घोषणा का इंतजार

# रायबरेली से प्रियंका को चुनाव लड़ाने पर जारी है मंथन, तैयारियां शुरु

**एजेंसी | अमेठी**



लखनऊ की अमेठी सीट पर काफी कश्माकश के बाद कांग्रेस ने लगभग उम्मीदवार तय कर दिया है। अमेठी से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है। आलाकमान से संकेत मिलते ही अमेठी कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता सक्रिय नजर आने लगे हैं। कांग्रेस कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं की लगातार बैठकें जारी हैं। ऐसा माना जा रहा कि शुक्रवार या शनिवार को राहुल गांधी की टीम अमेठी आ जाएगी। अमेठी में शुक्रवार से नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो रही है, लेकिन बीजेपी के अलावा किसी भी पार्टी ने अभी तक अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। सबसे ज्यादा सस्पेंस कांग्रेस ने बना रखा है। कांग्रेस सूत्र बता रहे हैं कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ने आ रहे हैं। गुरुवार से ही कई बड़े नेताओं की बैठकों का सिलसिला जारी रहा। सूत्र बता रहे हैं कि राहुल दो मई को नामांकन दाखिल करने अमेटी आएंगे। उनका चुनाव प्रबंधन देखने के लिए शनिवार या रविवार को दिल्ली से कई प्रमुख लोग अमेठी आने वाले हैं।

### राहुल रामलला के दर्शन करने के लिए भी जा सकते है

पार्टी सूत्रों का यह भी कहना है कि राहुल गांधी अमेठी आने से पहले अयोध्या में रामलला के दर्शन करने के लिए भी जा सकते हैं। दरअसल अमेठी में जब भारत जोड़ो यात्रा आई हुई थी तब राहुल गांधी के अयोध्या जाने का कार्यक्रम बना था लेकिन बाद में उसे निरस्त करना पड़ा था। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव योगेंद्र मिश्र ने बताया कि पार्टी अपने स्तर से पूरी तैयारी कर रही है। अमेठी से वही चुनाव लड़ेंगे, जिनका सभी को इंतजार है।

### प्रियंका के नाम पर भी जोरशोर से चर्चा

वैसे पार्टी के उच्च पदाधिकारी अमेठी और रायबरेली से उम्मीदवारी को लेकर अभी कुछ साफ नहीं कह रहे हैं, लेकिन एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि राहुल और प्रियंका के नाम को लेकर बातचीत चल जारी है। वहीं रायबरेली में कांग्रेस संगठन में हलचल तेज हो गई है। संगठन के पदाधिकारी चुनावी काम में जुटे हैं तो कांग्रेस कार्यालय और भुएमऊ गेस्ट हाउस की रंगाई-पुताई शुरू हो गई है। माना जा रहा है कि जल्द ही प्रत्याशी के तौर पर प्रियंका गांधी के नाम का ऐलान कर दिया जाएगा।

## पीएम मोदी पर 6 साल चुनावी बैन लगाने की मांग

# भगवान-मंदिरों के नाम पर वोट मांगने का आरोप

**दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई 29 अप्रैल को**

**एजेंसी | नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर 6 साल के लिए चुनावी बैन लगाने की मांग को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई गई है। कोर्ट इस याचिका सोमवार 29 अप्रैल को सुनवाई करेगा। याचिकाकर्ता एडवोकेट आनंद एस. जोंधले हैं, जिनका आरोप है कि पीएम नरेंद्र मोदी ने आचार संहिता का उल्लंघन किया है। जोंधले ने 15 अप्रैल को अपनी याचिका में कहा था कि पीएम मोदी भगवान और मंदिरों के नाम पर लोगों से वोट मांग रहे हैं। उन्होंने कहा- पीएम ने 9 अप्रैल को क्क्के पीलीभीत में अपने भाषण के दौरान हिंदू देवी-देवताओं, सिख देवताओं और उनके पूजा स्थलों के नाम पर वोट मांगे। इसी स्पीच को एडवोकेट जोंधले ने याचिका का आधार बनाया है।




### समाजवादी पार्टी आज कांग्रेस के साथ खड़ी

मोदी ने कहा- समाजवादी पार्टी आज जिस कांग्रेस के साथ खड़ी है, उस कांग्रेस ने 1984 में हमारे सिख भाई-बहनों के साथ क्या किया था, वो कोई भूल नहीं सकता। ये भाजपा है, जो सिखों के साथ पूरी शक्ति से खड़ी है। हमें गर्व होता है जब लाखों श्रद्धालु, जिनके मन में दशकों से दर्द था, पीड़ा थी, वे करतारपुर साहिब कॉरिडोर से करतारपुर साहब जाकर मत्था टेकते हैं। भाजपा ने लंगर की वस्तुओं पर से जीएसटी हटाया। हमने श्री हरमिंदर साहब के लिए एफसीआरए रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित किया, जिससे विदेश के लोगों को भी सेवा करने का अवसर मिले। हमने वीर बाल दिवस मनाकर साहिबजादों के शौर्य को सम्मान दिया। पीएम ने कहा- कांग्रेस ने जो घोषणापत्र बनाया है, वो कांग्रेस का नहीं, ऐसा लगता है कि मुस्लिम लीग का घोषणापत्र दिखता है। कांग्रेस और सपा सीएए का विरोध कर रही हैं। विदेशी धरती पर अत्याचार की वजह से भागने के लिए मजबूर हुए हिंदुओं और सिख भाई बहनों को भारत अगर नागरिकता नहीं देगा तो कोई और देगा क्या?

### भाषण के कुछ अंश...

पीएम मोदी ने कहा- 500 साल के इंतजार के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर बना। इन इंडी गठबंधन वालों को राम मंदिर के निर्माण से पहले भी नफरत थी और आज भी नफरत है। इन्होंने लाख कोशिश की, जिससे मंदिर ना बने। मंदिरवालों ने उनके सारे गुनाह माफ कर के उन्हें प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में निमंत्रित किया, लेकिन उन्होंने प्राण-प्रतिष्ठा के निमंत्रण को ठुकरा दिया।

### पीएम की कुछ टिप्पणियां नफरत पैदा करती हैं- याचिकाकर्ता

जोंधले के मुताबिक, मोदी ने कहा कि उन्होंने राम मंदिर का निर्माण करवाया। करतारपुर साहिब कॉरिडोर का विकास करवाया। पीएम ने कहा कि उन्होंने गुरुद्वारों में परोसे जाने वाले लंगर में इस्तेमाल होने वाले सामान से त्नस्स्न हटाया। साथ ही अफगानिस्तान से गुरु ग्रंथ साहिब की प्रतियां वापस मंगवाई। याचिकाकर्ता जोंधले ने कहा कि आचार संहिता के तहत कोई भी पार्टी या उम्मीदवार किसी भी ऐसी गतिविधि में शामिल नहीं हो सकता, जो दो जातियों या समुदायों के बीच तनाव पैदा कर सकती है उन्होंने बताया कि वे मोदी की शिकायत लेकर चुनाव आयोग के पास भी गए थे और आईपीसी की धारा 153 ए (समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) के तहत कार्रवाई की मांग भी की थी। हालांकि, आयोग ने कोई एक्शन नहीं लिया।

# नहीं सुलझ पा रहा गौतम सिंघानिया और उनकी पत्नी का विवाद

### नवाज मोदी ने कहा उन्हें 25फीसदी हिस्सा ही चाहिए

**एजेंसी | नई दिल्ली**



रेमंड ग्रुप के चेयरमैन गौतम सिंघानिया और उनकी पत्नी के बीच विवाद सुलझता नजर नहीं आ रहा है। एक बार फिर नवाज मोदी ने कहा कि उनके ससुर डॉ विजयपत सिंघानिया ने उनकी तलाक की मांग का समर्थन किया और कहा कि उन्हें कुल संपत्ति का 50फीसदी हिस्सा मिलना चाहिए। इसके साथ ही नवाज मोदी ने गौतम सिंघानिया पर एक नया आरोप लगाया है। नवाज मोदी ने एक मैगजीन से बातचीत में कहा कि उनके ससुर डॉ विजयपत सिंघानिया का कहना है कि मुझे कुल संपत्ति का 50फीसदी मिलना चाहिए, लेकिन नवाज मोदी का कहना है कि उन्हें 25फीसदी हिस्सा ही चाहिए। बाकी 25 फीसदी बेटी निहारिका और 25फीसदी उनकी बेटी निसा को मिलना चाहिए। नवाज मोदी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कंपनी के फंड का उपयोग सिंघानिया के निजी फायदे के लिए कयिा जा रहा है। आपको ज्ञात होगा कि जनवरी में गौतम सिंघानिया और नवाज मोदी के तलाक का मामला सामने आया था, लेकिन नवाज मोदी ने अलग होने के बाद गौतम सिंघानिया की अनुमानित 1.4 बिलियन की कुल संपत्ति में से 75फीसदी मांग की थी, जिसके बाद तलाक का ये विवाद और बढ़ गया था जबकि गौतम सिंघानिया और नवाज मोदी ने पिछले साल नवंबर में ही सार्वजनिक तौर पर अलग-अलग होने की घोषणा कर दी थी। नवाज और गौतम ने शादी के 32 साल बाद अलग होने का ऐलान किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सिंघानिया की कुल संपत्ति लगभग 1.4 बिलियन डॉलर है, जिसका एक बड़ा हिस्सा रियल एस्टेट होल्डिंग्स से है। वहीं साउथ मुंबई में जेके हाउस इन्हीं के नाम है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 6000 करोड़ रुपए बताई जाती है। यह एक भव्य 30 मंजिला इमारत है।

# फिर मुसीबत में ट्रंप, पोर्ट स्टार को पैसा देने के मामले की सुनवाई शुरु

**एजेंसी | न्यूयार्क**



अमेरिका में चुनाव चल रहे हैं और देश के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुसीबतें भी उन्ही के साथ चल रहीं हैं। पॉर्न स्टार को धन देने के मामले की सुनवाई में शामिल होने के लिए वह न्यूयार्क में हैं। ट्रंप कहा कहना है कि आज एक बड़ा मामला सुनवाई के लिए था, लेकिन न्यायाधीश ने मुझे जाने के लिए छूट नहीं दी। उनके अनुरोध को न्यूयार्क के राज्य सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जुआन मर्चन ने अस्वीकार कर दिया। वह गुप्त धन मामले की सुनवाई कर रहे हैं। इस बीच, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट वाशिंगटन में इस बात पर बहस सुन रहा है कि राष्ट्रपति के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों के लिए उन्हें अभियोजन से छूट दी जानी चाहिए या नहीं। उन्होंने उस दिन के लिए अपने आपराधिक मुकदमे की सुनवाई से बाहर रहने के लिए अपील की थी, ताकि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में शामिल हो सकें, लेकिन उन्हें अनुमति नहीं मिली।न्यायाधीश मर्चन ने ट्रंप के वकील टाड ब्लैंच से पिछले हफ्ते कहा था कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के सामने बहस करना बड़ी बात है।

## हरियाणा में कांग्रेस ने आठ उम्मीदवारों के नामों का किया ऐलान

# हिसार से पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश और सोनीपत से सतपाल ब्रह्मचारी को दिया टिकट

**एजेंसी | चंडीगढ**



हरियाणा में कांग्रेस ने अपने लोकसभा उम्मीदवारों के नामों की सूची जारी कर दी है। कांग्रेस ने पहली सूची में आठ उम्मीदवारों के नाम घोषित किए है। इनमें हिसार से बीजेपी छोड़ कांग्रेस में आए सांसद बृजेंद्र सिंह का टिकट काट दिया है। बृजेंद्र सिंह को हिसार और सोनीपत से टिकट दिए जाने की बात कही जा रही थी। उनकी जगह पर अब हिसार से पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश और सोनीपत से सतपाल ब्रह्मचारी को कांग्रेस ने चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं भिवानी-महेंद्रगढ़ से कांग्रेस ने विधायक किरण चौधरी की बेटी श्रुति चौधरी को टिकट नहीं दिया है। यहां से पूर्व सीएम हुड्डा के खास माने जाने वाले राव दान सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। इस सूची में पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा और राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा प्रमुख नाम हैं। सैलजा को सिरसा से और दीपेंद्र हुड्डा को रोहतक से उम्मीदवार बनाया गया है। हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा को करनाल लोकसभा क्षेत्र से पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर के खिलाफ चुनावी मैदान में उतारा है। अंबाला से वरुण चौधरी, हिसार से जयप्रकाश, भिवानी- महेंद्रगढ़ से राव दान सिंह, सोनीपत से सतपाल ब्रह्मचारी और फरीदाबाद से महेंद्र प्रताप को पार्टी का टिकट दिया गया है। हालांकि अब भी गुरुग्राम के लिए कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। कांग्रेस हरियाणा में आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही है।

**खुद से ही लड़ाई | लोकसभा चुनाव- गठबंधन के साथियों में ही टक्कर**

# केरल, महाराष्ट्र, राजस्थान में इंडिया की सहयोगी पार्टियों ने एक-दूसरे के खिलाफ उतारे उम्मीदवार

**एजेंसी | नई दिल्ली**



लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे फेज की शुक्रवार (26 अप्रैल) को वोटिंग होगी। इस फेज में 88 सीटों के लिए मतदान किया जाना है। बीजेपी की एनडीए वाली सरकार के सामने विपक्ष का इंडिया गठबंधन है। 28 दलों वाले इंडिया गठबंधन में शामिल पार्टियों ने गठबंधन की सहयोगी पार्टियों के कैंडिडेट के खिलाफ भी उम्मीदवार उतारे हैं। यानी की किसी सीट से कांग्रेस ने उम्मीदवार उतारा है तो उसके खिलाफ गठबंधन की सहयोगी पार्टी ने भी उम्मीदवार खड़ा किया है। केरल, बंगाल, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों में यही हाल है। दूसरे फेज में असम की 5, बिहार की 4, छत्तीसगढ़ की 3, कर्नाटक की 14, केरल की 20, मध्य प्रदेश की 6, महाराष्ट्र की 8, राजस्थान की 13, त्रिपुरा की 1, यूपी की 8, पश्चिम बंगाल की 3 और जम्मू-कश्मीर की 1 सीट पर वोटिंग होगी। इन राज्यों में कुछ राज्य ऐसे भी हैं जहां गठबंधन की पार्टियों ने एक-दूसरे के खिलाफ प्रत्याशी खड़े किए हैं।

### केरल

सीपीआई और सीपीआई (एम) दोनों ही इंडिया गठबंधन में शामिल हैं, लेकिन केरल की सभी 20 लोकसभा सीटों पर इन पार्टियों ने गठबंधन के सहयोगी दल कांग्रेस के खिलाफ प्रत्याशी उतारे हैं। राहुल गांधी वायनाड से चुनाव लड़ रहे हैं। यहां उनका मुकाबला बीजेपी कैंडिडेट के साथ-साथ सीपीआई कैंडिडेट से है। सीपीआई की नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वूमेन की महासचिव और पार्टी के महासचिव डी राजा की पत्नी एनी राजा मुकाबले में हैं। बीजेपी ने के सुरेंद्रन को टिकट दिया है। वे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। सुरेंद्रन 3 बार लोकसभा चुनाव में और 5 बार विधानसभा चुनाव में सुरेंद्रन किस्मत आजमा चुके हैं।

### महाराष्ट्र

इंडिया गठबंधन के अलावा महाराष्ट्र की शिवसेना (बीटी), कांग्रेस और एनसीपी (शदर चंद्र पवार) राज्य में महाराष्ट्र महा विकास अघाड़ी (एनवीए) का भी हिस्सा हैं। तीनों ने आपस में सीट-शेयरिंग पर सहमति जताई है, लेकिन यह छोटी पार्टियों - सीपीआई, सीपीएम, ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक और भारत आदिवासी पार्टी को पसंद नहीं आया था। नतीजतन, दूसरे फेज में जिन 8 सीटों पर वोटिंग होनी है उनमें से 4 पर इन पार्टियों में आपस में मुकाबला है। अमरावती में कांग्रेस बनाम एआईएफबी मुकाबला, हिंगोली और परभणी में सीपीआई (एम) और सीपीआई कैंडिडेट के खिलाफ शिवसेना ठाकरे गुट के प्रत्याशी हैं।

# भागलपुर व हावड़ा के बीच चलेगी वंदे मेट्रो ट्रेन, समय सारिणी जारी

**एजेंसी | भागलपुर**



वंदे मेट्रो ट्रेन भागलपुर और हावड़ा के बीच चलेगी। आठ कोच वाली यह ट्रेन हर हफ्ते छह दिन भागलपुर और हावड़ा के बीच चलेगी। यह बुधवार को भागलपुर से और मंगलवार को हावड़ा से नहीं चलेगी। वंदे मेट्रो के संचालन की समय सारिणी आधिकारिक तौर पर जारी कर दी गई है। ट्रेन भागलपुर से सुबह 6:15 बजे चलेगी और यह 7:28 बजे साहिबगंज और 8:15 बजे बड़हरवा स्टेशन पर पहुंचेगी। दो मिनट के संक्षिप्त ठहराव के बाद यह ट्रेन बड़हरवा से रवाना होगी। अजीमगंज, कटवा, नौदीपधाम होते हुए दोपहर 2:25 बजे हावड़ा पहुंचेगी। यह ट्रेन हावड़ा से दोपहर 1:30 बजे चलेगी और भागलपुर में रात 9:55 बजे पहुंचेगी। कुल 439.57 किलोमीटर की दूरी 7:30 घंटे में तय करेगी। इस ट्रेन में स्लीपर की व्यवस्था नहीं होगी लेकिन इसमें चेयर कार कोच होगा। पूर्वी रेलवे मुख्यालय से रेलवे बोर्ड को परिचालन रिपोर्ट भेज दी गई है। इसके अलावा 3 वंदे भारत मेट्रो ट्रेनें जमालपुर से मालदा, भागलपुर-हावड़ा और भागलपुर-देवघर के बीच चलने वाली हैं। मालदा रेल मंडल के भीतर रेलवे ट्रैक की स्थिति बहुत अच्छी बताई जा रही है। मालदा-साहिबगंज-भागलपुर-किउल रेल खंड पर ट्रेनों की अधिकतम गति 110-130 किलोमीटर प्रति घंटा है। मालदा रेलवे डिवीजन के कई स्टेशनों का नवीनीकरण किया जा रहा है। वंदे भारत ट्रेन की तिथि की घोषणा लोकसभा चुनाव के बाद होगी। बतायी जा रहा है कि लोकसभा चुनाव संपन्न होने और नई सरकार बनने के बाद वंदे भारत ट्रेन के परिचालन की तिथि की घोषणा की जाएगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार वंदे भारत ट्रेन साहिबगंज-भागलपुर-जमालपुर-किउल रेल मार्ग पर चलेगी।

## पूर्व सांसद धनंजय सिंह हुए रायबरेली जेल में शिफ्ट

जौनपुर न्यूज आशीष तिवारी। यूपी के जौनपुर जिले के पूर्व सांसद और बाहुबली धनंजय सिंह को शनिवार की सुबह आठ बजे जौनपुर जिला कारागार से बरेली जेल शिफ्ट कर दिया गया है, पुलिस के मुताबिक शासन के आदेश पर उन्हें शिफ्ट किया गया है। धनंजय बीती छह मार्च से जौनपुर के जिला कारागार में बंद थे,धनंजय सिंह को अपहरण और रंगदारी के मामले में जिला जज शरद चंद त्रिपाठी की कोर्ट ने सजा सुनाई थी। वादी अभिनव सिंघल ने 10 मई 2020 को लाइन बाजार थाने में पूर्व सांसद धनंजय सिंह समेत दो के खिलाफ अपहरण और रंगदारी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था, इसी मामले में वो तीन माह जिला कारागार में बंद रहे। इसके बाद पूर्व सांसद धनंजय सिंह की जमानत हो गई थी, बाद में इस मामले में पुलिस ने विवेचना करके तीन माह के अंदर कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था।

## बसपा जिलाध्यक्ष हुए पार्टी से निष्कासित

### नए जिलाध्यक्ष गंगादीन ने किया निष्कासन

महोबा। लोकसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी के नाम की घोषणा के बाद पार्टी में उठा पटक का दौर शुरू हो गया है। पार्टी विरोधी गतिविधियां चलते पूर्व जिला अध्यक्ष को पार्टी से निष्कासित किया गया है उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड की महोबा हमीरपुर संसदीय सीट पर बसपा ने सबसे बाद में अपने प्रत्याशी की घोषणा की । जिसकी घोषणा होते ही पार्टी में विरोध के स्वर फूटने लगे । पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सिद्धार्थ को पार्टी से निष्कासित किया गया है और पूर्व जिला अध्यक्ष गंगादीन अहिरवार को जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है । गंगादीन अहिरवार ने कहा कि पूर्व में दी गई चेतावनी के बाद भी कार्यशैली में सुधार ना होने के कारण राजेश कुमार सिद्धार्थ को पार्टी से निष्काषित किया गया है । 2022 के विधानसभा चुनाव में जनपद की चरखारी विधानसभा से बसपा प्रत्याशी रहे और बसपा के पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद राजपूत ने भी पार्टी का दामन छोड़ दिया है और भाजपा पार्टी ज्वाइन कर ली है।

## चुनावी संग्राम में प्रशासनिक तैयारी का जायजा लेते एसपी जौनपुर डॉक्टर अजय पाल शर्मा

जौनपुर न्यूज आशीष तिवारी। आपको बता दे की इस समय चुनावी महासंग्राम चल रहा है और लोक तंत्र का बहुत बड़ा महोत्सव भी है इसी कड़ी में जौनपुर में 25 मई को होने वाले लोक सभा चुनाव में कोई



गड़बड़ी न होने पाए और उपद्रवी तत्व कही से कोई गलत हरकत ना करने पाए इसी बात को देखते हुए जौनपुर जिले के कुशल एस पी श्री डॉक्टर अजय पाल शर्मा जी ने मीरगंज थाने का निरीक्षण किया साथ में पुलिस बल कहा ठहरेगी उनके लिए क्या व्यवस्था है उसका भी जायजा लिया।उनके साथ मीरगंज थाने के कुशल निरीक्षक श्री देवानंद रजक जी और उप निरीक्षक श्री हरिकेश राय जी भी मौजूद थे।आपको मीरगंज थाने के निरीक्षक श्री देवानंद रजक जी के बारे में बता दे की जब से उन्होंने मीरगंज थाने की कमान अपने हाथों में लिया है तब से मीरगंज थाने में क्राइम नाम मात्र रह गया है और इसके पीछे देवानंद जी ने बहुत अथक मेहनत किए है।

## मुख्य सचिव व अपर परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत एआरटीओ के तत्वावधान में कोंच बस स्टैंड पर चालकों व प्राइवेट बस चालकों के स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण का आयोजन संपन्न




उरई(जालौन)।मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र दिनाँक 19 अप्रैल 2024 एवम् अपर परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन/स0सु0), उत्तर प्रदेश के पृष्ठांकन पत्र दिनाँक 22 अप्रैल, 2024 द्वारा दिनाँक 22 अप्रैल 2024 से 04 मई 2024 तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। उक्त निर्देश के अनुपालन में आज दिनाँक 26 अप्रैल, 2024 को ''सड़क सुरक्षा पखबाड़ा'' कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राइवेट बस स्टैण्ड (कोंच-जालौन) उरई में प्राइवेट बस चालकों व अन्य प्राइवेट वाहन चालकों के नेत्र व स्वास्थ्य परीक्षण हेतु शिविर लगाकर समस्त चालकों के नेत्र व स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया।

उक्त कार्यक्रम में राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) जालौन, स्वास्थ्य एवम् नेत्र परीक्षण प्रभारी डा0 ए0के0 पाण्डेय, नेत्र विशेषज्ञ डा0 सुरेन्द्र कुमार, नेत्र परीक्षक रोहित सोनी एवम् प्राइवेट बस यूनियन के पदाधिकारी प्रदुम्न सिंह (अध्यक्ष), दिनेश कुमार सिंह (उपाध्यक्ष), अरविन्द कुमार दुबे (सचिव), धर्मेन्द सिंह, मनोज लल्ला (सदस्य) व अन्य प्राइवेट वाहनों के यूनियन के पदाधिकारी सम्मिलित रहे।

उक्त कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों का राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए अपील की गयी कि वे हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग करें, नशे की हालत में वाहन न चलायें व वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, ओवर स्पीड में वाहन न चलायें, दुर्घटना में घायलों की सहायता करें, क्षमता से अधिक माल व सवारी न ढोये। अन्त सभी का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

## दो अलग-अलग मामलों में पांच के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत

मौदहा। दो अलग-अलग मामलों में नाबालिक बालिकाओं को बहला फुसला कर ले जाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश तेज करती है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के बड़ी आबादी वाले गांव के पीड़ित पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि मध्य प्रदेश के छतरपुर थाना के अंतर्गत पुत्र बाबूलाल व उसके पिता मंगल ने उसकी पुत्री को 25 अप्रैल को गांव में एक शादी समारोह में मौजूद उसकी पुत्री को दोनों लोग पहला फुसला कर बाइक से ले गए जिसकी जानकारी पीड़ित ने पड़ोस में करने के बाद कोई सुराग न मिलने पर कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाई वही कस्बे के एक मोहल्ला निवासी प्रजापति समाज के भाई ने बहन को पड़ोसी फैजल ,अली, बाबू खान तीनों सगे भाइयों ने बेहला फुसलाकर उसकी बहन को बीते 23 अप्रैल को ले गए इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने दोनों पीडितो की तहरीर के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 363 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर पांचों आरोपियों की तलाश की जाने की बात कही है।

# नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों व मोहल्लो में चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**

लखनऊ। लोक सभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत जनपद लखनऊ में दिनांक 20 मई 2024 को मतदान की तिथि निर्धारित है। इस निर्वाचन में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा न्यूनतम 70 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मतदाताओं को जागरुक किए जाने के लिए नगर निगम द्वारा विभिन्न गतिविधियां यथा चुनाव पाठशाला का आयोजन, स्थानीय सम्पर्क, फोरम एवं जागरुकता कार्यक्रम निरन्तर आयोजित किए जा रहे है। इसी के क्रम में शनिवार को नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों व मोहल्लो में चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया जिनमें स्थानीय नागरिकगण, अधिकारियों/कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं द्वारा शपथ ली गयी तथा अधिक से अधिक मतदान करे हुए मतदान प्रतिशत बढाने के लिए जागरुक किया गया। साथ ही अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा स्थानीय नागरिको से सम्पर्क करते हुए मतदाताओं को बूथ की जानकारी दी गयी तथा मतदान की




अपील करते हुए मतदान किए जाने हेतु शपथ दिलायी गयी।

उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत नगर में स्थित विभिन्न विद्यालय इत्यादि संस्था जैसे कि जोन-1 में वैदिक कन्या पाठशाला, विष्णु नगर शिक्षा निकेतन, प्राथमिक बालक विद्यालय नरही, प्ले-वे स्कूल नवीउल्लाह रोड, महिला कालेज अमीनाबाद, जोन-2 में गुरुनानक गर्ल्स डिग्री कालेज, आजाद बाल विद्या इंटर कालेज, नवयुग डिग्री कालेज, सिद्धार्थ शिक्षा निकेतन, आयुर्वेदिक कालेज, विशाल मान्टेसरी स्कूल, दीन दयाल उपाध्याय महाविद्यालय, सुन्नी इंटर कालेज, सरस्वती शिशु मंदिर, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान राजाजीपुरम, जोन-3 में सेंटर जोसफ कालेज प्रियदर्शिनी कालोनी, एसएस.जे.डी. इंटर कालेज फैजुल्लागंज, टाईगर्स एजुकेशनल सोसायटी जूनियर हाईस्कूल शिवलोक त्रिवेणीनगर, महावीर इंटर कालेज कुर्सी रोड, जोन-4 में परिषदीय प्राथमिक विद्यालय निशातगंज, मुन्नू कुंवर सनातन धर्म इंटर कालेज पेपरमिल कालोनी, न्यू रेड रोज हाईस्कूल संजय गांधीपुरम, महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल विराट खंड-1, सेंट कोलम्बस विनयखंड-5, जय सुभाष पब्लिक स्कूल विशालखंड, प्रकाश बाल विद्या मंदिर विनम्रखंड-1, पूर्व माध्यमिक विद्यालय चिनहट, प्राथमिक विद्यालय लौलाई, डेल्ही पब्लिक स्कूल सेक्टर-4, जोन-5 में प्राथमिक विद्यालय गहरू, प्राथमिक विद्यालय अलीनगर सुनहरा, प्राथमिक विद्यालय कनौसी, श्यामाचंद्रा कांवेंट इ.का. कृष्णापल्ली आलमबाग, बेसिक विद्यालय बरिगवां पूरन नगर चौराहा, टीडीविएस पब्लिक स्कूल अर्जुन नगर रेलवे कालोनी, जनता गर्ल्स इं.का. छोटा बरहा, बेसिक विद्यालय कनौसी भोला खेड़ा, ए.के.डी. पब्लिक स्कूल विश्वेश्वर नगर, जोन-7 में प्राथमिक विद्यालय बस्तौली, डेल्ही पब्लिक स्कूल सर्वोदय नगर, प्राथमिक विद्यालय जरहरा, संस्कार पब्लिक स्कूल आम्रपाली चौराहा सेक्टर-23 इंदिरा नगर, अरविन्दो पार्क, अवध पब्लिक एकेडमी शिवानी विहार, जोन-8 में प्राथमिक विद्यालय भुसवल कलां, प्राथमिक विद्यालय शकूरपुर, लखनऊ पब्लिक स्कूल वृंदावन योजना सेक्टर-9, जे.के. कान्वेंट स्कूल औरंगाबाद जागीर, प्राथमिक विद्यालय नटकुर, न्यू पब्लिक इंटर कालेज सेक्टर डी-1 एलडीए, सेंट्रल अकादमी सेक्टर-के आशियाना, भारतीय आदर्श विद्या मंदिर इं.कालेज भदरुख, पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैवतमऊ मवैया, सेक्रेड हार्ट राजीवनगर घोसियाना, प्राथमिक विद्यालय बल्दीखेड़ा बरिगवां रोड इत्यादि में मतदान हेतु नागरिको को जागरुक करते हुए शपथ दिलायी गयी।

## ! गरमी का कहर शुरू होते ही अस्पताल में उल्टी-दस्त के मारिजों की संख्या में हुई बढ़ोतरी

**लू से बचाव के लिए सुझाव बताते चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर प्रदीप कुमार राजपूत**



माधौगढ रामपुरा। जालौन द्य सभी जगह गर्मी का कहर शुरू हो चुका है ऐसे में लोग दोपहर में घर से बाहर जाने से पहले भी कई बार सोचते हैं द्य गॉव में इस समय लू/लपट यानि गरम हवा का चलना आम बात है द्य लू के शुरू होते ही इसका असर दिखायी देने लगा है द्य अस्पतालों में भारी संख्या में उल्टी-दस्त एवम पानी की कमी वाले मारिजो की बढ़ोतरी देखने को मिल रही है द्य मारिजो की संख्या को देखते हुए चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर प्रदीप कुमार राजपूत(रामपुरा) ने लू से बचाव के लिए कुछ आवशयक सुझाव दिये हैं जो इस प्रकार है- गमछा/साफी से सर को ढक कर रखें, दिन में कम से कम 3-4 लीटर पानी का उपयोग करें, पानी वाले फ़लो का ज्यादा उपयोग करें, पानी के साथ ग्लूकोज पाउडर का सेवन करें, खानपान में विशेष ध्यान रखें तला हुआ भोजन न करें, घरो में खाना बनाने में कम तेल एवं मिर्च-मसाला का उपयोग करें, बद्यहर के खाने का कम कम सेवन करें, एवं घरेलू नुस्खे से आराम न मिलने पर नजदीकी चिकित्सक से परामर्श करें, बिना वजह घर से बाहर ना निकले।

## मतदान में 100 फीसदी सहभागी बनें मतदाता

माधौगढ़ (जालौन) कस्बे के महक पैलेस स्थित बूथ सम्मेलन कार्यकम का आयोजन किया गया जिसमे भाजपा ने एक बार फिर वापिसी करते हुए 400 पार का नारा लगाया गया छठी वार भाजपा से सांसद रह चुके भानू प्रताप वर्मा ने भाजपा की वापिसी पर संकेत देते हुए कहा कि इस बार भाजपा अपना विजय रथ तेजी से आगे बढ़ाएगी इतना ही नहीं मोदी की गारंटी में अबतक सफल योजनाएं शामिल है ।

यह राम राज्य के संकेत है जिसमे अयोध्या का राम मंदिर यह बताता है कि भाजपा में कार्य करने की बो शैली है जो नामुमकिन कार्य को मुमकिन बनाने की काबिलियत रखती है तो इस दौरान उन्होने इंडिया गठबंधन पर पलटबार करते हुए कहा कि इस बार भाजपा की प्रचण्ड जीत से दिल्ली की कुर्सी पर कमल का अधिकार होना तय है जबकि जालौन भोगनीपुर गरौठा में भाजपा आठवीं बार काबिज होने की स्थिति में है इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक बाबूलाल तिवारी , लोकसभा प्रभारी मदन पाण्डेय लोकसभा संयोजक श्याम सिंह सिसौदिया , भाजपा प्रत्याशी श्री भानु प्रताप , विधायक मूल चन्द्र निरंजन, रमा,आर, पी, निरंजन एमएलसी ,लोकसभा सह संयोजक




उदयन पालीवाल शंभू दयाल , जिलाध्यक्ष श्रीमती उर्विजा दीक्षित, विधान परिषद सदस्य श्रीमती रमा ,माधौगढ़ विधानसभा प्रभारी रानू देवरिया , विधानसभा सह संयोजक श्री राजकिशोर गुप्ता नगर पंचायत अध्यक्ष राघवेंद्र व्यास, ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर,, राहुल शाक्य ब्लॉक प्रमुख माधौगढ महेश सिंह राजावत, डी एन शिवहरे प्रधान प्रतिनिधि, शिक्षक नेता अशोक राठौर,कल्लू शिवहरे, मंडल अध्यक्ष कमलापत कुशवाहा, योगेश त्रिपाठी,भरत भदौरिया, विनय कैलौर , शीतल कुशवाहा, प्रबल प्रताप सिंह, आनन्द तिवारी,पवन व्यास, प्रदीप सिंह, अनिल सिंह राजावत डिकौली प्रधान, पूर्व प्रधान लल्लू महाजन, अनिल शिवहरे खकसीश प्रधान, ज्योतिष सिंह, शिवम, फाइटर सिंह पचानी, रविन्द्र सिंह हरौली, केशव सिंह सेंगर, मनोज शिवहरे नरेंद्र प्रजापति, राज शिवहरे ईटौ, राजपाल सहित समस्त जनप्रतिनिधिगण जिला पदाधिकारीगण एवं ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण कार्यक्रम में उपस्थित रहें ।

# उपेक्षा के शिकार ऐतिहासिक तालाब-बने कचड़ाघर

**मुख्यालय में पेयजल की विकराल समस्या का कारण, कभी पूरे नगर को देते थे पीने के लिये पानी**

महोबा। नगर में कभी पानी की कमी का ऐहसास न हो इसके लिये पूर्व काल में चन्देल कालीन राजाओं ने नगर के चारों किनारों पर कई तालाबों का निर्माण कराया था। परन्तु वर्तमान में इन्ही ऐतिहासिक तालाबों की उपेक्षा के कारण प्रतिवर्श नगर वासियों को पेयजल समस्या का सामना करना पड रहा है।

इसके बाद भी नगर प्रषासन द्वारा इस तरफ कोई समुचित कदम न उठाये जाने से स्थिति सुधरने का नाम नही ले रही है गौरतलब है कि चन्देल कालीन राजाओं ने नगर वासियों को कभी पेयजल समस्या से न जूझना पडे इसके लिये नगर के चारों छोर पर कई ऐतिहासिक तालाबों का निर्माण करवाया था। परन्तु कुछ छोटे तालाब प्रशासन की उदासीनता व भूमाफियाओं की टेढी नजर के कारण इतिहास बन चुके है। बाकी तालाबों पर भी इन भूमाफियाओं की नजरे गढ चुकी है इसलिये वह धीरे धीरे कूडा कचडा डालकर इन तालाबों पर कब्जा करने में लगे हुये है और प्रशासन पूरी तरह से खामोश बना



हुआ है। बता कि नगर के चारों छोरो पर मदन सागर, कीरत सागर, कल्याण, सागर, बीजानगर, रहेलिया तालाब सहित कई तालाबों का निर्माण पूर्व शासकों ने नगर में पेयजल समस्या को लेकर कराया था। जिनके चारों तरफ की प्राकृतिक सुन्दरता देखते ही बनती थी।

रोज सुबह शाम सैकडों लोग इस तालाबों के तटबंध पर घूमने आते थे। इस समय केवल बीजानगर तालाब की ही सुन्दरता थोडी बहुत बरकरार है। वह भी इसलिये क्योकि वह तालाब वन विभाग के अधिकार में आ गया है। इसलिये वहां अभी भी प्राकृतिक सुन्दरता बरकरार है। बाकी कीरत सागर में सरकार द्वारा सेल्फी प्वांइट बना दिया। जिससे वहां लोग सुबह शाम टहलने जाते है। लेकिन कीरत सागर में जलकुंभी तालाबों पर चाहे मदन सागर हो या फिर कल्याण सागर इन तालाबों पर भूमाफियाओं की गिद्ध जैसी नजरे गढ चुकी है और वह धीरे धीरे इन तालाबों की जमीन पर अवैध कब्जा करने में लगे हुये है कल्याण सागर पर तो भूमाफियाओं द्वारा लगभग कब्जा कर ही लिया गया है मदन सागर और कीरत सागर भी इसकी जद में आ चुके है। अब प्रशासन की उदासीनता के कारण इन भूमाफियाओं पर कोई अंकुश नही लगाया जा रहा हैं। भूमाफियाओं ने इन तालाबों को कचडा घर बनाकर रख दिया है। यह तालाबों के किनारो पर धीरे धीरे कचडा डाल उक्त भूमि पर कब्जा करते जा रहे है।

जिससे तालाबों का अस्तित्व खत्म होता जा रहा है और षासन प्रषासन हाथों पर हाथ रखे बैठा हुआ है। यहां लगभग सभी तालाबों में जलकुम्भी का साम्राज्य है जिस कारण तालाब समय से पहले ही सूखने लगे है जो भूमाफियाओं के लिये बरदान साबित होते है। सरकार प्रत्येक वर्श तालाबों से जलकुम्भी हटाने व तालाबों की गहरी करण के लिये करोडो रुपया खर्च करती है परन्तु पिछले पांच साल से न तो जलकुम्भी हटाई जा सकी और न ही तालाबों का गहरीकरण हो सका और करोडों रुपया प्रषासनिक अधिकारियों द्वारा हजम कर लिया गया।

## भांग ठेके में बिक रहा खुलेआम गांजा

**पशु बाजार के निकट संचालित है फर्जी ठेका**

*सुमेरपुर। कस्बे में संचालित सरकारी भांग ठेकों में भांग की जगह खुलेआम गांजा बेचा जा रहा है। गांजे की सप्लाई छत्तीसगढ़ के तस्कर कर रहे हैं। पुलिस इस कारोबार से अनिभिज्ञ है। कस्बे में भांग ठेका बस स्टॉप के समीप संचालित हो रहा है। एक ठेका पशु बाजार के निकट फर्जी तरीके से खोखे में चल रहा है। इन भांग ठेकों में खुलेआम भांग की जगह गांजा बेचा जा रहा है। सूत्रों का दावा है कि गांजा छत्तीसगढ़ से लाकर यहां खपाया जा रहा है। इसके अलावा कमलेश तिराहा के समीप खुलेआम गांजा बेचा जा रहा है। कस्बे के निवासी स्वतंत्र सिंह, राजकुमार आदि का कहना है कि भांग ठेके में खुलेआम गांजा बिकने से कस्बे का युवा बर्बाद हो रहा है। प्रशासन को इस अवैध कारोबार में कडाई के साथ अंकुश लगाकर युवाओं के भविष्य को बचाना चाहिए। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि उन्हें भांग ठेके में गांजा बिकने की खबर नहीं है अगर ऐसा हो रहा है तो वह जांच करके कार्यवाही अवश्य करेंगे।*

## भैंस्ता के छात्रों ने जनपद में लहराया परचम

### *विभागीय अधिकारियों ने बच्चों के साथ अध्यापकों को किया सम्मानित*

मौदहा । राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में उच्च प्राथमिक विद्यालय भैंस्ता के छात्रों ने अपनी मेधा के झण्डे गाड़ कर सभी को चौंका दिया है। जिसके बाद मौदहा बीआरसी की ओर से आयोजित एक सादे समारोह में बच्चों व शिक्षकों को सम्मानित करने का काम किया गया है। हालांकि इसके पहले भी जनपद स्तर पर इस विद्यालय के बच्चे अपनी प्रतिभा का जलवा दिखा चुके हैं।

राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृति परीक्षा में उच्च प्राथमिक विद्यालय भैंस्ता के छात्र आर्यन, विपिन कुमार, राज, पुष्पेंद्र कुमार, आदर्श यादव, अमन कुमार, विमलेश कुमार के चयन ने सभी को चौंका दिया है। हालांकि इसके पहले भी इस विद्यालय के छात्र ने जनपद में युवा वैज्ञानिक के रूप में चयनित होकर सभी को चौंका दिया था। स्कूल के छात्रों की इस सफलता को लेकर ग्रामीणों ने खुशी जताई है और स्कूल के स्टाफ को बधाइयां देने का सिलसिला शुरू हो गया है। जबकि ब्लॉक संसाधन केंद्र की ओर से आयोजित एक सादे समारोह में प्रधान अध्यापिका भारती कुशवाहा, ज्ञानचंद्र अहिरवार, तबस्सुम, सुरेंद्र मोहन, कर्नल यादव, रश्मि देवी, सुनीता वर्मा, शांति यादव, प्रियंका प्रजापति को सम्मानित करने का काम किया। इस दौरान गुरु तेजप्रताप, हरिप्रकाश कुशवाहा और रामकृष्ण त्रिपाठी आदि मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

# अवैध टैक्सी स्टैंड के कारण जाम के झाम से जूझ रहा जनपद मुख्यालय

**जगह जगह संचालित हो रहे अवैध टैक्सी स्टैंड, मूक दर्शक वन तमाशा देखते रहते ट्रैफिक कर्मी**



**महोबा।** मुख्यालय में अवैध टैक्सी स्टैंड से ऑटो टैक्सी का संचालन किया जा रहा है। मनमाने ढंग से संचालित टैक्सी स्टैंड पर वाहन बेतरतीब ढंग से खड़े होते हैं जिनसे जाम का समस्या बनती है। यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है अवैध रूप से संचालित टैक्सी स्टैंड पर शिकंजा कसने में ट्रैफिक पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी नाकाम दिख रहे हैं जनपद मुख्यालय में जगह-जगह पर अवैध टैक्सी स्टैंड संचालित हो रहे हैं जहां पर ऑटो टैक्सी वाले वाहनों को बेढंग से खड़ा कर सवारियों को बिठाते हैं।

जिससे वहां पर जाम की स्थिति उत्पन्न होती है और कई बार यह वाहन दुर्घटना का कारण भी बनते हैं। टैक्सी स्टैंड संचालकों पर सत्ताधारी दल के नेताओं की सरपरस्ती है इससे जिम्मेदार हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। परमानन्द तिराहा रेलवे स्टेशन रोडवेज बस अड्डा राठ चुंगी समेत दर्जन भर से अधिक स्थानों पर अवैध टैक्सी स्टैंड का संचालन किया जा रहा है।

### ट्रैफिक पुलिस कर्मी मूक दर्शन बन देखते हैं तमाशा..

अवैध टैक्सी स्टैंड के खिलाफ कई बार लोगों ने शिकायत की आमरण अनशन भी किया लेकिन राजनीतिक संरक्षण के चलते उनकी आवाज दबा दी गयी। जनपद मुख्यालय के रामसेवक, राहुल, अहिरवार, हल्के सिंह इत्यादि लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि अवैध टैक्सी स्टैंड होने के कारण कई बार तो जाम की स्थिति इतनी ज्यादा बन गई की एंबुलेंस को निकालने में भी भारी समस्या का सामना करना पड़ा ट्रैफिक पुलिस कर्मी भी खड़े होकर वहां तमाशा देखते रहते हैं।

## एक के खिलाफ गैंगस्टर तथा 13 के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्यवाही

### पुलिस ने 68 लोगों पर लगाया मिनी गुंडा एक्ट

सुमेरपुर।लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ सघन कार्रवाई चलाकर 13 लोगों के खिलाफ गुंडा एक्ट तथा 68 लोगों के खिलाफ मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई के साथ एक के खिलाफ गैंगस्टर लगाया है।थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर थाना क्षेत्र के 13 लोगों के खिलाफ गुंडा एक्ट तथा 68 लोगों के खिलाफ मिनी गुंडा एक्ट की कार्यवाही की गई है।एक अपराधी के खिलाफ गैंगस्टर लगाया गया है।इसके अलावा पांच लोगों को अवैध तमंचा तथा 26 लोगों को अवैध शराब बनाने व बिक्री करने पर पकड़कर कार्रवाई की गई है।इसके अलावा 470 लोगों को पाबंद किया गया है।पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों में हडकंप मच गया है।

दैनिक सिद्धि सरकार के लिए स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अखिलेश कुमार द्वारा परशुराम एसोसिएट एंड कानन ड्रीम प्रोडेक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी नहर रोड, आजादपुरा ललितपुर (उ.प्र.) से छपवाकर 91 मसौरा खुर्द ललितपुर (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक अखिलेश कुमार। Email : siddhisarkar94@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र ललितपुर होगा। मो. 9793444829, 9044133894